अधिकतम :18° C
न्यूनतम: 13° C
सेंसेक्स 74,612.43
निफ्टी 22,545.05
सोना 88,155
चांदी 98,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 28 फरवरी 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 49 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2081 29 शाबान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## जीएसटी-सीमा शुल्क मामलों में सुप्रीम फैसला

### एफआईआर के बिना भी मिल सकती है अग्रिम जमानत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को फैसला सुनाया कि कर अधिकारियों द्वारा मनमानी गिरफ्तारी और जबरदस्ती संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है और निर्देश दिया कि अधिकारियों की प्रवर्तन कार्रवाई कानून की सीमा के भीतर रहनी चाहिए।

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिनियम और सीमा शुल्क अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तारी की शक्तियों को स्पष्ट करते हुए और एक ऐतिहासिक फैसले में मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि इन कर कानूनों के अंतर्गत अधिकारी पुलिस अधिकारियों का दर्जा नहीं रखते हैं और इस तर्क को खारिज कर दिया कि उन्हें ऐसा माना जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि आपराधिक प्रक्रिया संहिता (अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता) के अंतर्गत प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय इन कानूनों के अंतर्गत की गई गिरफ्तारियों पर समान रूप से लागू होंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि इसमें अग्रिम जमानत प्रावधान लागू होते हैं, जो लोगों को एफआईआर दर्ज होने से पहले ही न्यायपालिका से राहत मांगने की अनुमति प्रदान करते हैं। पीठ ने कहा कि जीएसटी और सीमा शुल्क कानूनों के अंतर्गत गिरफ्तारी सत्यापित सामग्री पर आधारित होनी चाहिए, न कि केवल संदेह के आधार पर। उसने कहा कि इन -शेष पृष्ठ दो पर

### भोपाल का जहरीला कचरा पीथमपुर में ही जलेगा

**नई दिल्ली।** भोपाल गैस त्रासदी से जुड़ी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत ने यूनियन कार्बाइड के खतरनाक अपशिष्ट के निपटान पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया। कोर्ट ने मध्य प्रदेश के पीथमपुर में खतरनाक अपशिष्ट के निपटान संबंधी गुरुवार के परीक्षण पर भी रोक लगाने से इन्कार कर दिया।

## राज्यों के समग्र विकास के लिए गांवों का विकास जरूरी: पुष्कर धामी

### 126 ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को सीएम ने सौंपे नियुक्ति पत्र



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** पंचायतीराज विभाग के अन्तर्गत 126 नवनियुक्त ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। पिछले साढ़े तीन सालों में राज्य में 20 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं में नौकरी प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री ने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन आपके जीवन में एक नया अध्याय लेकर आया है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि नव चयनित अभ्यर्थी लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई ग्राम पंचायत के अभिन्न अंग बनकर गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करेंगे। राज्य के समग्र विकास के लिए गांवों का विकास जरूरी है। गांवों के विकास में एक ग्राम पंचायत विकास अधिकारी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। इस कानून में सजा और जुर्माने के कठोर प्राविधान किए गए हैं। जब मेहनती और ईमानदार व्यक्ति अपनी लगन और मेहनत के दम पर कोई पद प्राप्त करता है, तो वह आम लोगों की पीड़ा और समस्याओं को समझकर ईमानदारी से अपना काम करता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के उद्देश्य से शहरों के साथ गांवों के विकास पर भी प्राथमिकता के साथ कार्य कर रही है। राज्य में सख्त भू-कानून के लिए विधानसभा में विधेयक पारित हो चुका है।

■ साढ़े तीन साल में 20 हजार से अधिक युवाओं को मिली सरकारी नौकरी

### दो वर्षों में सभी पंचायतों में होंगे कंप्यूटर: महाराज

पंचायती राज मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार द्वारा प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। जनवरी 2025 में समान नागरिक संहिता लागू कर उत्तराखंड यह कानून लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना है। पंचायतीराज विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों में अवस्थापना सुविधाओं के तहत पंचायत भवनों का निर्माण, अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कराए जा रहे हैं। विभाग द्वारा परिवार रजिस्टर, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनापत्ति प्रमाण पत्र ऑनलाइन निर्गत किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंचायतों में कम्प्यूटरीकरण का कार्य किया जा रहा है। आगामी दो वर्षों में सभी पंचायतों में कंप्यूटर स्थापित किए जाएंगे।



### यूएई में रमजान माह में सिर्फ तीन घंटे काम

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### अफगानिस्तान सेमीफाइनल में पहुंचने के इरादे से उतरेगा

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## सम्भल जामा मस्जिद की होगी रंगाई-पुताई!

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एएसआई से मांगी रिपोर्ट

प्रयागराज, वार्ता

**इलाहाबाद हाईकोर्ट** में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने कहा है कि संरक्षित स्थल होने के कारण वह सम्भल स्थित जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई की अनुमति नहीं दे सकता है। कोर्ट ने इस संबंध में अब एएसआई से रिपोर्ट मांगी है। वैसे कोर्ट ने कहा कि तीन सदस्यीय कमेटी की निगरानी में रंगाई-पुताई हो सकती है।

इसके लिए कोर्ट ने एएसआई और वैज्ञानिक के अलावा प्रशासन के एक अधिकारी की तीन सदस्यीय कमेटी बनाने को कहा है। तीन सदस्यीय कमेटी मस्जिद परिसर का निरीक्षण करेगी और यह तय करेगी कि किसी स्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचाए बिना रंगाई-पुताई कैसे की जाए। एएसआई तीन सदस्यीय कमेटी की रिपोर्ट शुक्रवार को प्रस्तुत करेगी। इस रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट शुक्रवार को यह तय करेगा कि कैसे बिना ढांचे को नुकसान पहुंचाए रंगाई-पुताई होगी। वैसे मंदिर पक्ष और एएसआई की तरफ से जामा मस्जिद की प्रबंध समिति की याचिका का विरोध किया गया। प्रबंध समिति ने रमजान का महीना शुरू होने से पहले रंगाई-पुताई व मरम्मत की अनुमति के लिए याचिका दायर की है। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने इस मामले में केंद्र व राज्य सरकार सहित एएसआई से जानकारी मांगी थी। प्रबंध समिति ने इससे पहले भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के समक्ष आवेदन दाखिल कर रमजान से पहले मस्जिद की रंगाई-पुताई व मरम्मत की अनुमति मांगी थी। इसे एएसआई ने खारिज कर दिया था। इससे पहले जामा मस्जिद में रंगाई पुताई की अनुमति न देने के संबंध में सनातन सेवक संघ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीदार को सौंपा था।

संघ का कहना है कि यह स्थल प्राचीन मंदिर था, जिसका लगातार स्वरूप बदलने का प्रयास किया गया है। अब भी रंगाई-पुताई कर इसे बदलने की कोशिश की जा रही है।



■ रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट तय करेगा कैसे बिना ढांचे को नुकसान पहुंचाए रंगाई-पुताई हो

■ मंदिर पक्ष और एएसआई ने जामा मस्जिद की प्रबंध समिति की याचिका का किया विरोध

### जामा मस्जिद का सर्वे करने पहुंची ASI की टीम

**सम्भल।** उच्च न्यायालय के आदेश पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम गुरुवार को जामा मस्जिद की पुताई और सजावट का सर्वे करने के लिए पहुंची। टीम ने मस्जिद की वास्तविकता का आकलन किया। इसके बाद तैयार रिपोर्ट न्यायालय में पेश की जाएगी। गौरतलब है कि जामा मस्जिद में हाल ही में हुई रंगाई-पुताई और सजावट को लेकर विवाद खड़ा हुआ था। इसके बाद मामला उच्च न्यायालय पहुंचा। न्यायालय ने इस पर संज्ञान लेते हुए एएसआई को जांच के निर्देश दिए थे। एएसआई की टीम ने मस्जिद के हर हिस्से की बारीकी से जांच की। अब इसकी रिपोर्ट उच्च न्यायालय में पेश की जाएगी।

### दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम का मिजाज

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में मौसम का मिजाज बदल गया है। आसमान में बादल छाए रहे। गुरुवार सुबह दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बूंदाबांदी देखी गई। बारिश के चलते अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। पिछले कई दिनों से दिल्ली एनसीआर में मौसम गर्म होने लगा था, ऐसे में गुरुवार को हुई बूंदाबांदी ने मौसम में ठंडक ला दी है। इससे पहले मौसम विभाग ने दिल्ली में गुरुवार को आसमान में बादल छाए रहने और गरज के साथ हल्की बारिश होने की आशंका जताई थी। इस दौरान 20-30 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने और अधिकतम तापमान 26 और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान जताया था। इसके चलते सुबह व शाम ठिठुरन बढ़ेगी। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में बदलाव आया है।

### 'आप' विधायकों ने विधानसभा के बाहर किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों ने विधानसभा परिसर में प्रवेश से रोकने के खिलाफ गुरुवार को परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने कहा कि भाजपा वालों ने सरकार में आते ही तानाशाही की हदें पर कर दी। 'जय भीम' के नारे लगाने के लिए तीन दिन के लिए आम आदमी पार्टी के विधायकों को सदन से निलंबित किया और गुरुवार को 'आप' विधायकों को विधान सभा परिसर में घुसने भी नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि ऐसा दिल्ली विधानसभा के इतिहास में कभी नहीं हुआ कि चुने हुए विधायकों को विधानसभा परिसर के अंदर नहीं घुसने दिया जा रहा। सुश्री आतिशी अपनी पार्टी के विधायकों के साथ धरने पर बैठ गई हैं और बैरिकेडिंग के पास प्रदर्शन किया।

### कैग की रिपोर्ट विधान सभा की लोक लेखा समिति को प्रेषित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी की आबकारी नीति से संबंधित नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) की रिपोर्ट को गुरुवार को लोक लेखा समिति (पीएसी) के पास भेज दिया। विधानसभा में कैग की रिपोर्ट पर हुई विस्तृत चर्चा के बाद श्री गुप्ता ने विपक्ष की अनुपस्थिति में इसे पीएसी के पास भेजने की घोषणा की।

## महाकुंभ में लगे सफाईकर्मियों को 10 हजार बोनस का ऐलान

**महाकुंभनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रयागराज महाकुंभ में कार्यरत रहे स्वच्छता कर्मियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को बड़ी सौगात देते हुए प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त बोनस के रूप में 10 हजार रुपये की धनराशि प्रदान करने का ऐलान किया।

मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मियों और स्वास्थ्य कर्मियों को उपहार के साथ ही स्वच्छ कुम्भ कोष से बीमा प्रमाण पत्र प्रदान किया और साथ ही मंच से ऐलान किया कि जो भी स्वच्छता कर्मी और स्वास्थ्यकर्मी महाकुंभ के महा आयोजन में सहभागी बने, उन्हें प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त बोनस के रूप में 10 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि अप्रैल से प्रदेश सरकार एक कॉर्पोरेशन का गठन करने जा रही है, -शेष पृष्ठ दो पर



यूपी में सफाईकर्मियों का वेतन हुआ 16000 प्रति माह


### योगी को भेंट किया गया तीन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र

**महाकुंभनगर।** मुख्यमंत्री योगी को मेला प्राधिकरण द्वारा बनाए गए तीन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र गुरुवार को भेंट किया गया। मुख्यमंत्री को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से मेला प्राधिकरण द्वारा स्थापित तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड्स का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इन तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में से पहला एक साथ सर्वाधिक लोगों (329) द्वारा एक ही समय में कई स्थलों पर नदी की सफाई, दूसरा एक साथ सर्वाधिक संख्या 19 हजार सफाईकर्मियों द्वारा सफाई अभियान चलाए जाने और तीसरा आठ घंटे तक सर्वाधिक 10 हजार 102 लोगों द्वारा हैंडप्रिंट बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड शामिल रहा।

## वक्फ बिल में 14 बदलावों को केंद्र की मंजूरी

### रिपोर्ट में दावा: 10 मार्च से होने वाले बजट सत्र में लाना संभव, विपक्ष जता चुका विरोध

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 19 फरवरी को हुई बैठक में बिल को कैबिनेट की रजामंदी मिल गई थी। संसद के बजट सत्र के दूसरे हिस्से में सरकार इसे पेश कर सकती है। बजट सत्र का दूसरा हिस्सा 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा। ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की रिपोर्ट के आधार पर वक्फ बिल का नया ड्राफ्ट तैयार किया गया है। इससे पहले बजट सत्र के पहले चरण में 13 फरवरी को वक्फ बिल पर जेपीसी की रिपोर्ट संसद में पेश हुई थी। विपक्ष ने रिपोर्ट को फर्जी बताया था। इसके बाद संसद में हंगामा भी हुआ था। 27 जनवरी को वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच कर रही जेपीसी ने ड्राफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी दी थी। जेपीसी की बैठक में 44 संशोधनों पर चर्चा हुई थी। भाजपा की अगुआई में एनडीए सांसदों के 14 संशोधनों को स्वीकार किया गया था, जबकि विपक्ष के संशोधनों को सिरे से खारिज कर दिया गया था। अगस्त 2024 में वक्फ बिल को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में पेश किया था। इसके बाद इसे जेपीसी के पास भेजा गया था। इसके बाद जेपीसी ने इस पर 655 पन्नों की रिपोर्ट दी थी। 13 फरवरी को राज्यसभा में भाजपा सांसद मेधा कुलकर्णी ने तो लोकसभा में जेपीसी चेयरमैन और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने इस रिपोर्ट को पेश किया। इसे लेकर दोनों सदनों में विपक्ष ने आपत्ति जताई। इनका आरोप है कि जेपीसी रिपोर्ट में उनकी असहमतियों को शामिल नहीं किया।





# ट्रम्प के सामने झुक रहे हैं मोदी: कांग्रेस

■ कांग्रेस के पूर्व सांसद अजय कुमार का आरोप

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी भले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'विश्वगुरु' के रूप में प्रचारित करते नहीं थक रही है, लेकिन सच यह है कि मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने पूरी तरह झुक जाते हैं और उनकी बात का प्रतिकार करने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाते हैं।

कांग्रेस के पूर्व सांसद अजय कुमार ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिन ट्रम्प को मोदी अपना मित्र कहते हुए नहीं थकते हैं वह उन्हें रिसीव करने हवाई अड्डे तक नहीं आए।हमने देखा है कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ट्रम्प को बातचीत के बीच में टोकते हुए यह बताते हैं कि आप गलत बोल रहे हैं मोदी के सामने ट्रम्प, भारत की बुराई करते रहे। भारत को टैरिफ वॉयलेटर बताते रहे, तब भी मोदी खामोश रहे जबकि मोदी इन्हीं डोनाल्ड ट्रम्प को अपना बेस्ट फ्रेंड बताते हैं, जो लगातार भारत को अपमानित करने का प्रयास करते रहते हैं। भजपा के लोग नरेन्द्र मोदी को 'विश्व गुरु' बताते नहीं थकते, लेकिन जब प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका के दौरे पर गए, तो राष्ट्रपति ट्रम्प प्रधानमंत्री मोदी को रिसीव करने तक नहीं आए।

कांग्रेस नेता ने कहा कि कमाल तो यह है कि मोदी जैसे ही अमेरिका दौरे से वापस आए, अमेरिका की तरफ से घोषणा की गई कि पाकिस्तान को करीब 3,000 करोड़ रुपए एफ-16 की मेंटिनेंस के लिए दिए जा रहे हैं, लेकिन हमारे विदेश मंत्रालय ने इसका कोई जवाब नहीं दिया। अमेरिका और पाकिस्तान की डील थी कि एफ-16 फाइटर जेट्स का इस्तेमाल सिर्फ आतंकवाद के खिलाफ होगा। जबकि हमारे सेना अधिकारियों द्वारा कई बार कहा जा चुका है कि पाकिस्तान ने एफ-16 फाइटर जेट्स का इस्तेमाल हमारे खिलाफ किया है, लेकिन मोदी सरकार खामोश रही। पहले भी अमेरिका ने कई बार नेहरू और इंदिरा के समय हम पर दबाव बनाया, लेकिन हम झुके नहीं, बल्कि देश के आत्मसम्मान और स्वाभिमान को और ऊंचा रखा।

उन्होंने कहा कि एलन मस्क ने एफ-35 को घटिया बताया है, लेकिन मोदी ने अभी तक एफ-35 की डील से इंकार नहीं किया है। मोदी सरकार ने ये भी नहीं कहा कि वो रक्षा विशेषज्ञों से चर्चा कर इस बारे में फैसला लेगी। एफ-35 इस देश के हित में नहीं है। इसके बारे में लगातार रिपोर्ट्स आई है कि इसकी डिजाइन और टेक्नॉलजी ठीक नहीं है। लेकिन ट्रम्प को खुश करने के लिए नरेन्द्र मोदी इस डील के लिए मना भी नहीं कर पा रहे हैं। डा. कुमार ने सवाल किया कि ट्रम्प ने पाकिस्तान को 350 मिलियन डॉलर की ग्रांट दी, तो मोदी सरकार ने विरोध क्यों नहीं किया।

## महिला सुरक्षा के मोदी-भाजपा के दावे खोखले: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को सुरक्षा देने के खोखले वादे करते हैं, लेकिन सच यह है कि भाजपा शासन में महिलाओं के साथ उत्पीड़न के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और उसकी सरकार महिलाओं के साथ हो रहे अपराध रोकने में विफल हो रही है।

कांग्रेस प्रवक्ता डा. अजय कुमार ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महाराष्ट्र के पुणे में सरकारी बस के अंदर महिला से बलात्कार की घिनौनी वारदात हुई है, लेकिन अपराधी को पुलिस पकड़ नहीं पा रही है। उन्होंने कहा कि इस घटना ने भजपा सरकार में महिला सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि आरोपी घटना के दो दिन बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

# महाकुंभ के लिए 16 हजार से ज्यादा ट्रेने चलीं

■ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी जानकारी

**महाकुंभनगर, वार्ता**





रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि महाकुंभ के अवसर पर प्रयागराज के लिये रेलवे ने 13 हजार ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई थी, लेकिन श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित संख्या को देखते हुए 16 हजार से अधिक ट्रेनों का सफल संचालन किया गया। वैष्णव ने गुरुवार को यहां रेलवे अधिकारियों से मुलाकात कर महाकुंभ के दौरान रेलवे की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का यह आयोजन भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह भव्य आयोजन संभव हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रमुख भूमिका रही। उन्होंने बिहार और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्रियों का भी आभार जताया, जिनके सहयोग से रेलवे ने बेहतर समन्वय स्थापित किया और श्रद्धालुओं को सुगम यात्रा की सुविधा दी। रेल मंत्री ने बताया कि प्रारंभ में रेलवे ने 13 हजार ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई थी, लेकिन श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित संख्या को देखते हुए 16 हजार से अधिक ट्रेनों का सफल संचालन किया गया। इस दौरान लगभग 4.5 से 5 करोड़ श्रद्धालु सुरक्षित रूप से महाकुंभ पहुंचे और संगम स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। रेलवे ने राज्य पुलिस, आरपीएफ, जीआरपी और रेपिड़ एक्शन फोर्स के साथ मिलकर अभूतपूर्व समन्वय स्थापित किया, जिससे यातायात और भीड़ प्रबंधन को प्रभावी बनाया जा सका। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार, श्रद्धालुओं को केवल भीड़ न समझकर उनकी श्रद्धा और भक्ति को प्राथमिकता दी गई। इसी दृष्टिकोण से रेलवे ने कई नवाचार किए, जिनमें खुशरोबाग, झूंसी, नैनी, छिवकी, प्रयाग जंक्शन और प्रयागराज जंक्शन में बड़े होर्डिंग एरिया विकसित किए गए। महाकुंभ के 45 दिनों के इस महा आयोजन में रेलवे के विभिन्न विभागों ने अत्यंत समन्वित रूप से कार्य किया और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने दी गई। रेल मंत्री ने कहा कि इस महाकुंभ से मिली सीख को रेलवे मैनुअल में स्थायी रूप से शामिल किया जाएगा, ताकि भविष्य में अन्य बड़े आयोजनों में इसका लाभ उठाया जा सके। उन्होंने कहा कि रेलवे इस ऐतिहासिक अनुभव के आधार पर अपने भीड़ प्रबंधन और यात्री सुविधाओं में नए सुधार लाएगा, जिससे देशभर में यात्रियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### रक्षा मंत्रालय की हिन्दी पत्रिका 'सशक्त भारत' का विमोचन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को यहां रक्षा मंत्रालय की द्विवार्षिक हिंदी पत्रिका 'सशक्त भारत' के प्रथम संस्करण का विमोचन किया। इस पत्रिका में सशस्त्र बलों के कर्मियों की वीरता, देशभक्ति तथा बलिदान पर कविताएं और मंत्रालय के कर्मियों द्वारा लिखे गए सरकार की नीतियों पर लेख शामिल हैं। रक्षा मंत्री ने लहदी को बढ़ावा देने के लिए राजभाषा विभाग के रक्षा मंत्रालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने हिंदी को अपनाने और इसके प्रयोग को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा भाषा को भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने को जोड़ने वाला सूत्र बताया।

### हरियाणा के मुख्यमंत्री ने की मोदी से मुलाकात

**नई दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जोरदार जीत पर बधाई दी। सूत्रों के अनुसार करीब आधे घंटे तक चली मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने हरियाणा में विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की। सैनी ने हरियाणा के आधारभूत विकास और भविष्य की परियोजनाओं पर भी प्रधानमंत्री मोदी को जानकारी दी। उन्होंने हरियाणा में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही परियोजनाओं और उनके क्रियान्वयन के बारे में भी मोदी को रिपोर्ट दी।

### भाजपा की जमानत जब्त कराएंगे: ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जमानत जब्त करवा देंगे और हम 215 से ज्यादा सीटें जीतेंगे। 294 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए ममता बनर्जी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस भाजपा की सीटों की संख्या को पश्चिम बंगाल में कम करने की पूरी कोशिश करेगी। 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 77 सीटें मिली थीं। टीएमसी पार्टी की एक बैठक को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि हम अगले बंगाल विधानसभा चुनावों में 294 में से 215 से ज्यादा सीटें जीतेंगे।

## दो-तीन मंत्रियों की छुट्टी होगी, तीन-चार नए चेहरे शामिल होंगे

# यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार का फार्मूला तय

**लखनऊ, वार्ता**



■ अगले आठ-दस दिनों में विस्तार होने की पूरी संभावना, प्रदेश स्तर से लिया जा चुका है फीडबैक

उप्र के योगी मंत्रिमंडल की बहुप्रतीक्षित विस्तार जल्द ही होने जा रहा है। महाकुंभ और विधासभा का सत्र पूरा होते ही इस दिशा में काम तेज होगा। सूत्रों के अनुसार यूपी में मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर पार्टी हाईकमान ने अपना होमवर्क पूरा कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक दो-तीन मंत्रियों की जहां छुट्टी होगी, वहीं तीन-चार नए चेहरे शामिल होंगे। लंबे समय से पार्टी के लिए काम कर रहे नेताओं को होली का तोहफा देने की तैयारी है।

राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक कुछ मंत्रियों के विभागों में बदलाव होगा। जिनके विभाग में भ्रष्टाचार की शिकायतें मिली हैं या मंत्रियों की परफॉर्मेंस ठीक नहीं है, उन्हें हटाया जाएगा। अहम विभाग के साथ पश्चिम के भी दो चेहरे मंत्रिमंडल में शामिल हो सकते हैं। वहीं विस्तार में 75 वर्ष की आयु सीमा का भी ध्यान रखा जाएगा। सूत्र बताते हैं कि प्रदेश स्तर से इस संबंध में फीडबैक लिया जा चुका है। अगले 8-10 दिनों में विस्तार होने की पूरी संभावना है। प्रदेश में भाजपा के जिलाध्यक्षों की सूची जल्द ही जारी होगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बीते दिनों कहा था कि दिल्ली विधानसभा चुनाव और महाकुंभ के आयोजन की वजह से ही प्रक्रिया कुछ धीमी हो गई थी। अब सूची जारी होने में अब कहीं कोई पेंच नहीं है। बीते दिनों जिलाध्यक्षों की सूची जारी होने में हो रही देरी से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा था कि सूची जारी होने में जो भी बिंदू सामने आए थे, सभी का निस्तारण हो गया है। भाजपा का संगठन सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी है।

समाज के सभी वर्गों में हमारा प्रतिनिधित्व है। उन्होंने कहा कि हमारा ही एक ऐसा संगठन है, जिसमें महिलाओं और अनुसूचित जाति समेत सभी वर्गों के लिए काम करने के समान अवसर दिए गए हैं और आगे भी इसका ख्याल रखा जाएगा।

## महाकुंभ से 3 लाख करोड़ से ज्यादा की कमाई

**लखनऊ।** यूपी 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के अपने लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में प्रयागराज में महाशिवरात्रि पर संपन्न हुए महाकुंभ मेले-2025 ने राज्य की अर्थव्यवस्था में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का योगदान दिया है। 13 जनवरी को शुरू हुए महाकुंभ के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पर शेयर किया कि इस उत्सव के दौरान प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर पवित्र स्नान में 66.21 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उद्योग जगत के लीडर्स के अनुसार, इस भव्य उत्सव से वस्तुओं और सेवाओं के माध्यम से 3 लाख करोड़ रुपये (लगभग 360 बिलियन डॉलर) से अधिक का कारोबार होने का अनुमान है, जो महाकुंभ का नाम देश के सबसे बड़े आर्थिक आयोजनों की लिस्ट में जोड़ता है।

## योगी ने संगम तट पर किया स्वच्छता अभियान का शुभारंभ

**महाकुम्भ नगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह संगम तट पर पहुंच कर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। योगी महाकुम्भ 2025 की औपचारिक पूर्णाहुति के लिए प्रयागराज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने महाकुम्भ नगर के अरैल घाट पर सफाईकर्मियों के साथ मिलकर घाट की सफाई की और गंगा तट पर स्नानार्थियों द्वारा छोड़ी गए वस्त्र आदि को साफ करने में अपने मंत्रियों के साथ श्रमदान किया। जल में मौजूद छोड़े गए वस्त्रों को निकालकर महाकुम्भ के उपरांत पूरे मेला क्षेत्र की स्वच्छता के लिए अभियान का शुभारंभ किया।

सफाई कार्य के बाद मुख्यमंत्री अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ फ्लोटिंग जेटी के जरिए संगम के लिए रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने जेटी से साइबेरियन पक्षियों को दाना खिलाया। संगम पहुंचकर योगी ने मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य रूप में मौजूद मां सरस्वती का विधिवत पूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने मंत्रिगणों के साथ मां गंगा का दुग्धाभिषेक कर विधि-विधान से मां की आरती उतारी और लोक कल्याण की कामना की। योगी ने संगम स्नान को आए श्रद्धालुओं का भी अभिवादन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के अलावा कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, राकेश सचान, नंद गोपाल गुप्ता नंदी, अनिल राजभर, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, डीजीपी प्रशांत कुमार और प्रमुख सचिव गृह एवं सूचना संजय प्रसाद सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# राज्यों के साथ पारदर्शी संवाद की जरूरत: निर्मला

**नई दिल्ली।**



■ एक शिखर सम्मेलन में बोलीं वित्त मंत्री

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को भारत के आर्थिक ढांचे को मजबूत करने के लिए राज्यों के साथ पारदर्शी और सहयोगात्मक संवाद की आवश्यकता पर जोरदेते हुये कहा कि राज्यों के साथ ईमानदारी से बातचीत होनी चाहिए।

सीतारमण ने यहां एक शिखर सम्मेलन में कहा कि राज्यों के साथ ईमानदारी से बातचीत होनी चाहिए। आपको लगता है कि संस्थागत व्यवस्था से आपको वांछित परिणाम मिलेंगे, लेकिन जीएसटी परिषद की स्थापना में भी प्रयास गहन और निरंतर थे। मुझे लगता है कि राज्यों के साथ बातचीत पहले होनी चाहिए।ह उन्होंने स्पष्टता और सहयोग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जैसे जेंडर के सवाल का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। उसी तरह से पैसे या कर हस्तांतरण कैसे होता है, इस बारे में जनता को गलत जानकारी देने का कोई भी प्रयास राष्ट्र के लिए नुकसानदेह है, क्योंकि कर्म भविष्य की पीढ़ियों पर बोझ है। फायरसाइड चैट के दौरान इस बारे में पूछे जाने पर कि क्या संस्थागत ढांचा राज्यों के बीच राजकोषीय असमानताओं को दूर कर सकता है, सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद जैसी संरचनाओं के लिए निरंतर प्रयास की आवश्यकता है, लेकिन इसकी नींव वास्तविक राज्य-स्तरीय भागीदारी पर आधारित होनी चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या संरचनात्मक मुद्दों को दूर करने के लिए अतिरिक्त नीतिगत उपायों की आवश्यकता है, उन्होंने कहा कि इस स्तर पर नहीं।

हमने जिन सुधार उपायों की घोषणा की है, उन्हें अभी कुछ और करना है। आयकर विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद हमें तेजी से आगे बढ़ना होगा। हमें एक अप्रैल के बाद तेज गति से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने निर्यात संवर्धन, करदाता सम्मान, आयकर सरलीकरण और सीमा शुल्क में चल रहे सुधारों पर प्रकाश डाला और इनके क्रियान्वयन में विश्वास व्यक्त किया।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली के चलते शेयर बाजार सपाट रहा

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की यूरोपीय संघ से आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी के बावजूद एनवीडिया के अपेक्षित परिणामों से विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर बिकवाली से आज शेयर बाजार सपाट बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 10.31 अंक की मामूली बढ़त से 74,612.43 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 2.50 अंक फिसलकर 22,545.05 अंक पर सपाट रहा। बीएसई का मिडकैप 0.97 प्रतिशत की गिरावट लेकर 39,445.69 अंक और स्मॉलकैप 2.09 प्रतिशत का गोता लगाकर 44,111.64 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4072 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3030 में बिकवाली जबकि 943 लिवाली हुई, वहीं 99 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियों में गिरावट जबकि 19 में तेजी रही। बीएसई में दूरसंचार, वित्तीय सेवाएं और धातु में 0.70 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 18 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.86, सीडी 1.34, ऊर्जा 0.29, एफएमसीजी 0.81, हेल्थकेयर 0.72, इंडस्ट्रियल्स 2.47, आईटी 0.63, यूटिलिटीज 1.18, ऑटो 1.57, बैंलकग 0.09, कैपिटल गुड्स 1.58, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.83, तेल एवं गैस 0.60, पावर 1.80, रियल्टी 2.06, टेक 0.28, सर्विसेज 0.69 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.51 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.20, जापान का निक्केई 0.30 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.23 प्रतिशत मजबूत रहा, जबकि जर्मनी का डैक्स 0.93 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.29 प्रतिशत गिर गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 104 अंक की तेजी के साथ 74,706.60 अंक पर खुला और दमदारी लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 74,834.09 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 74,520.78 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 74,602.12 अंक के मुकाबले 0.01 बढ़कर 74,612.43 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी 22 अंक उठकर 22,568.95 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,613.30 अंक के उच्चतम जबकि 22,508.40 अंक के निचले स्तर पर रहा।

## कोयला खान नीलामी पर शुक्रवार को मुम्बई में होगा रोड शो

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय कोयला क्षेत्र में निवेश के अवसरों और कोयले के व्यावसायिक खनन के लिए प्रस्वावित नीलामी पर रखे जाने वाले कोयला-प्रखण्डों की संभावित निवेशकों को जानकारी देने के लिए आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के तहत शुक्रवार को मुंबई में एक रोड शो आयोजित करने जा रहा है। मुंबई के ताज महल पैलेस में आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री किशन रेड्डी मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर मंत्रालय के सचिव विक्रम देव दत्त, अपर सचिव रूपिंदर बरार और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी वहां रहेंगे। इस कार्यक्रम में कोयला खनन, तकनीकी प्रगति, सर्वोत्तम और दीर्घकालीन प्रथाओं में उभरती संभावनाओं का पता लगाने के लिए प्रमुख हितधारक, अग्रणी उद्यमी और निवेशक शामिल होंगे।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे

विदेशी बाजारों की गिरावट के असर से गुरुवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 34 रिंगिट टूटकर 4694 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.03 सेंट की गिरावट के साथ 45.56 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5950-6050, दाल चना 6950- 7050, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7850-7950 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपये और चावल : 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़:** चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 16116 रुपये, मूंगफली तेल 18462 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये, सोया रिफाइंड 15751 रुपये, पाम ऑयल 13553 रुपये और वनस्पति तेल 16336 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**जीएसटी-सीमा....**

कानूनों के अंतर्गत अधिकारी पुलिस अधिकारी नहीं होते हैं और समान शक्तियों का प्रयोग नहीं कर सकते हैं। गिरफ्तारी पर जीएसटी विभाग द्वारा जारी किए गए परिपत्रों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। अदालत ने निर्देश दिया कि कर भुगतान में दबाव के आरोपों को गंभीरता से लेना चाहिए, प्रभावित व्यक्ति न्याय के लिए अदालत जा सकते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि गिरफ्तारी प्रावधानों में अस्पष्टता के कारण नागरिकों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए और इस बात पर बल दिया कि जीएसटी अधिनियम के अंतर्गत कोई निजी शिकायत नहीं हो सकती। शीर्ष अदालत ने अरविंद केजरीवाल मामले से इस सिद्धांत को लागू किया, जहां धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के अंतर्गत गिरफ्तारी के लिए विश्वास करने का कारण होना आवश्यक है। उसने यह निर्णय दिया कि जीएसटी और सीमा शुल्क की गिरफ्तारी पर भी यही सिद्धांत लागू होता है, क्योंकि संबंधित कानूनी प्रावधान लगभग समान हैं। मुख्य न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हमने माना है कि दीपल महाजन का मामला अलग था और हमने अरविंद केजरीवाल मामले का हवाला दिया है। सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 132 और 104, जब अपराधों को संज्ञेय और जमानती के रूप में निर्दिष्ट करती है, तो इसके बजाय इसे गैर-संज्ञेय और गैर-जमानती माना जाना चाहिए। हमने देखा है कि कर भुगतान में जबरदस्ती के आरोपों में कुछ दम है और ऐसी प्रथाओं की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति त्रिवेदी ने अपने सहमति वाले फैसले में, अनुच्छेद 226 के अंतर्गत न्यायिक समीक्षा की शक्तियों को संबोधित किया, कर-संबंधी गिरफ्तारियों में संवैधानिक सुरक्षा उपायों को बनाए रखने पर अदालत के रुख की पुष्टि की। यह निर्णय जीएसटी और सीमा शुल्क अधिनियमों के दंडात्मक प्रावधानों को चुनौती देने वाली 279 याचिकाओं के जवाब में दिया गया। अदालत का फैसला आरोपी व्यक्तियों के लिए कानूनी सुरक्षा को बहुत मजबूत करता है। शीर्ष अदालत ने इस बात पर बल दिया कि कर अधिकारियों द्वारा मनमानी गिरफ्तारी और जबरदस्ती संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करती है, यह सुनिश्चित किया कि प्रवर्तन कार्रवाई कानून की सीमा के अंदर होनी चाहिए। आगे की कार्यवाही के लिए मामले को 17 मार्च के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

**महाकुंभ में लगे...**

जिसके माध्यम से हर स्वच्छता कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी और उन सभी कर्मियों को जिन्हें न्यूनतम मानदेय नहीं मिल पाता था, उन्हें सरकार 16 हजार रुपये प्रतिमाह प्रदान करेगी। यह धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में भेजी जाएगी। इसके साथ ही यह भी कहा कि हर स्वच्छता कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी को आयुष्मान भारत या मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से पांच लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा से भी जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित हुए इस भव्य और दिव्य आयोजन के बाद आज आप सभी का अभिनंदन करने के लिए पूरी प्रदेश सरकार आपके बीच में है। इस आयोजन को भव्य और दिव्य बनाने में स्वच्छता और स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष योगदान है।

हमारी सरकार आपसे वादा करती है कि आपके वेलफेयर के लिए हम आगे भी लगातार काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि टीम भावना के साथ जब कोई कार्य होता है, तो उसके परिणाम ऐसे ही होते हैं, जैसे प्रयागराज महाकुंभ में आज हमको देखने को मिल रहे हैं। आज आप सबने साबित कर दिया कि अगर थोड़ी भी इच्छा शक्ति हो और सही सपोर्ट मिले, तो परिणाम कुछ भी लाया जा सकता है। सीएम योगी ने सभी स्वच्छता कर्मियों से अपील की कि स्वच्छता कार्यक्रम को अब नए सिरे से प्रस्तुत करना है। स्वच्छता का विशेष अभियान चलाना होगा। आज हमने इसकी शुरुआत की है। अब सभी अधिकारी, कर्मचारी भी इस अभियान में जुटें। मां गंगा के प्रति हमारी कृतज्ञता ज्ञापित होनी चाहिए।

योगी ने कहा कि आपको सम्मानित करते हुए और आपके साथ सहभोज में हिस्सा बनते हुए हमारा मंत्रिमंडल अभिभूत है। मुख्यमंत्री योगी ने महाकुम्भ में नाविकों के योगदान की सराहना करते हुए उनके लिए कई बड़ी घोषणाएं की, वहीं महाकुम्भ में रोडवेज की बसों के संचालन से जुड़े चालकों के लिए 10 हजार रुपये अतिरिक्त बोनस का ऐलान किया। योगी ने कहा कि नाव चालकों को सरकार विशेष सुविधाएं देगी, जिसके तहत पहले नाविकों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इसके बाद नाव के लिए पैसा और पांच लाख रुपये तक बीमा कवर की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। त्रिवेणी संकुल में नाविकों से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ के भव्य, दिव्य व सफल आयोजन में नाविकों के योगदान की सराहना की और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा। महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

# भाकियू ने कोतवाली पर डाला डेरा

## छात्रों के साथ धरना देने वाले पदाधिकारी को जबरन उठाने पर भड़के किसान

**■ अन्य समस्याओं पर 72 घंटे तक धरना जारी रखने का ऐलान**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भारतीय किसान यूनियन संगठन ने खाकी की कार्रवाई के खिलाफ कोतवाली पर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन कर पुलिस के खिलाफ जमकर नारे बाजी करते हुय हंगामा काटा। भाकियू पदाधिकारियो ने 72 घण्टे तक किसी भी अधिकारी से वार्ता न करने की घोषणा करते हुय चार मार्च को कोतवाली में राकेश टिकैत के निर्देशन में महापंचायत का एलान किया।

भारतीय किसान यूनियन संगठन के दर्जनों पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओं ने कोतवाली परिसर में पहुँच धरना प्रदर्शन करते हुय खतौली कोतवाल की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुय कोतवाल ब्रजेश कुमार शर्मा द्वारा विगत चार दिन पूर्व कस्बे में कस्बे के जीटी रोड पर स्कूल की छात्राओं के साथ जाम लगाते हुय धरना दे रहे भाकियू नेता शिवा अहलावत को जबरन जीटी रोड से उठाने के विरोध में भाकियू संगठन के पदाधिकारियो ने कोतवाली पर धरना प्रदर्शन किया। भाकियू नेताओं ने कोतवाल पर भाकियू कार्यकर्ता के साथ अभद्रता करने का आरोप लगाया। बता दे कि विगत चार दिन पूर्व बोर्ड परीक्षा के दौरान छात्राओं को गलत प्रश्न देने को लेकर भाकियू नेताओं, स्कूल संस्थापक के साथ छात्राओं के साथ विरोध प्रदर्शन करते हुय कस्बे के कबूल कन्या इंटर कॉलिज के सामने जीटी रोड पर बैठक कर जाम लगा दिया दिया।

जाम लगने की सूचना के बाद मौके पर पहुँचे कोतवाल ब्रजेश कुमार शर्मा ने किसान नेताओं और शिक्षक व छात्राओं जीटी रोड पर धरना न देने की बात कही थी जिसके बाद भाकियू नेताओं और पुलिस के बीच तीखी नोक झोंक हुई थी। इसी बीच कोतवाल ने भाकियू नेता को चेतावनी देते हुय उसे पकड़ कर जबरन उठाते हुय जीटी रोड से हटाकर जाम खुलवाया था। इसी के विरोध के चलते किसान नेताओं ने कोतवाली का घेराव कर कोतवाल का स्थानान्तरण करने की मांग की साथ कि किसान नेताओं ने बिजली और चोरी की घटनाओं को लेकर भी अपनी मांग उठाई। सीओ रामा आशीष ने कोतवाली में पहुँच भाकियू पदाधिकारियो से वार्ता कर धरना समाप्त करने की अपील की लेकिन भाकियू नेताओं ने 72 घण्टे बाद धरना चलने की बात कहते हुय जंगल और लठ राज न चलने देने की चेतावनी दी।

यहां ज़िला अध्यक्ष नवीन राठी,युवा जिलाअध्यक्ष नरेश पुंडीर, नीरज पहलवान, कपिल सोम, सत्येंद्र चौधरी, कपिल मोतला, अंकुश प्रधान, राहुल अहलावत, अंकुश प्रधान, मनोज डारेक्टर, युवा जिलाध्यक्ष नरेश पुंडीर, बिल्लू भैंसी संजय अहलावत, बालिनदर, पवन बीर , मुजम्मिल राणा, राकेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

## सगाई लेकर आए तो जान से जाओगे

**भोपा।** गांव करहेड़ा निवासी शाहिद ने थाने पर पहुंचकर बताया कि उसने अपनी दो भतीजी का रिश्ता क्षेत्र के ही गांव रहकड़ा में तय किया हुआ है। पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार को युवतियों के परिजनों को सगाई की रस्म पूरी करने के लिए रहकड़ा जाना है।परिवार सगाई की तैयारियो में जुटा हुआ था तभी गुरुवार की सुबह रहकड़ा निवासी एक आरोपी ने उसके मोबाइल पर फोन किया और गाली गलौच करते हुए सगाई लेकर गांव में आने से मना की व अपनी दोनो भतीजी की शादी गांव में करने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। फोन कॉल को सुनने के बाद पूरा परिवार दहशत में आ गया और रहकड़ा पहुंचकर आरोपी से बातचीत कर समझाने का प्रयास किया। जिसपर आरोपी ने गाली गलौच करते हुए फिर अपनी धमकी को दो. हराया। खौफ़जदा पीड़ितो ने सगाई कार्यक्रम मे अनहोनी की आशंका बताते हुए जान का खतरा जताया है। शाहिद अहमद ने थाने पर तहरीर देकर पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# ससुराल वालों को बंधक बनाकर पीटा

## शादी के बाद तलाक देने के मामले में दो पक्षों के बीच विवाद

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शादी में लड़की और लड़के वालों के बीच तलाक देने को लेकर हुए विवाद के बाद समझौता करने के बहाने बुलाने के बाद सासुराल के लोगों को कमरे में बंधक बनाने के बाद उनकी जमकर पिटाई करते हुय एक युवक की छाती पर बैठ कर उसकी जीभ खिंचने के बाद चाकू से काटने का प्रयास किया। किसी प्रकार लड़के पक्ष के लोग अपनी जान बचाकर भागे।

पीड़ितों ने कोतवाली पर पहुँच लड़की पक्ष के हमलावरो के खिलाफ तहरीर देते हुय कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस घटना को लेकर लड़के पक्ष के लोगों में दहशत का माहौल बना रहा।

रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव रायपुर नंगली निवासी मोमिन की शादी लगभग तीन साल पहले खतौली बुढाना मार्ग निवासी युवती से हुई थी। शादी के बाद दोनों के बीच विवाद खड़ा हो गया। इसी बीच लड़की पक्ष ने लड़के पक्ष के पर तलाक देने का आरोप लगा दिया। जिसके बाद दोनों में बड़ा विवाद खड़ा हो गया। बुधबार को पीड़ित लड़के पक्ष के मोसिन ने कोतवाली पर लड़की पक्ष के खिलाफ तहरीर देते हुय लड़की पक्ष पर समझौते की बात कहते हुय अपने घर बुलाया जिसके बाद लड़के पक्ष के लगभग दस लोग लड़की के घर पहुँचे जहाँ लड़की पक्ष के लोगों ने उन्हें बंधक बनाकर उनकी लाठी डंडों और लात घुसो से जमकर पिटाई की और लड़के मोमिन के भाई की छाती पर बैठ कर उसे यातनाएं देते हुय उसकी जीभ खिंचकर कर चाकू से जीभ काटने का प्रयास किया। जहां उसकी हालत खराब हो गई थी। वही मारपीट में अन्य लोग शहनवाज, मोनू, दानिश, मोसिन भी गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष मोसिन ने कोतवाली पर पहुँच लड़की पक्ष के हमलावरों के खिलाफ तहरीर देते हुय उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

# महाशिवरात्रि पर्व पर भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर भव्य भजन संध्या एवं शिव विवाह नृत्य नाटिका का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व पुलिस उपमहानिरीक्षक/एसएसपी मुजफ्फरनगर अभिषेक सिंह, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, प्रमुख उद्योगपति भीमसैन कंसल, शिवमूर्ति संचालक मण्डल अध्यक्ष शंकर स्वरूप, अभिनव स्वरूप द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। दीप प्रज्वल्लन के उपरान्त के उपरान्त रमेश केस्टो सांस्कृतिक ग्रुप के बैनर तले कलाकारो ने श्रीगणेश वन्दना व सरस्वती वन्दना की प्रस्तुति दी। इसके बाद प्रसिद्ध भजन गायक नरेश शुभम द्वारा हे शम्भू बाबा मेरे भोले नाथ, विष पीने का शौक नही, अगर सच्चे हिन्दू हो तो भगवान नचाना बंद करो आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओ को झुमने पर मजबूर कर दिया। वही वृंदावन से पधारे कलाक. ारो द्वारा राधा कृष्ण रासलीला एवं लोकनृत्य प्रस्तुत किये।

दिल्ली से आये कलाकारो द्वार शिव विवाह नृत्य नाटिका की मनमो. हक प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। शिव विवाह नृत्य नाटिका देख सभी श्रद्धालुओ हर हर बम बम के जयघोष से सम्पूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया। टी-सीरीज भजन गायिका तनु कश्यप द्वारा सुनले मां सदाएं, भोले की बारात चली, भोला नाचे मेरा शमशान में, सत्यम शिवम सुन्दरम आदि भजनो की प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओ को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। वही भजन गायक अनुज वर्मा ने डम डम शिव का डमरू बाजे, जय शिव शंकर आदि भजनो से वातावरण को शिवमय कर दिया। गायक रवि बोकाडिया ने एक से बढकर एक सुन्दर भजनो की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर मोनू जटाधारी, मेघा, दीपक, पारस ने शिव तांडव, मां काली की नाटिका आदि की मनमो. हक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में राघव व लक्ष्मीनाराण आदि ने सभी कलाकारो को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध हास्य कलाकार रमेश केस्टो द्वारा किया गया।



खतौली: कोतवाली में धरने पर बैठे भाकियू के पदाधिकारी व क्षेत्र के किसान।

# आचार संहिता के उल्लंघन में बचाव पक्ष ने की बहस

**■ कोर्ट ने एक मार्च की तिथि नियत की**

**मुजफ्फरनगर।**आचार संहिता उल्लंघन के मामले में बचाव पक्ष ने अपनी बहस की। कोर्ट ने इस मामले में बहस को जारी रखते हुए एक मार्च की तिथि नियत की है। वर्ष 2004 में लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर पूर्व मंत्री, सईदुज्जमा ने लोकसभा चुनाव लड़ा था। उनके समर्थन में शहर कोतवाली क्षेत्र के फक्करशाह चौक पर बगैर अनुमति के जनसभा आयोजित की गयी थी। बगैर अनुमति के जनसभा करने पर पुलिस की तरफ से पूर्व मंत्री सईदुज्जमा, पूर्व सांसद कादिर राणा के साथ सादिक कुरैशी, शनीन काला अहंसान कुरैशी व हाजी सलीम के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज कराया गया था। मामले में अहसान कुरैशी की मौत हो चुकी है। इस मामले की सुनवाई एमपीएमएलए कोर्ट के न्यायाधीश देवेन्द्र फौजदार की कोर्ट में चल रही है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता नकली सिंह त्यागी ने बताया कि मामले में कोर्ट में बहस की गयी।

# साझेदारी के नाम पर ग्रामीण से धोखाधड़ी

**भोपा।** थानाक्षेत्र के गांव सिकंद. रपुर निवासी एक व्यक्ति ने रियल एस्टेट, होटल और खनन व्यवसाय से जुड़े लोगों पर साझेदारी के नाम पर उसके साथ धोखाधड़ी करने और अपने पैसे वापिस मांगने पर आरोपियों द्वारा उसे जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

भोपा थानाक्षेत्र के गांव सिकंद. रपुर निवासी मोहित कुमार ने एसएसपी को तहरीर देकर बताया कि वह अपने गांव के ही अमजद खान और दिलबाग राय अंसारी के साथ वर्षो से प्रॉपर्टी का काम करते हैं। पीड़ित ने बताया कि करीब दो साल पहले मो. मेराज निवासी बुलंदशहर ने उनकी मुलाकात सरफराज, अतुल कुमार राघव निवास. ीगण हाथरस और अशोक कुमार राघव निवासी दिल्ली से कराई थी। आरोप है कि इन लोगों ने खुद को ज्ञम्म ज्ञम्म म्ट डवजवते च्अज. स्जक. नामक इलेक्ट्रिक स्कूटी निर्माण कंपनी का मालिक बताकर साझेदारी के लिए पीड़ित से करीब डेढ़ करोड़ रुपये बैंक खातों के माध्यम से निवेश करवा लिए। आरोपियों ने उसे कहा कि जुलाई 2024 तक फैक्ट्री शुरू हो जाएगी और सभी निवेशकों को उनके हिस्से का लाभ मिलेगा। पीड़ित का आरोप है कि आठ महीने बीतने के बावजूद फैक्ट्री का कोई काम शुरू नहीं हुआ। जब भी पीड़ित और उसके साथी पूछते, तो आरोपी टालमटोल करते और फोन काट देते। 21 अगस्त 2024 को गांव में हुई बैठक में आरोपियों ने एक महीने में पैसा लौटाने का वादा किया, लेकिन अब तक रकम वापस नहीं हुई।

# वसूली के लिए पालिका को कीर्ति भूषण की तलाश

**■ रिटायर्ड लिपिक पर 29.22 लाख का बकाया**

**मुजफ्फरनगर।** भले ही नगरपालिका प्रशासन ने हाईकोर्ट का सहारा लेकर कोर्ट के आदेश पर 21 साल से पालिका मुख्यालय टाउन हाल परिसर में सरकारी क्वार्टर में अवैध रूप से रह रहे रिटायर्ड लिपिक कीर्ति भूषण से अपना भवन खाली करा लिया हो, लेकिन अब कीर्ति भूषण पर किराया राशि के रूप में बकाया रकम की वसूली पालिका प्रशासन के सिर दर्द बनी है। पालिका के अधिकारियों की धड़कने इसलिए भी बढ़ी हुई नज़र आ रही हैं कि इस राजस्व वसूली को लेकर भी पालिका की ओर से हाईकोर्ट में जवाब दाखिल किया जाना है। पालिका के कर विभाग के रिकॉर्ड में कीर्ति भूषण का नया पता ही दर्ज नहीं है यही कारण है कि लाख प्रयासों के बावजूद भी पालिका प्रशासन लापता कीर्ति भूषण को तलाशने में आज तक नाकाम नजर आ रहा है। ऐसे में पालिका की ओर से बकाया राशि की वसूली के लिए की जाने वाली रिकवरी की कार्यवाही भी अधर में लटकी है। पालिका के कर्मचारियों में उनका पता बताने वाले को ईनाम देने जैसी बात को लेकर भी चर्चा के साथ ये मामला हंसी का पात्र बना हुआ है और हर विभाग के कर्मचारी दिनभर इसे लेकर खूब चर्चा में नज़र आ रहे हैं।

दरअसल नगरपालिका में कीर्ति भूषण स्टेनो के पद पर रहे हैं उनका अपने कार्यकाल में बड़ा भारी प्रभाव था इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि साल 2003 में वो रिटायर्ड हुए तो भी पालिका प्रशासन उनसे आवास खाली नहीं कर पाया। वो रिटायर्ड होने के बाद भी टाउन हाल परिसर में बने पालिका के क्वार्टर में परिवार के साथ रहते रहे, लेकिन कभी इसके लिए उन्होंने निर्धारित किराया पालिका को नहीं चुकाया। इतना ही नहीं पेंशन और अन्य देयकों का निर्धारण और भुगतान नहीं किये जाने के आरोप लगाते हुए साल 2018 में पालिका प्रशासन के खिलाफ कीर्ति भूषण ने हाईकोर्ट इलाहाबाद में याचिका दायर कर दी, हालांकि यही कदम उनके गले की फांस बन गया। इस याचिका पर सुनवाई के दौरान कीर्ति भूषण को पीड़ित मानते हुए हाईकोर्ट ने अपने 10 जुलाई 2018 के आदेश में राज्य सरकार को निर्देश दिये कि नगरपा. लिका मुजफ्फरनगर से कीर्ति भूषण को उनकी पेंशन और अन्य देयकों का पैसा 9 प्रतिशत ब्याज सहित अदा किया जाए। पालिका ने अपनी पैरवी को मजबूत किया तो नौबत कीर्ति भूषण से मकान खाली कराने तक आ गई। इसमें ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने 7 दिसम्बर 2024 को कर निर्धारिण अधिकारी दिनेश कुमार यादव को जांच सौंपी थी। उन्होंने 13 दिसम्बर को अपनी जांच आख्या ईओ को सौंप दी, जिसमें कीर्ति भूषण के आवास पर कब्जे को अवैध मानते हुए उनसे बकाया किराया राशि की वसूली करने की संस्तुति की गई। कर निर्धारण अधिकारी द्वारा उनके सेवा. निवृत्ति वर्ष 2003 से 2024 के दिसम्बर तक किराया तय किया गया है, जो 46 लाख 21 हजार 488 रुपये बना है। इसमें उनका उपादान और पेंशन राशि का पालिका पर बकाया 16 लाख 98 हजार 500 रुपये है। यह राशि बकाया किराया से समायोजित करते हुए कीर्ति भूषण पर किराये के रूप में 29 लाख 22 हजार 988 रुपये पालिका के बकाया है, यह जांच रिपोर्ट ईओ को सौंपी गई तो उन्होंने वसूली नोटिस जारी करने के निर्देश दिये थे। कर निर्धारण अधिकारी द्वारा कीति भूषण को 31 दिसम्बर को नोटिस भेजकर 15 दिन में बकाया राशि जमा कराने के लिए कहा था। हाईकोर्ट ने अपने 07 जनवरी 2025 के आदेश में भी कीर्ति भूषण से बकाया राशि वसूली करने के लिए सख्ती से कहा और 10 मार्च को तय सुनवाई में पालिका प्रशासन को वसूली के लिए की गई कार्यवाही भी हाईकोर्ट में पेश करनी है। कर निर्धारण अधिकारी दिनेश यादव का कहना है कि कीर्ति भूषण को बकाया राशि वसूली के लिए नोटिस की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। वसूली के लिए अब रिकवरी की कार्यवाही की जानी है, लेकिन यहां से क्वार्टर खाली करने के दौरान उन्होंने अपना नया पता विभाग को उपलब्ध नहीं कराया, काफी प्रयासों के बावजूद भी विभाग को उनका पता नहीं मिल पा रहा है। जानकारी की जा रही है। पता बताने वाले को ईनाम भी देंगे। कीर्ति भूषण से बकाया राशि की वसूली हर हाल में वसूल की जायेगी।

# 45 करोड़ के विकास कार्यों से सुधरेगी शहर की दशा

**■ पालिका ने 15 वें वित्त के प्रस्ताव तैयार कर डीएम को भेजे**

**मुजफ्फरनगर।** पालिका प्रशासन की ओर से करीब 45 करोड़ रुपए से होने वाले विकास कार्यो को जिलाधिकारी की मुहर का इंतजार है। इन प्रस्ताव को धरातल पर लाने के प्रयास शुरू करते हुए नगरपालिका ने वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले ही 15 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत धनराशि से होने वाले पालिका के तीन विभागों की ओर से जल निक. ासी, सौन्दर्यकरण, जलापूर्ति और सफाई व्यवस्था के अलावा कूड़ा निस्तारण के बड़े कम के प्रस्ताव तैयार कर पत्रावलियां डीएम को भेजी गई हैं।

पालिका को 15 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत टाइड एवं अनटाइड ग्रांट में मिली धनराशि से करीब 45 करोड़ रुपये से विकास कार्य कराने के प्रस्ताव तैयार किये गये हैं। इनमें निर्माण विभाग की ओर से करीब 18-19 करोड़ रुपये के प्रस्ताव शामिल हैं, जिनमें झांसी रानी स्मारक पार्क का सौन्दर्यकरण और नई मूर्ति की स्थापना, राजवाहा रोड नई मंडी की साइड पटरी का निर्माण, कुछ अन्य सड़क निर्माण और मुख्य रूप से शहर के करीब 20 नालों का नव निर्माण कार्य कराते हुए जल निकासी की व्यवस्था को बेहतर बनाने का कार्य कराने की कार्ययोजना बनाई गई है।

ईओ डॉक्टर प्रज्ञा सिंह ने बताया कि 15 वें वित्त में जो भी धनराशि पालिका को प्राप्त हुई है, वो इसी वित्तीय वर्ष में 31 मार्च तक खर्च की जानी है। इसके लिए सम्बंधित विभागों से प्रस्ताव मों गये हैं। हम अगले कुछ महीनों में जलापूर्ति, सौन्दर्यकरण, सफाई व्यवस्था के साथ ही निर्माण और विकास कार्यो में बेहतर कार्य कराने जा रहे हैं। करीब 45 करोड़ रुपये से ये कार्य कराना प्रस्तावित है। प्रस्ताव तैयार करा लिये गये हैं। अब जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में इनको रखा जायेगा। उनकी स्वीकृति मिलने के बाद कार्यो के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू कराई जायेगी। उन्होंने बताया कि चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप शहर के साथ ही पालिका सीमा में शामिल हुए क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत हैं ताकि क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाएं मिल सकें।



मुजफ्फरनगर: सवेरे हुई बूंदाबांदी के बीच छाता लेकर स्कूल जाती छात्राएं।

# बारिश ने फिर बदला मौसम का मिजाज

## दर्ज की गई 7 डिग्री तापमान की गिरावट

**मुजफ्फरनगर।** सूरज की कई दिन की तपिश से मौसम में आई गर्माहट पर गुरुवार की सवेरे बारिश की चादर पड़ी तो अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। तेज हवा के साथ शुरू हुई बूंदाबांदी से 7 डिग्री तापमान की गिरावट दर्ज की गई।

फरवरी माह के रुखसत होने के साथ ही रात्रि में पड़ने वाली हल्की ठंड और दिन में सूरज की तेज़ तपिश से फाल्गुन मास होली से पहले ही मौसम में आई गर्माहट पर अचानक पड़ी बारिश की चादर से मौसम में फिर ठंडक बन गई। तेज़ हवाओं के साथ शुरू हुई बूंदाबांदी ने एक बार फिर ठंड का अहसास करा दिया। मौसम विभाग का पूर्वाअनुमान सही साबित हुआ जिसमे बिजली चमकने और गरज के साथ बारिश होने की घोषणा की गई थी। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विशोभ के चलते 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने और बूंदाबांदी होने की संभावना जताई गई थी। गुरुवार को सवेरे मौसम ने अचानक पलटी ली और बूंदाबांदी शुरू हो गई जिससे मौसम वैज्ञानिकों की घोषणा सही साबित हो गई। सवेरे के समय छात्राओं को परीक्षा देने जाने के लिए मुश्किलें भी उठानी पड़ी। देहात क्षेत्र में जल भराव के चलते कच्चे रास्ते से होकर उन्हें परीक्षा केंद्र तक पहुंचना पड़ा, वहीं शहर के मुख्य मार्गो और गलियों में भी पानी भरने से कीचड़ जैसे हालात हो गए। जिससे एक बार फिर लोक नगर पालिका को कोसते हुए देखे गए।

# देश नहीं बल्कि विश्व की भावना से जुड़ा महाकुंभ : भूपेन्द्र



**मुजफ्फरनगर।** पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर महाराजा सूरजमल ट्रस्ट के चुनाव को लेकर मुजफ्फरनगर में शामली जिले के भाजपा समर्थित मतदाताओं की बैठक लेने के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रयागराज में हुआ महाकुंभ पूरे देश के लिए ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के कल्याण की भावना से जुड़ा हुआ अद्वितीय धार्मिक आयोजन है परन्तु सपा का चरित्र हमेशा हमारी आस्था, परंपरा और सनातन को कलंकित और लज्जित करने का रहा है। यही कारण है कि महाकुंभ की अपार सफलता से बौखलाए हुए समाजवादी पार्टी के नेता महाकुंभ को लेकर बेवजह के प्रश्न उठाकर अपनी निर्लज्जता का परिचय दे रहे हैं। परंतु देशवासियों को पता है कि सपा सरकार में ही अयोध्या में कारसेवकों पर गोलियां चलाई गई थी। यह लोग धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के संगठन को पुर्नगठन करने का काम चल रहा है। जल्द ही जिलाध्यक्षों का एलान होगा।

मेरठ रोड स्थित लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि दिल्ली के चुनाव और महाकुंभ के कारण संगठन की प्रक्रिया में देरी हुई। जिलों को होल्ड नहीं किया गया है। पश्चिम यूपी के जिन जिलों में मंडलों के चुनाव नहीं हुए हैं, वह जिले रोके जाएंगे। ऐसे तीन जिले हैं। मंत्रीमंडल के विस्तार पर कहा कि यह मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है। दिल्ली के सवाल पर कहा कि आम आदमी पार्टी के लोग अराजक है। विधानसभा की कार्यवाही चलाने का अधिकार अध्यक्ष का होता है। यूपी सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चलाया है। सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही कर रही है।पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव बालियान जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी , राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष संदीप मलिक,पूर्व जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष विजेंद्र पाल, ब्लॉक प्रमुख अरविंद त्यागी, अनिल राठी,अशोक बालियान, महाराजा सूरजमल ट्रस्ट के सदस्य पद के उम्मीदवार हरीश अहलावत आदि विशेष रूप से मौजूद रहे गौरतलाप है कि ट्रस्ट के चुनाव में मुजफ्फरनगर जिले में 200 से अधिक मतदाता हैं जबकि शामली में मतदाताओं की संख्या 160 बताई गई है इसी कारण आज प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बड़ी तन मान्यता के साथ सजातीय जाट मतदाताओं से लंबी चर्चा की।

# डीएम व एसएसपी ने किया जेल का निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी व पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। बैरकों, रसोईघर, सुरक्षा उपकरणों आदि को किया चेक, बंदियों से वार्ता कर सुविधाओं व समस्याओं की जानकारी ली और सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।

गुरुवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने जिला कारागार का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान दोनों अधिका. रियों ने जिला कारागार में पुरुष व महिला बैरकों, रसोईघर का निरीक्षण करते हुए विशेष सफाई एवं बंदियों को मेन्यू के हिसाब से गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये । इस दौरान उन्होंने पुरुष व महिला बंदियों से जेल में मिलने वाली सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली और कारागार परिसर व कार्यालय का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों के रखरखाव व मुलाक. ाती रजिस्टर का अवलोकन किया । जिलाधिकारी व डीआईजी एसएसपी ने सुरक्षा की दृष्टि से जिला कारागार में लगी जैमर प्रणाली व सीसीटीवी कैमरों को भी चेक किया ।

इस दौरान कारागार परिसर में स्थित अस्पताल का निरीक्षण करते हुए दवाईयों की उपलब्धता व ओपीडी आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया गया कि मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोई कमी व लापरवाही न बरती जाये। अधिकारीगण ने जिला कारागार अधीक्षक को निर्देश दिये कि शासन की मंशा के अनुरूप जेल में बंदियों को मिलने वाली सारी सुविधाएं अवश्य उपलब्ध कराएं, शातिर बंदियों पर कडी निगरानी रखे, जेल परिसर के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाने पाये, साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। अंत में डीआईजी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार में तैनात पुलिस बल को डयूटी के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये



# घायल व्यक्ति ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विगत दिवस रात्रि के 2 बजे दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति ने मेरठ अस्पताल जाते समय दम तोड दिया है। घटना के बाद घायल को जिला अस्पताल और प्राईवेट अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया था। हालत गंभीर होने पर उसको रैफर कर दिया गया। मृतक के भाई ने दी गई तहरीर के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और दुर्घटना करने वाल चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

जनपद मेरठ के थाना सरधना गांव मछरी निवासी 40 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र जयप्रकाश शादी विवाह में खाना बनाने का काम करता था। विगत दिवस वह गांव से विलासपुर स्थित एक शादी समारोह में बारात घर में खाना बनाने आया था। रात्रि के करीब 2 बजे जब वह सडक पार कर रहा था तो अचानक तेज गति से आयी बाइक ने सुनील कुमार को टक्कर मारकर घायल कर दिया।

सुनील कुमार के साथियों ने उसे उठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होती देख चिकित्सकों ने उसको मेरठ के लिए रैफर किया। सूचना के बाद नई मंडी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गयी। घटना भोपा रोड के पास बतायी गई। घायल को प्राईवेट अस्पताल में इलाज के दौरान डाक्टरों ने मेरठ के लिए रैफर किया। बताया जाता है कि जब वह मेरठ मार्ग टोल प्लाजा के निकट पहुंचा तो उसकी मौत हो गई। परिवार के लोग मृतक सुनील कुमार को वापस लाये और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया और मृतक के भाई संदीप की ओर से दी गई तहरीर के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद पुलिस ने दुर्घटना करने वाले चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## विवाहिता को चाय में दिया जहर, रिपोर्ट दर्ज

**बुढ़ाना।** अतिरिक्त दहेज में कार और पांच लाख रूपये की नगदी नही मिल पाने से गुस्साए एक कलयुगी पति ने अपनी पत्नि को जहरीली चाय पिलाकर उसकी हत्या का प्रयास किया। मामला जनपद बागपत से जुड़ा होने के कारण सीओ बुढ़ाना कार्यालय ने मामले को रमाला थाना भेज दिया है। जहां बृहस्पतिवार के दिन रमाला पुलिस ने आरोपी पति और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना सर्किल के गांव कल्याणपुर निवासी अब्दुल जब्बार पुत्र इसबुद्दीन ने जनपद बागपत के रमाला थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी पुत्री शबनम की शादी करीब 7 वर्ष पूर्व जिला बागपत के गांव असारा निवासी शाहीन पुत्र इकबाल के साथ की थी। शादी में अपनी हैसियत के हिसाब से उसने लाखों रुपये खर्च किए लेकिन वे उसके द्वारा दिए गये दहेज से खुश नहीं थे और उसकी पुत्री से समय समय पर मारपीट कर अतिरिक्त दहेज में एक कार और पांच लाख रूपये की नगदी मांगते आ रहे थे। यह मांग पूरी नहीं की गयी तो उन्होंने उसको समय समय पर मारपीट कर घर से निकालने की हरकतें शुरु कर दी। कई बार पंचायतें भी हुई लेकिन ससुरालियों की मांग ज्यूं की त्यूं ही रही। बीते 21 फरवरी को ससुरालियों ने उसकी पुत्री को चाय में जहर दे दिया। उसकी हालत बिगड़ी तो पता चलने पर उसको गंभीर हालत में हस्पताल में भतह्न कराया। समय रहते उपचार मिलने पर उसकी पुत्री की जान बच गयी। रमाला पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरु कर दी है।

## अधूरे ख्वाब फिल्म के प्रीव्यू की तैयारी पूर्ण

**बुढाना।** बालीवुड फिल्म अधूरे ख्वाब के प्रीव्यू की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। शायद पहली बार बुढ़ाना मे किसी बॉलीवुड फ़िल्म का प्रीव्यू होने जा रहा है। यह प्रीव्यू 28 फरवरी की देर रात करीब 10 बजे सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी में किया जाएगा। अधूरे ख्वाब फिल्म का प्रीव्यू बुढ़ाना कस्बे के बड़ौत रोड पर स्थित कम्फर्ट इन होटल में कराया जाएगा। इसमें कई पत्रकारों को भी आमंत्रित किया गया है। इस फिल्म के प्रीव्यू के आयोजक फिल्म स्टार नवाजुद्दीन सिद्दीकी के मंझले भाई फ़ैजुद्दीन सिद्दीकी हैं और यह फिल्म भी उनके द्वारा ही बनाई गयी है। इस फिल्म के डायरेक्टर शादाब, डीओपी मनोहर जोशी और सहयोगी निर्माता शिव चौधरी हैं।

# महाशिवरात्रि पर भजन संध्या का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भजन संध्या आयोजित श्री झारखंड महादेव देवालय शिवपुरी खतौली पर फाल्गुन शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व एवं भोले बाबा के प्राकटड के अवसर पर भजन संकीर्तन आयोजित किया गया

जिसमें मुख्य यजमान वेदप्रकाश अग्रवाल, सुधीर गोयल, ओमप्रकाश सूरी,तरुण सूरी, संजीव अग्रवाल जैन मंडी ,संदीप अग्रवाल पीली कोठी वाले,मदन छाबड़ा वरिष्ठ भाजपा नेता,पंकज भटनागर पूर्व सभासद,सुनील बजाज, बजाज ऑटो सर्विस सेंटर खतौली ,अनिल वर्मा ज्वेलर्स बड़ा बाजार,योगेश वर्मा, यश छाबड़ा, अरुण वर्मा, मनोज उपाध्याय खाटू श्याम परिवार, हरिओम टंडन,संजय भार्गव,सुनील दत्त शर्मा, डॉक्टर अशोक कुमार शर्मा,सुनील पयाल,सीताराम सकौती,अमित शिवॉच सकौती, सुनील कुमार अलीपुर अटेरना, संजय गोस्वामी,विकाश मोतला ,संजीव कुमार शर्मा प्रधानाचार्य सपरिवार रहे। मुख्य यजमान परिवारों द्वारा अलग अलग बाबा के समक्ष दीप प्रज्वलित कराया गया । संकीर्तन मे भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे। इस अवसर भोले बाबा का अलौकिक श्रृंगार परिवार सहित किया गया।भजन गायक यश छाबड़ा ने भजनों पर संकीर्तन किया तथा भजन गायक भावना रानी अलीपुर अटेरणा व खुशबू राधा सकौती ने भजन प्रस्तुत किए,प्रियांशी, किशोर गोयल, हरिओम टंडन,संजीव कुमार शर्मा,शशि भारद्वाज, ज्योति अरोरा,दीपक अरोरा और आशु प्रणामी खतौली ने भजन प्रस्तुत किए। कुशल संचालन आशु प्रणामि खतौली द्वारा किया गया। लाइट एंड डेकोरेशन संजय गोस्वामी परिवार की तरफ से निशुल्क रही।जनरेटर की व्यवस्था श्री राजेंद्र जनरेटर वालो के परिवार की तरफ से निशुल्क रही।फूलों की व्यवस्था श्री गुलशन फूल भण्डार वालो के परिवार की तरफ से निशुल्क रही। संगीत नटराज म्यूजिकल ग्रुप खतौली द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संजीव अग्रवाल , संदीप अग्रवाल , संजीव कुमार शर्मा प्रधानाचार्य ,मदन छाबड़ा वरिष्ठ भाजपा नेता ,संजय गोस्वामी सुनील दत्त शर्मा , सुनील कुमार, सीताराम ,संजय गोस्वामी मनोज उपाध्याय,सुनील बजाज,अनिल कुमार वर्मा, यश छाबड़ा अरुण वर्मा, योगेश वर्मा, विक्की, टीनू सरदार,पंडित कमलेश मिश्रा,श्रीमती शशि भारद्वाज , सरिता टंडन, कुसुम लता,ममता बजाज, उपासना अग्रवाल , प्राची अग्रवाल, श्वेती, शशि उपाध्याय,मुनेश देवी ,विमला शर्मा, नीमा बिष्ट,आरती ,लक्ष्मी मौतला, सरला ,ज्योति अरोरा, का सहयोग रहा।

# दुकानदार के मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी, हड़कंप

**मोरना।** शादी मे शामिल होने गये किरयाना दुकानदार के परिवार के मकान मे घुसकर चोरों ने बंद कमरे का तोड़ने के बाद सेल्फ अलमारी का ताला तोड़ उसमे रखे सोने चांदी के जेवरात सहित हजारों की नकदी को चुरा लिया।चोरी की घटना से हड़कंप मच गया है। पीड़ित ने चोरी हुए सामान की बरामदगी की फरियाद पुलिस से लगाई है।

भोपा थाना क्षेत्र के मोरना मार्ग पर चीनी मिल के सामने प्रदीप किरयाना की दुकान चलाता है। पास मे ही उसने मकान बनाया हुआ है।बुधवार की सुबह उसका परिवार सरधना मे आयोजित पत्नी की बहन की शादी समारोह मे शामिल होने गया था। शाम के समय जब वह वापस घर लौटे तो कमरे का ताला टूटा देख परिवार सन्न रह गया। चोरो ने सेल्फ अलमारी का ताला तोड़कर वहां रखे सोने की दो अंगूठी, ओम की आकृति, व चांदी के आभूषण सहित बीस हजार की नकदी को चुरा लिया।नरेन्द्र ने बताया की मकान मे गन्ने की पत्तीयां पड़ी मिली हैं।चोर मकान के पीछे स्थित खेतो से घर मे घुसे होंगे। किरायाना दुकानदार के मकान मे हुई चोरी की घटना से हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। पीड़ित ने घटना के खुलासे की फरियाद लगाई है।

## भोकरहेड़ी में चोरी का प्रयास

**मोरना।** थाना भोपा क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी निवासी साजिद अंसारी ने बताया की उसका मकान कस्बे मे दुभा नामक स्थान पर है। किसी कार्य से वह बाहर गया था की बुधवार की शाम जैसे ही वह घर लौटा तो मकान के ताले को क्षतिग्रस्त पाया। चोरो ने मकान का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया। साजिद ने बताया की बीते माह चोरो ने घर मे रखी सरसों को चुरा लिया था। पीड़ित ने चोरी के प्रयास होने की जानकारी पुलिस को दी है।

# ट्रक से सिगरेट चोरी के मामले का खुलासा

## तलाशी के दौरान आरोपी से बरामद हुई 22 हजार की नकदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** पुलिस द्वारा आईटीसी सिगरेट कंपनी के ट्रक से सिगरेट चोरी करने की घटना का सफल अनावरण किया। चोरी की यह घटना 16-17 दिसंबर 2024 की रात्रि को मीरापुर-बिजनौर बाईपास स्थित जावेद होटल के पास अज्ञात चोरों द्वारा की गई थी।

इस मामले के खुलासे के लिए पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया। 27 फरवरी 2025 को करीब 10:45 बजे, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कस्बा मीरापुर के जानसठ रोड स्थित वैष्णो ढाबे पर एक संदिग्ध व्यक्ति मौजूद है। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए वहां दबिश दी और उसे व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान नदीम पुत्र फतेहखान, निवासी ग्राम भिमब्यारी भडंगपुर, थाना बाबूगढ़, जिला हापुड़ के रूप में हुई। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पैंट की जेब से 22,000 रुपये नकद बरामद हुए। थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि आरोपी लाखो रूपये की सिगरेट चोरी के मामले में फरार चल रहा था।

मीरापुर पुलिस ने सिगरेट चोरी के मामले में लाखो रूपये बरामद किये थे तथा एक आरोपी को जेल भेज दिया था। इस घटना के अनावरण पर मीरापुर को सम्मानित भी किया गया था। इस सफलता पर पुलिस अधिकारियों ने मीरापुर पुलिस टीम की सराहना की है।

# सौंधी की हैंगओवर नाइट्स पार्टी में बरसेगा रंग

**बुढाना।** मार्च माह आते ही हर कोई होली की राह तकता है। रंगों का त्योहार होली का खुमार हर किसी के सिर चढ़कर बोलता है। धूमधाम से मनाया जाने वाला ये त्योहार अपने रंग भरे अंदाज के लिए फेमस है। रंगों के इस त्योहार में जहां हर तरफ रंगीन नजारा देखने को मिलता है तो वहीं लोगों के बीच में जश्न का माहौल होता है। ऐसे में होली के इस जश्न को पूरा करने के लिए लोग अक्सर बार में जश्न मनाना पसंद करते हैं। होली के आसपास जहां सब लोग रंग-गुलाल खेलने में व्यस्त रहते हैं वहीं साहिल सोंधी हैंगओवर नाइट्स की पार्टी की तैयारियों मे व्यस्त रहते हैं। इस बार साहिल की होली पार्टी का थीम प्री होलीपार्टी दिया गया है और साथ ही इसमे ड्रेस कोड ब्लैक एंड ब्लू रखा गया है। साहिल की इस होली पार्टी में आपको हर तरह के स्वादिष्ट होली स्नैक्स, रंग बिरंगे गुलाल, ब्रांडेड ड्रिंक्स कम बजट में मिलने वाले हैं। इस होली पार्टी में साहिल सिंगरों को भी खास न्यौता दे चुके हैं। पंजाबी सिंगर और ढ़ोल अपने पंजाबी होली गीत से लोगों का मनमोह लेंगे। साहिल की पार्टी 13 मार्च को साउथ दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में शाम 4 बजे होगी। बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी गीत तो आपने जरूर सुना होगा।




मुजफ्फरनगर: प्रथमा बैंक में छात्रों को चैक वितरित करते अतिथि।

# प्रथमा बैंक में नाबार्ड महापंबंधक का स्वागत

**मुज़फ्फ़रनगर।** प्रथमा यू पी ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, में नाबार्ड के महाप्रबंधक विनोद कुमार का सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक यूसुफ़ खान ने उन्हें माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक विनोद कुमार ने बैंक की विभिन्न शाखाओं से आए शाखा प्रबंधकों से भेंट की और नाबार्ड से संबंधित योजनाओं की जानकारी साझा की।

महाप्रबंधक ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक आश्रितों को दो-दो लाख रुपये की बीमा राशि के चेक वितरित किए। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत स्वीकृत ऋण राशि के चेक भी लाभार्थियों को सौंपे गए। इस अवसर पर डीडीएम नाबार्ड अभिषेक श्रीवास्तव ने नाबार्ड की विभिन्न योजनाओं और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि ये योजनाएँ ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने और किसानों, उद्यमियों व अन्य हितधारकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सहायक हैं। महाप्र. बंधक ने सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की और क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा उठाए गए इस महत्वपूर्ण कदम की प्रशंसा की। उन्होंने बैंक कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे इन योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें और यह सुनिश्चित करें कि इनके लाभ जरूरतमंदों तक पहुँचें। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यालय के उपक्षेत्रीय अभिलेख सिंह, विभिन्न शाखाओं से आए शाखा प्रबंधक एवं क्षेत्रीय कार्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

# बीआईटी में पांच दिवसीय न्यूट्रिशन कार्यशाला संपन्न

**मीरापुर।** भगवंत इंस्टीटड्ूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में न्यूट्रिशन विषय पर 5 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने विभिन्न स्वास्थ्य स्थितियों के अनुसार डाइट प्लान तैयार किए। कार्यशाला का आयोजन 21 से 25 फरवरी 2025 तक नर्सिंग विभाग द्वारा किया गया।

इस दौरान जीएनएम प्रथम वर्ष के छात्रों को चार समूहों में बांटा गया और प्रत्येक समूह को एक विशिष्ट स्वास्थ्य समस्या पर आधारित डाइट प्लान तैयार करने का कार्य सौंपा गया। प्रथम समूह ने मोटापा से ग्रसित मरीजों के लिए डाइट प्लान तैयार किया, जिसे सोनम ने प्रस्तुत किया। द्वितीय समूह ने मधुमेह मरीजों के लिए डाइट प्लान बनाया, जिसका नेतृत्व दीप्ति ने किया। तृतीय समूह ने हाइपरटेंशन के मरीजों के लिए आहार योजना प्रस्तुत की, जिसे देवांजली ने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं, चतुर्थ समूह ने अल्पवजन से ग्रसित मरीजों के लिए डाइट प्लान तैयार किया, जिसकी प्रस्तुति सृष्टि ने दी। कार्यशाला के दौरान छात्रों की प्रस्तुतियों का निरीक्षण निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल ने किया। इस



अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह, डिप्टी डायरेक्टर डॉ. अजय गुप्ता, असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. पुष्पनील वर्मा, जी.एम. फाइनेंस एंड अकाउंट्स सी.ए. दुष्यंत कुमार, डीन डॉ. अजय सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा, प्रिंसिपल ठाडै डॉ. अजय कुमार शर्मा, प्रिंसिपल फार्मेसी डॉ. सचिन सिंघल सहित अन्य विभागाध्यक्षों ने भी सहभागिता की। प्रिंसिपल नर्सिंग डॉ. विजया डी. ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें भविष्य में भी इस प्रकार के प्रैक्टिकल करने के लिए प्रेरित किया। इस सफल कार्यशाला का आयोजन रेहाना भट और राज के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें नर्सिंग विभाग के सभी संकाय सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# मंत्री कपिल देव ने नोएडा तक रोडवेज बसों का संचालन कराने के निर्देश दिये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मुजफ्फरनगर से नोएडा के लिए 02 बसें चलाये जाने हेतु निर्देश क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, सहारनपुर को दिए हैं, जिसके क्रम में शीघ्र ही इन बसों का संचालन शुरू हो जाएगा।

मंत्री कपिल देव ने बताया कि जनपद-मुजफ्फरनगर से नोएडा के लिए प्रतिदिन हजारों की संख्या में व्यापारी, छात्र, छात्राऐं व्यवसायी, नौकरी करने वाले सफर करते हैं। मुजफ्फरनगर से नोएडा के लिए यात्रायात की कोई सीधे सुविधा न होने कारण जनपद के लोगों को ट्रेनों से चलकर जनपद-गाजियाबाद उतरना पड़ता है और फिर वहाँ से मैट्रो या सिटी बस में परेशान होते हुए अपने गंतव्य तक की यात्रा काफी परेशानियाँ को उठाकर पूरा करना पड़ता है। यातायात में होने वाली समस्याओं के संबंध में यात्रियों ने मंत्री को अवगत कराया। जिसके क्रम में मंत्री द्वारा यात्रियों को हो रही परेशानियों के दृष्टिगत आरएम रोडवेज को 02 बसें चलाये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान करने के लिए निर्देशित किया है जिससे प्रतिदिन आने-जाने वाले यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुँचने में असुविधाओं का सामना ना करना पड़े और मुजफ्फरनगर से नोएडा, ग्रेटर नोएडा तक रोडवेज के संचालन से यात्रियों का सफर सुगम एवं आसान बन सके। जो बसें मुजफ्फरनगर से क्रमशः सुबह 07 बजे एवं दूसरी 08 बजे चल कर नोएडा पहुँचेगी और उधर से शाम को 07 बजे एवं दूसरी 08 बजे जनपद-मुजफ्फरनगर के लिए प्रस्थान करेंगी। जिसको बाद में आवश्यकतानुसार संशोधित कर लिया जायेगा।

## युवक पर रंजिशन फायर झोंका

**छपार।** डाक्टर से दवाई लेने जा रहे एक युवक को जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। गोली युवक के पास से गुजर गई आरोपी मौके से फरार हो गया। मामला पुरानी रंजिश का है। पीड़ित के भाई ने आरोपी के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है।

गांव छपरा में अकरम व मुन्तियाज में पुरानी जमीनी रंजिश चल रही है। बुधवार की रात्रि में आठ बजे मुन्तियाज का पुत्र मुस्तकीम गांव में ही डाक्टर से दवाई लेने जा रहा था। रास्ते में विपक्ष के सनव्वर, मनव्वर, तमरेज उमरेज खड़े थे जब पीड़ित उनके नजदीक पहुंचा तो सनव्वर ने 315 बोर के अवैध तमंचे से उस पर फायर कर दिया। आरोप है कि गोली पीड़ित के बराबर से गुजर गई। आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को तलाश किया लेकिन घ्उसका कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित के भाई इसरार ने आरोपी के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गुडविल सोसाइटी का पुष्प प्रदर्शनी कार्यक्रम 9 को

**मुजफ्फरनगर।** गुडविल सोसायटी के पदाधिकारीयो एवं समस्त सदस्यों की बैठक में आगामी 9 मार्च को एस.डी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग निकट बस स्टैंड के परिसर में पुष्प प्रदर्शनी लगाया जाना सुनिश्चित किया गया है जिसमें नगर एवं जनपद के विभिन्न पुष्प प्रेमी, वाटिका कार्यकर्ता एवं विभिन्न प्रजातियां के पुष्प, गमले पौधे इत्यादि के माध्यम से प्राकृतिक सौंदर्य की सार्थकता रखने वाले समूह के लोग प्रतिभाग करेंगे। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष गुडविल सोसायटी के माध्यम से प्राकृतिक संरक्षण एवं संवर्धन बनाए रखने तथा मानव मात्र को प्रकृति से जोड़े रखने की दृष्टि से पुष्प




प्रदर्शनी कार्यक्रम किया जाता है। जिसमें अनेक गणमान्यजन प्रतिभाग करते हैं। इस प्राकृतिक सौंदर्य की सार्थकता वाले पुष्प प्रदर्शनी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल तथा नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप एवं पूर्व मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार योगेंद्र नारायण माथुर राष्ट्रीय अध्यक्ष गुडविल सोसायटी रहेंगे। यह जानकारी गुडविल सोसायटी के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल एवं सचिव होती लाल शर्मा ने एवं प्रो.अशोक जैन एक संयुक्त विजप्ती के माध्यम से दी। इस बैठक मे सर्वश्री प्रमोद मित्तल लोकेश चंद्रा मुनेश सिंघल बीएम गुप्ता ल.के मित्तल राजेंद्र साहनी मुकेश लाल एडवोकेट एसपी कुछल मुकेश अरोरा आदि गणमान्य जन उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम shahnuma Parveen से बदलकर shahnuma रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**shahnuma**
**W/o वसीम**
**निवासी - वसीम हाउस नं. 27 दधेरू खुर्द,**
**ज़िला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र क्रमशः सं. B-2022: 9-00804-000835 दिनांक 23.11.2022 में गलती से माता का नाम आरती मित्तल करा दिया गया, जबकि वास्तविक नाम आरती अग्रवाल है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदकः **नितिन अग्रवाल**
निवासी शिव नगर, गाँधी कॉलोनी, परशुराम मंदिर के पास, मुज़फ्फरनगर। मोबाइल नं.- 8265899026-

**सूचना**

मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण संख्या-10849/12.10.2012 मौ. उमर व एक पुत्री जिसका जन्म प्रमाण पत्र स0-9184/09.10.2017 आमना सरताज में नियमो की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र मौ.उमर व पुत्री आमना सरताज का नाम अंकित नही कराया गया था। मेरे पुत्र, पुत्री का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**मौ० सरताज पुत्र मौ०अहसन**
**निवासी म०न-405 मौहल्ला काजियान सरवट**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरी पुत्री का नाम जन्म प्रमाण संख्या-4812/20.04.2020 में गलती से नाम प्रिशा अंकित कराया गया था, जबकि उसका वास्तविक नाम प्रिशा राठी है और भविष्य में भी उसको इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**अभिषेक राठी पुत्र श्री बालेन्द्र राठी निवासी 187 अब्दुल्ला नगर उर्फ सोंटा मन्सूरपुर थाना मन्सूरपुर जिला-मुजफ्फरनगर**

# सपाइयों ने की अखिलेश की पीडीए पर चर्चा

**पार्टी कार्यालय पर पार्टी सांसद ने की समीक्षा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** स्थानीय पार्टी कार्यालय पर गुरुवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर चलाए जा रहे-पीडीए चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय नहासचिव एवं सपा सांसद हरेंन्द्र मलिक ने कहा कि सपा हर पिछड़े वर्ग व गरीब के साथ है। उन्होंने कहा कि जिनकी संख्या कम मानकर उस पर अत्याचार व सरकार का उत्पीड़न है, समाजवादी पार्टी हर उस




व्यक्ति को अल्पघ्संख्यक मानती है। इसलिए उनके अधिकारों, भेदभाव व उत्पीड़न के विरुद्ध समाजवादी पार्टी आवाज बनकर संघर्ष करती रहेगी। कहा कि भाजपा की तानाशाही को जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। पीडीए कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा ने कहा कि जन विरा. धी नीतियों तथा किसानों मंजदूरों युवाओं महिलाओं के अधिकारों के हनन से भाजपा का जैनाधार सिमट रहा है। आने वाला वक्त समा. जवादी पार्टी की है। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र बॉबी त्यागी, जिला महासचिव चौधरी विकिल गोल्डी अहलावत, तहसीन मंसूरी, पवन बंसल, रमेश चंद, डॉ अविनाश कपिल आदि ने विचार रखे। अध्यक्षता समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एड. ने एवं संचालन मीडिया प्रभारी साजिद हसन ने किया

# नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

**बुढ़ाना।** कस्बे के पुलपार स्थित मदनलाल हॉस्पिटल में आज बृहस्पतिवार के दिन एक नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया।

इस संबंध में मदनलाल हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉक्टर सूची कश्यप ने बताया कि घ्इस शिविर में आज कुल 57 नेत्र रोगियों का पंजीकरण हुआ। सभी नेत्र रोगियों की आंखों की जांच की गयी। जिनमें से 09 नेत्र रोगी ऑपरेशन के लिए चुने गए। सभी नेत्र रोगियों को निरूशुल्क दवाई का वितरण भी किया गया। बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने नेत्र कैंप के आयोजक डाक्टर सोनू कश्यप के द्वारा लगाए गये निशुल्क नेत्र कैंप की सराहना की और कहा कि इस तरह के कैंप समय समय पर लगते रहें तो गरीब वर्ग को इसका बहुत फायदा मिलता है। सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने भी यहां पर



अपनी आंखों की जांच करवाई। यहां पर आए 9 नेत्र रोगियों की आंखों का निरूशुल्क ऑपरेशन करवाया जाएगा यह जानकारी कैंप के आयोजक डाक्टर सोनू कश्यप द्वारा दी गयी। यहां इस मौके पर मुख्य रूप से डॉक्टर सोनू कश्यप, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विशाल कुमार, राजन कुमार, राघधिका, आकाश, पवन और अघभिषेक आदि लोगो की मौजूदगी रही। कैंप लगभग छह घंटे तक लगातार चलाया गया।

# पेड़ पर नजर आया तेंदुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव दुर्गनपुर में महीनों बाद फिर से गांव वालों को एक तेंदुआ पेड़ पर चढ़ा नजर आया। तेंदुए द्वारा शिकार की गई एक गाय के अवशेष भी जंगल में पड़े मिले। इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने पेड़ पर चढे तेंदुए का वीडियो बना लिया। तेंदुआ दिखने पर ग्रामीणों मे दहशत का माहौल बन गया लेकिन वन विभाग कह रहा है कि तेंदुए वाली वीडियो पुरानी है। शायद वन विभाग किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना क्षेत्र में लगभग करीब तीन माह से ग्रामीण डर के साये में जीने को मजबूर हैं। गांव दुर्गनपुर, राजपुर, छाजपुर और सेनपुर समेत 6 गांवों के जंगलों में तेंदुए का पूरा परिवार ग्रामीणों को बार-बार दिखाई दे रहा है। तेंदुए दर्जनों नीलगाय, बकरियों और कुत्तों का शिकार कर चुके हैं। जिससे ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीण कई बार वन विभाग के अधिकारियों से इन्हें पकड़ने की गुहार भी लगा चुके हैं। विगत दिवस ग्रामीणों ने दुर्गनपुर गांव के जंगल में एक तेंदुए को पेड़ पर चढ़ते देखा। वन विभाग की ओर से तेंदुओं को पकड़ने के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है। उधर वन क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार का कहना है कि तेंदुए किसी ग्रामीण को परेशान नहीं कर रहे हैं। अगर एक ही तेंदुआ होता तो पिंजरा लगाकर उसे पकड़ लेते। अगर पिंजरा लगाकर एक तेंदुए को पकड़ लिया तो अन्य तेंदुए हिंसक हो जाएंगे। उन्होंने ग्रामीणों से जंगल में समूह में काम करने की अपील की है। चर्चा ये भी है कि स्थानीय वन विभाग जंगल में तेंदुआ होने की बात को एक सिरे से नकार रहा है।

## पुलिस की लापरवाही से 3 बकरियां चोरी

**बुढ़ाना।** एक बकरी पालक की दो बकरियां चोरी हो गयी थी तो उसने बायवाला पुलिस चौकी पर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी थी लेकिन पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया तो बेचारे की अज्ञात चोरों ने फिर से एक बकरी और चोरी कर ली। बकरी पालक ने अब बुढ़ाना सीओ से मदद की गुहार लगाई है। सीओ ने इस मामले में बुढाना पुलिस को जमकर हड़काया ओर पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव नगवा निवासी धर्मपाल सिंह पुत्र बीरबल ने बृहस्पतिवार को बुढाना सीओ को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह मजदूरी पेशा व्यक्ति है। वह और उसका परिवार का बकरी पालन का कार्य है। बीती 24 फरवरी की रात्रि में किसी समय अज्ञात चोरों के द्वारा उसकी दो बकरियां चोरी कर ली गयी थी। उसी सुबह उसने बायवाला पुलिस चौकी पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध दो बकरियां चोरी होने की शिकायत की थी। जिस पर कोई भी कार्यवाही नहीं हुई। बृहस्पतिवार की सुबह से पहले ही अर्धरात्रि में लगभग दो बजे अज्ञात चोरों ने फिर से उसकी एक बकरी चोरी कर ली। इस घटना का पता आज सुबह लगा। उधर बुढाना सीओ ने बुढ़ाना पुलिस को हड़काते हुए घटना की रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

# नटवरलाल की सहयोगी दो महिला गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** थाना शाहपुर पुलिस ने साइबर ठगी में आरोपी नटवरलाल का सहयोग करने के आरोप में वाली दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है, पुलिस ने उनके कब्जे से ठगी किए गए 43 हजार रूपये, बार कोड, 2 बैंक पासबुक व 19 एटीएम कार्ड जो अलग अलग बैंको के है बरामद करने का दावा किया है।

गुरुवार को पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एसपी देहात आदित्य बंसल ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि जनपद मुजफ्फरनगर में शातिर अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के अर्न्तगत उनके निर्देशन में शाहपुर थाना प्रभारी निरीक्षक दीपक चौधरी व उनकी टीम ने साइबर ठगी करने वाली 2 महिलाओं को मण्डी गेट के सामने से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 43 हजार रूपये, 1 बार कोड, 2 बैंक की पासबुक व 19 एटीएम कार्ड बरामद किये गये। उन्होंने जानकारी रहते होता है कि 13 फरवरी को पीड़ित ग्राम हरसौली थाना शाहपुर, ने थाना शाहपुर पर लिखित तहरीर देकर अवगत कराया कि उसको शादी का झांसा देकर विदेश से उपहार व आभूषण भिजवाने के नाम पर धोखाधडी कर कुल 4,58,000/- रूपये की साइबर ठगी की गयी है। तहरीर के आधार पर थाना शाहपुर पुलिस ने धारा 318(4),52 बीएनएस व 66सी,66डी आईटी एक्ट पंजीख्रत किया ओर आरोपियों के विरुद्ध छानबीन कर कारवाही शुरू की गई पुलिस टीम का गठन किया गया। जिसमें दो महिलाएं आरोपी नटवरलाल का सहयोग करने में दो महिलाएं प्रकाश में आई जांच के दौरान यह भी सामने आया कि दोनों महिलाएं साइबर फॉड किये गये पैसो को अपने खातों में डलवाती थी उन्होंने बताया कि आज गुरुवार को थाना शाहपुर पुलिस ने मण्डी गेट के सामने से आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार किया। एसपी देहात आदित्य बंसल ने यह भी जानकारी दी की गिरफ्तार के गई महिलाओं के नाम बस्सो पत्नी अकबर व शाहीन परवीन पुत्री अकबर निवासीगण ग्राम सिवाल खास थाना जानी जनपद मेरठ है। पुलिस ने गिरफ्तार की गई आरोपी महिलाओं के कब्जे से कि गई ठगी के 43 हजार की नगदी 1 बार कोड 2 बैंक पासबुक 19 एटीएम कार्ड भिन्न-भिन्न बैंको के बरामद किए उन्होंने पत्रकारों को ऐसी जानकारी दी कि उक्त महिलाएं साइबर फॉड के पैसो को अपने खातो में रिसिव करती थी और उन्होंने विभिन्न बैंको में 17 खाते खुलवाये थे और उक्त धनराशि को वह एटीएम/डेबिट कार्ड से निकाल. कर तथा 10 प्रतिशत अपनें कमीशन के रूप में रखकर शेष पैसे को ठग को विभिन्न खातों में भेजती थी। जांच के दौरान ऐसे 33 खातों का पता चला है जिनमें विगत कुछ माह में 6 करोड 44 लाख रूपयों का लेन देन किया गया है। पुलिस द्वारा इन बैंक खातों में जमा 12 लाख 78 हजार रूपयों को फीज कराया गया है।

## श्री सच्चा प्रकाश आश्रम में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** महाशिवरात्रि के अवसर पर श्री सच्चा प्रकाश आश्रम मे नवनिर्मित श्री सच्चा गौरी शंकर मंदिर मे शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा हवन यज्ञ के उपरांत विशेष पूजा कर की गयी। तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें साधु संतो सहित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

तीर्थ नगरी शुकतीर्थ मे स्थित सच्चा प्रकाश आश्रम मे भगवान शिव शंकर, माता पार्वती, भगवान गणेश,कार्तिकेय, नंदी जी की मूर्तियों को स्थापित कर विशेष पूजा के साथ प्राण प्रतिष्ठा की गयी। कार्यक्रम की संयोजक साध्वी पूजा ने बताया की पतित पावनी मां गंगा के तट पर स्थित श्री सच्चा प्रकाश आश्रम मे भगवान शिव के परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की गयी है।श्री सच्चा गौरी शंकर मंदिर मे नित्य की जाने वाली भगवान शिव की पूजा का विशेष पूजा मे शामिल होकर भक्त धर्म लाभ प्राप्त कर सकेगे। संतो की तपो भूमि शुकतीर्थ मे भगवान की भक्ति का विशेष महत्व है।कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या मे साधु संतो व भक्तों ने भाग लिया। इस अवसर पर भाजपा के क्षेत्रीय मन्त्री अमित राठी, टीटू चौधरी, सचिन सरोहा, सुशील चौधरी, विजयपाल त्यागी, संजीव त्यागी, अनुराग चौधरी, के पी सिंह, महकपाल प्रधान आदि उपस्थित रहे।

# वार्षिक उत्सव में चेयरमैन ने बांटे पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** नगर की प्रमुख अग्रणीय शिक्षण संस्थान मौलाना आजाद मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल के वार्षिक उत्सव में नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे तथा फीता काटकर प्रोग्राम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर सभासद अब्दुल कलाम अंसारी, आदिल खान, आसिफ सलमानी, विशाल गर्ग, सोनू सैनी, सतीश पाल, पूर्व सभासद जलालुद्दीन अंसारी, युवा समाजसेवी तौहीद त्यागी, युवा समाजसेवी सचिन कर्णवाल, डॉक्टर मुस्लिम, डॉक्टर हकीमुद्दीन, मास्टर इरशाद सलमानी, केपीएस स्मार्ट स्कूल के प्रबंधक हसीन सैफी, तस्लीम अंसारी, सलीम अंसारी, राशिद मलिक, नदीम अहमद, इस्लाम, जावेद अंसारी, आजम अंसारी एवं समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा। इस दौरान स्कूल के मैनेजर मास्टर शारिक खान एवं वॉइस हेड साहिल खान ने समस्त मेहमानों का आभार व्यक्त किया।

प्रोग्राम का संचालन मास्टर मोहम्मद वसीम ने किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी ने स्कूल परिवार को 21000 नगद देकर स्कूल का प्रोत्साहन किया। तथा अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले समस्त विद्यार्थियों को अगले साल का कोर्स अपनी और से देने का ऐलान किया। सभासद आदिल खान ने 16000 नगद एवं वार्ड 8 के समस्त विद्यार्थियों को स्कूल बैग दिए एवं स्कूल टॉपर अलीशा (95 प्रतिशत) पुत्री दिलशाद को साइकिल उपहार स्वरूप भेंट की। अब्दुल कलाम अंसारी ने वार्ड 9 के सभी विद्यार्थियों को अपनी कक्षाओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने




वाले विद्यार्थियों को अपनी और से बैग वितरित किए। सभासद आसिफ सलमानी ने 1100 सोनू सैनी ने 2100 तस्लीम अंसारी ने 5100 राशिद मलिक 2100 डाक्टर हकीमुद्दीन ने 1000 एवं नगर पंचायत के कर्मचारी सावन द्वारा ঘ1000 विद्यालय परिवार को दिए इसी तरह अन्य मेहमानों ने भी स्कूल का प्रोत्साहन करते हुए स्कूल में विद्यार्थियों की परफॉर्मेंस के लिए नगद पुरस्कार दिए। स्कूल के मैनेजर शारिक खान ने सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध निर्माण बंद कराए जाने की लगाई गुहार

**बुढ़ाना।** एक ग्रामीण ने बुढ़ाना एसडीएम से अवैध निर्माण रुकवाए जाने की गुहार लगाई है। बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव अटाली निवासी राज बहादुर सिंह ने बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना एसडीएम कार्यालय को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसका ग्राम अटाली में एक मकान है। जिस पर उसकी पुत्रवधु मोनिका पत्नी सर्वेश ने अवैध कब्जा किया हुआ है और इस बारे में न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन बुढाना मे एक वाद अभी भी विचाराधीन चल रहा है। अब मोनिका उस मकान में अवैध रूप से दुकान का निर्माण कर रही है। बुढाना पुलिस को अवैध निर्माण रूकवाने के आदेश करने के बावजूद भी वह मकान में अवैध रूप से अभी भी निर्माण कार्य करवा रही है। आरोपी के खिलाफ बुढ़ाना पुलिस द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। पीड़ित ग्रामीण ने एसडीएम कार्यालय पर पहुंचकर गुहार लगाई है कि एसडीएम बुढ़ाना पुलिस को आदेश देते हुए अवैध निर्माण कार्य को रुकवाकर उसकी मदद करें। इस संबंध में पीड़ित ग्रामीण राज बहादुर सिंह ने शुक्रवार को एसडीएम बुढ़ाना से भी मिलने की बात कही है।

### अमर शहीदों की पुण्य तिथि मनाई

**चरथावल।** चंद्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय कार्यक्रम के समापन समारोह के अंतर्गत महाविद्यालय की दोनों इकाइयों का संयुक्त कार्यक्रम महाविद्यालय में ही विधिवत किया गया महाविद्यालय प्रांगण में भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई गई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए आज महाविद्यालय का स्थापना दिवस भी है इसी मौके पर महाविद्यालय संस्थापक राकेश वशिष्ठ एवं सविता वशिष्ठ असिस्टेंट प्रोफेसर जैन कन्या महाविद्यालय मुजफ्फरनगर ने पूर्ण इतिहास से सभी को अवगत कराया। राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। चंद्रशेखर आजाद जी की स्मृति में महाविद्यालय में वरदान आई हॉस्पिटल मुजफ्फरनगर की ओर से निशुल्क आंखों का कैंप लगाया गया जिसमें तीन सो मरीज का पंजीकरण हुआ तथा उनमें से सो मरीजों को आंख में लेंस लगवाने हेतु महाविद्यालय से वरदान अस्पताल द्वारा गाजियाबाद भेजा गयाद्य संपूर्ण समारोह में डॉक्टर एस के सिंघल, डॉक्टर अमित, डॉक्टर पूजा पांचाल, डॉक्टर वैशणवी, लक्ष्मण जी, विजय सैनी, सत्येंद्र सैनी (भूमि विकास बैंक) राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सुमित कुमार नागयान, ऋषि पाल ,ऋषिपाल सिंह ,तरबिया, विनीत कुमार ,राशिद खान, सुनील पुंडीर, पूजा शर्मा, कार्यालय अधीक्षक सुखपाल सिंह, तिरसपाल आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम के समापन में कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर गुलाब सिंह ने उपस्थित सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया

### आशीर्वाद समारोह में काव्या को मिला सर्वश्रेष्ठ छात्रा का अवार्ड

**मीरापुर।** नन्ही दुनिया जूनियर हाई स्कूल में कक्षा 8 के छात्रो के लिए एक आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया जिसमें छात्रो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय लेखपाल ओमवीर सिंह मौजूद रहे। मीरापुर के नन्ही दुनिया जूनियर हाई स्कूल में गत वर्षो की भांति कक्षा 8 के छात्रो के लिए आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया जिसमें छात्रो ने रंगारंग कार्य प्रस्तुत किये। शिफा व वंशिका रस्तौगी के फिल्मी गानो पर बच्चो ने जमकर आनंद लिया। बच्चो ने वर्तमान समस्याओं के उपर भी नाटिका प्रस्तुत की। विद्यालय की ओर से 2024-25 के सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार काव्या कक्षा 8 को प्रदान किया गया। पुरस्कार में शील्ड, प्रमाण पत्र व नगद धनराशि प्रदान की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि लेखपाल ओमवीर सिंह ने कहा कि जीवन में अपने शिक्षको व माता पिता का आदर करना चाहिए। अपनी पढाई के बारे में एक जुनून के साथ तैयारी करनी चाहिए। वर्तमान समय में जहां पढाई का बोलबाला है वहीं खेलकूद की प्रतियोगिता में भी प्रतिभाग कर बच्चे अपना सुनहरा भविष्य बना सकते हैं। इस मौके पर नितिन कुमार रस्तौगी, मोहित लखोटिया, घनश्याम दास अग्रवाल, कृष्णमोहन शर्मा, रामअवतार मुदगल, नीरज शारदा, संजीव अग्रवाल, राघव रस्तौगी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रतीक शर्मा, प्रमिला शर्मा, साक्षी शर्मा, मीनू, शबनाज खान, सीमा चौधरी, ममता शर्मा, काजल मोगा, कामना राजवंशी आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक वासुदेव शर्मा ने अतिथियों को माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### नईम राणा की आत्महत्या मूवी का टीजर रिलीज

**बुढाना।** कोरोना को लगे लोकडाउन को लेकर बुढाना कस्बे के नईम राणा के द्वारा बनाई गयी हिंदी शार्ट फिल्म आत्महत्या यूपी 12 हिंदी फिल्मस यू टड्ूब चौनल पर बीते दिनों एक सोंग के साथ रिलीज कर दी गई है। यह जानकारी फिल्म में नायक का रोल कर रहे एक्टर नईम राणा ने मीडिया को एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बुधवार की सुबह दी। उन्होंने बताया कि इस शार्ट फिल्म के निर्देशक नवाब सिद्दीकी और लेखक फैजुद्दीन सिद्दीकी हैं जबकि इस फिल्म के निर्माता वे खुद हैं। फिल्म के सहायक निर्माता फिरोज कुरैशी, शाहिद असलम और आबिद चौधरी हैं। कलाकारों में मुख्य रूप से नईम राणा, मदिरा मसीही, सांवेर शाह, सिद खान, तबरेज खान, विनीत कुमार, सिंघम सलमानी और चांद कस्सार आदि स्थानीय कलाकार हैं। इस फिल्म के निर्माता नईम राणा ने बताया कि इस फिल्म का नाम पहले उन्होंने लॉकडाउन रखा था मगर अब उन्होंने इस शार्ट फिल्म का नाम अपनी टीम से सलाह मशविरा करके आत्महत्या रख दिया है। यह शार्ट फिल्म दर्शकों को बहुत पसंद आ रही है। जिसे खूब देखा जा रहा है। फिल्म में एक सोंग भी रखा गया है। उन्होंने फिल्म सरपंची, अर्थी, शिकंजा टू, टसल, अधूरा ख्वाब और राजपाल हज्जाम के साथ साथ कई सोंग्स में भी काम किया है।

## सता कर देख ले मोदी, मुझे तो देखना यह है कि तू जालिम कहां तक है : राजबीर

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मांग को लेकर क्षेत्रीय विकास पाटह्न के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने आंदोलन की लड़ाई अब और भी तेज कर दी है। बुधवार को खतौली के दयालपुरम स्थित निजी निवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए अध्यक्ष राजवीर सिंह वर्मा ने बताया कि आगामी 27 जुलाई को वे खतौली के नवीन मंडी स्थल पर एक भव्य हवन यज्ञ के साथ क्षेत्र वासियों का कारवां लेकर दिल्ली और लखनऊ की और कूच करेंगे। उन्होंने घोषणा कि यह आंदोलन अब तभी खत्म होगा, जब पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने की घोषणा कर दी जाएगी। राजबीर सिंह ने मोदी सरकार और मोदी



पर कटाक्ष करते हुय कहा एक गधा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लाडपुर लिसोड़ा में जहाँ मेरा जन्म हुआ जिसकी कीमत 20 हजार रुपए है और एक गधा जिसकी कीमत तीन करोड़ रुपए है वो गधा गुजरात मे पैदा हुआ भगवान ने उसे गुजरात मे पैदा किया। मैं नरेंद्र मोदी जी से कहना चाहता हूं कि हमारी मांग को स्वीकार करें आपने सबका साथ सबका विकास का नारा दिया था। लेकिन हमारा विकास नहीं हमारा विनाश हो रहा है, हम तुम्हारी और देख रहे हैं, और आप के गधे की कीमत 3 करोड़ है, गुजरात से आए लोग सारी सीमाएं तोड़कर तानाशाही कर रहे हैं। भाजपा में लोग ईडी और सीबीआई के चंगुल में फस गए है। मैं मोदी जी से कहना चाहता हूं की- ना पूछो मेरे सब्र की हद कहां तक है, सता कर देख ले मोदी तेरी ताकत कहां तक है, और तुझसे कुछ उम्मीदें होंगी जिन्हें होंगी, मुझे तो देखना यह है कि तू जालिम कहां तक है।

## जन कल्याण समिति ने लगाया रक्तदान शिविर

**बुढ़ाना।** कस्बे के कांधला रोड पर लकडी की आढ़त के समीप स्थित अशोक नर्सिंग होम पर बृहस्पतिवार को आजाद जन कल्याण समिति बुढ़ाना के बैनर तले एक रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें कुल 75 लोगों ने अपनी स्वेच्छा से रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर का उद्घाटन चीफ गेस्ट सीएचसी बुढ़ाना के प्रभारी डाक्टर अर्जुन सिंह ने अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया। उन्होंने यहां पर रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ब्लड डोनेट कर किसी की जान बचाई जा सकती है लेकिन कुछ सिचुएशन में ब्लड डोनेट नहीं किया जाता है। एक हेल्दी व्यक्ति 3 महीने में सिर्फ एक बार ही ब्लड डोनेट कर सकता है लेकिन इसकी भी कुछ कंडीशंस हैं। एक यूनिट ब्लड से 3 जिंदगियां बच सकती हैं। ब्लड डोनेट करने से शरीर तमाम बीमारियों से बचा रहता है। दिमाग एक्टिव होता है। ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है और हार्ट की सेहत सुधरती है। वेट कंट्रोल में रहता है। कैंसर का खतरा कम हो सकता है। इमोशनल हेल्थ भी सुधरती है। शरीर में नए ब्लड सेल्स बनते हैं। शरीर की आयरन की मात्रा कंट्रोल में रहती है। हेल्दी व्यक्ति ही ब्लड दे सकता है। अंबा ब्लड बैंक शामली की टीम द्वारा ब्लड लिया गया। रक्तदाताओं को गिफ्ट के रुप में टिफिन, मेडल, सर्टिफिकेट और फुटी बांटी गयी। यहां समिति अध्यक्ष सुधीर पहलवान, कार्यक्रम आयोजक व कोषाध्यक्ष डाक्टर अशोक कुमार, रविन्द्र सिंह एडवोकेट, कोशिका, नोमान, सोनू, साहिल, नदीम, काजल और योगेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## पूरे दिन की हल्की बूंदाबांदी ने बढ़ाई ठंड

**बुढ़ाना।** सुबह से ही शुरु हुई बारिश रुक रुककर होती रही। जिसके चलते ठंड बढ़ गयी वहीं गेंहू की फसल में भी खाद सा लग गया। आज जब बुढाना कस्बे और क्षेत्र के लोग सुबह सोकर उठे तो बारिश हो रही थी। जिसके चलते पूरे दिन रुक रुककर हल्की फुल्की बारिश होती रही और देखते ही देखते ठंड में इजाफा हो गया। तांपने को हीटर और दुबकने को लिहाफ भी निकल गये जबकि पिछले दिनों से सूर्य देवता के कारण दोपहर में मौसम गर्म सा होने लगा था लेकिन आज की बूंदाबांदी ने फिर से ठंड में इजाफा कर दिया। ठंडी हवाएं भी चली। उम्मीद जताई जा रही है कि शुक्रवार को भी बारिश हो सकती है।

## 10 मार्च को निकलेगी भगवान कृष्ण की शोभा यात्रा

**मीरापुर।** श्रीहरि संकीर्तन मंडल द्वारा रंगभरी एकादशी पर भगवान कृष्ण की भव्य शोभा यात्रा 10 मार्च को बैंड बाजो से नगर के मुख्य मार्गो से निकाली जायेगी। बैठक घनश्याम दास अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि गत वर्षो की भांति रंगभरी एकादशी पर भगवान कृष्ण की शोभा यात्रा 10 मार्च को सांयकाल सतसंग भवन से चौक बाजार से होती हुई सर्राफा बाजार, वैश्य धर्मशाला, काली मंदिर व पडाव चौक से होते हुए सतसंग भवन पर आरती के बाद समाप्त होगी। बैठक में मोहित लखोटिया, नरेश रस्तौगी, संजीव अग्रवाल, नीरज शारदा, प्रवीण अग्रवाल, राघव रस्तौगी, वासुदेव शर्मा आदि मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: भजन संध्या में मौजूद श्रद्धालु।

## बालाजी दरबार संकीर्तन मंडल ने किया भजन संध्या का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** श्री बालाजी दरबार संकीर्तन मंडल खादर वाला के तत्वाधान में श्री गुरु चंद किरण गर्ग जी वह श्री शिव शक्ति ट्रस्ट बालाजी के अध्यक्ष गुरु पंकज जिंदल जी के सानिध्य में महाशिवरात्रि पर्व पर बसो देवी धर्मशाला अब्बू पूरा में भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसका पूजन विपिन जैन पारस सरिया वाले वे युवा भाजपा नेता पंडित नितिन शर्मा ने सह परिवार सहित किया जिसमें कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने ज्योत प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से भजन संध्या का शुभारंभ किया और गुरु पंकज जिंदल ने आज के दिन की एक विशेष महिमा बताई और इस भजन संध्या को करने का एक विशेष उद्देश्य भी भक्तों को बताया आज के दिन भोले बाबा में मां पार्वती की अपने भक्तों पर विशेष कृपा आशीर्वाद बरसता है जिसके लिए दरबार में जिन माताएं बहनों की गोद संतान के बिना सूनी है उन्हें बाबा के आशीर्वाद से फल का प्रसाद रूपी फल दिया जाता है और उसे फल के प्रसाद से ही बाबा अपने आशीर्वाद रूप से उनकी गोद भरते हैं उन्हें संतान सुख की प्राप्ति होती है प्रवीण गर्ग ठेकेदार पूर्व सभासद वह भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय गर्ग मंडल उपाध्यक्ष हनुमत मंडल सलभ गर्ग आशु वर्मा युवा भाजपा नेता पंडित नितिन शर्मा भाजपा नेता कन्हैया शर्मा एकता गुप्ता ऋषभ धीमान रजत वर्मा रजत अरोड़ा अंकुर वर्मा अंकित वर्मा प्रिंस वर्मा बिटन गर्ग स्वाति जिंदल भारती गर्ग मनीषा अग्रवाल अफजलगढ़ प्राची अग्रवाल दिल्ली मीना वर्मा वसुंधरा पूर्व सभासद पूनम शर्मा बॉबी धीमान हजारों की संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

# एसडी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**मुजफ्फरनगर।** डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ब्रिवविद्यालय के अंतर्गत एस.डी. कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड वोकेशनल स्टडीज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक विषयों पर विचार प्रस्तुत किए गए, जिनमें प्रमुख रूप से 'दहेज प्रथा उन्मूलन' 'बाल विवाह पर प्रतिबंध' एवं 'वृद्धाश्रम की जरूरत क्यों' जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल थे।

प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किए और समाज में व्याप्त इन कुप्रथाओं के उन्मूलन हेतु अपने सुझाव भी दिए। उन्होंने महिलाओं के अधिक. ारों, समानता और शिक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जिसमें वृन्दा तायल बी0फार्मा प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तो वहीं मानसी बी0 फार्मा तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक बनाना और उन्हें अपने विचार अभिव्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान करना था।

कॉलेज निर्देशक डा0 अरविन्द कुमार ने आयोजन की सराहना की और विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश दिए और महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षकों एवं छात्रों के सामूहिक प्रयास से किया गया।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इस विशेष आयोजन ने छात्रों में सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। कॉलेज प्रशासन ने भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को जारी रखने का



संकल्प लिया।

इस कार्यक्रम में संस्थान के सभी पदाधिकारीगण एवं स्टॉफ, डा0 वैशाली, डॉ निशा सिंह, डा0 पोपिन कुमार, डॉ मंयक चितरांश, मीनू देवी, रितू कौशिक, रवि कुमार, आसिफ खान, दीपिका, संजीव रतन तिवारी, अनुराग कुमार, कुलदीप सैनी, मौ0 जूबैर, नसीम अहमद, मुबास्सिर, अंशु पंवार, निदा बेबी, सुबोध कुमार, विनय कुमार, सना जैदी, सोनू कुमार, राहुल कुमार, अक्षय वर्मा, एलिश, अमन, स्मृति माथूर, आस्था, उत्सव गर्ग आदि उपस्थित रहे।

# शाहपुर में महाशिवरात्रि पर बही भक्ति की बयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** महाशिवरात्रि के पर्व पर क्षेत्र के सिद्धपीठ जुडड़ी वाला मंदिर शिवालय में गत रात्रि आयोजित भजन संध्या में टी सीरीज के कलाकार राम अवतार शर्मा व भजन गायक गुरदयाल सिंह लक्खा ने अपनी भेंट सुनाकर उपस्थित भक्तों को नृत्य करने पर मजबूर कर दिया।

मंदिर कमेटी के पदाधिकारीयो ने इस अवसर पर मंदिर को विशेष प्रकार से सजाया हुआ था। तथा आने वाले भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की गयी थी भजन संध्या को सुनने के लिए पलडी पलड़ा बसी के अलावा शाहपुर उमरपुर डिडावली तथा शिकारपुर के लोग भी आए हुए थे। गत रात्रि मंदिर समिति से जुड़े रजत बंसल, पंकज शर्मा, राजीव गर्ग, विनय प्रजापति,



राहुल शर्मा, बृजेश गर्ग, पूर्व चेयरमैन राजेश सिंघल, वीरेंद्र सिंघल, राजू नामदेव आदि ने अतिथियों को पटके और बैज लगाकर सम्मानित किया।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पीड़ितों को चक्कर न कटवाएं अधिकारी: मनीषा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को महिला उत्पीड़न की रोकथाम व पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में राज्य महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत ने महिलाओं की समस्याओं को सुनते हुए उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए है। उन्होने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बनत का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

गुरूवार को जनसुनवाई के दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत द्वारा जनपद में महिलाओं से संबंधित प्रकरणों में समस्याओं को गंभीरता से सुना। संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों में निस्तारण कराने के निर्देश दिए ताकि उन्हें चक्कर न काटने पड़े। महिला जनसुनवाई के दौरान उनके समक्ष मुख्य रूप से महिलाओं से संबंधित घरेलू हिंसा, प्रॉपर्टी विवाद, शादी, दहेज आदि कुल 21 प्रकरण आए जिनके नियमानुसार निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के उपरांत उन्होने ने कहा कि महिला आयोग का उद्देश्य न्याय के साथ-साथ महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति भी उन्हें जागरूक करना है। उन्होंने अधिकारियों को महिलाओं से संबंधित सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ दिलाया जाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी न्यायिक व जिला प्रोबेशन अधिकारी हामिद हुसैन, तहसीलदार शामली प्रियंका जायसवाल, महिला थाना प्रभारी निधि चौधरी, वन स्टॉप सैंटर प्रभारी गजाला त्यागी सहित आदि अधिक. ारी मौजूद रहे। इसके अलावा उन्होने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बनत का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय में व्यवस्थाओं को देखते हुए आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई और मौके पर बच्चों से बात कर उनको शिक्षा के प्रति जागरूक रहने और अपनी पढ़ाई को मेहनत और लगन के साथ करते रहने के लिए प्रेरित किया।





# संयुक्त किसान संघर्ष समिति के सदस्यों ने किया जनसंपर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** विकासखंड क्षेत्र के गांव भनेड़ा उद्दा,मानकपुर और जाफरपुर में संयुक्त किसान संघर्ष समिति के सदस्यों ने किया किसानों से जनसंपर्क।विदित हो कि पिछले करीब 10 दिन से किसानों की वार्ता बजाज शुगर मिल थानाभवन के अधिकारियों के साथ विफल हो गई थी जिससे आक्रोशित किसानों ने गन्ना मिल एवं गन्ना समिति थानाभवन को बन्द करने की चेता. वनी दे दी गई थी चूंकि इसी बीच में किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी शामली अरविंद चौहान से किसान दिवस पर गन्ना बकाया भुगतान को लेकर किसानों को हो रही समस्याओं से अवगत कराया था जिसमें किसानों ने बताया था कि जिलाधिकारी शामली के आश्वासन पर फिलहाल धरना नहीं दिया गया उन्होंने 28 फरवरी तक का आश्वा. सन दिया था।अब 28 फरवरी आ गई है लेकिन बजाज शुगर मिल के अधिकारियों के कानों पर अभी तक जूं नहीं रेंगी।किसान लाला ठाकुर का कहना है कि किसान हताश बेहाल है और मिल मालामाल है नीचे से लेकर ऊपर के अधिकारी किसानों के बकाया गन्ना भुगतान के प्रति उदासीन हैं किसी को किसान की दयनीय दशा और किसानों के बच्चो की परवाह नहीं है। अभी कल ही पुरमाफी के किसान की मृत्यु की खबर एक प्रतिष्ठित अखबार में पढ़ी थी जिसमें उसके भाई द्वारा कहा गया कि अगर गन्ने का भुगतान समय से मिल गया होता तो शायद उसके भाई की जन बच सकती थी।अब चूंकि शासन प्रशासन द्वारा किसानों के हित में कोई कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा इसलिए अब आने वाले दिनों में क्षेत्र का किसान एकजुट होकर अपने अधिकारों की मांग करेगा और जो भी आंदोलन होगा या गतिविधि होगी उसका जिम्मेदार शासन प्रशासन होगा।

किसान मजबूर हो गया है एक निर्णायक कदम उठाने को।प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले एक सप्ताह से संघर्ष समिति के सदस्य निरंतर किसानों से जनसंपर्क करने में लगे हुए हैं और किसी बड़े आन्दोलन को अमलीजामा पहनाने की फिराक में हैं।किसान नरेंद्र प्रधान, संदीप कुमार और राजेंद्र राणा का कहना है कि हम संयुक्त किसान संघर्ष समिति के निर्णय के साथ रहेंगे बहुत अच्छी पहल की है और साथ ही दु:ख भी है कि किसानों को गांव दर भटकना पड़ रहा है।ठाकुर रामचरण ने बताया कि जहां सरकार किसानों के भुगतान के लिए बड़े बड़े आंकड़े पेश करती है वहीं थानाभवन विधानसभा क्षेत्र का किसान कर्ज में डूबता जा रहा है बाजार से लेकर बिजली स्कूल और बैंक से लिया गया रूपया भी समय से नहीं चुका पाता जिसके लिए गन्ना किसानों के लिए बनाई गई नीति धरातल पर कहीं नजर नहीं आती।इस जनसंपर्क अभियान में कपिल राणा,लाला ठाकुर,धीरज सिंह,देवेंद्र कुमार, संदीप राणा ,प्रेम राणा,हरेंद्र राणा,ठाकुर रामचरण सिंह,बृजपाल ठाकुर दर्जनों लोग शामिल रहे।



**थानाभवन। जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रुप फोटो लेते हुए।** **छाया शाह टाइम्स**

# महाशिवरात्रि के अवसर पर संकीर्तन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** महाकाल मित्र मंडल द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर तृतीय बाबा महाकालेश्वर संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन में बाहर से आए कलाकारों ने बाबा के सुंदर भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में बाबा महाकाल का भव्य श्रृंगार एवं शिव-पावती विवाह श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र रहा।

जानकारी के अनुसार शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर महाकाल मित्र मंडल द्वारा महाशिव. रात्रि के मौके पर तृतीय बाबा महाक. ालेश्वर संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल, मंदिर के प्रधान सलिल द्विवेदी एवं नितिन संगल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मेरठ से आए विजय कुमार ने घर में पधारो गजानन जी मेरे घर में पधारो प्रस्तुत की। इसके बाद मेरठ के दीपेश कोहली ने हमारे हे गुरुदेव भोलेनाथ हमें किस बात की चिंता, आया शिवरात्रि का त्यौहार, आया भोलेनाथ का त्यौहार, भोले की बारात चली सज धज के, खुशियां मनाओ नच-नच के।

तेरे चलाने से चले नैया गरीब की, तूने बदल ली किस्मत गरीब की, है जग में धन्य तेरी माया शिवशंकर, भोले भाले शिव शंकर डमरू वाले, हमें चिंता नहीं किसी बात की जय हो भोलेनाथ की, जय हो शंभूनाथ की, भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। बरेली से आई भजन गायिका अर्पणा मिश्रा ने सांसों की माला पे सिमरू मैं तेरा नाम, महाकाल की गुलामी मेरे काम आ गई, भोलेनाथ की गुलामी मेरे काम आ गई, दूल्हा बने हैं शंकर उज्जैन की नगरी में, मची है धूम उज्जैन की नगरी में सुनाकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। संकीर्तन में बाबा महाकाल का भव्य श्रृंगार, भव्य शिव-पावती विवाह, बाबा महाकाल का रौद्र रूप व ढोल नगाडों द्वारा बाबा की भव्य एवं दिव्य आरती श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बनी रही। माता पार्वती का कन्यादान उषा वर्मा व दुर्गेश वर्मा ने किया। कार्यक्रम में मंगलनाथ मंदिर उज्जैन के मुख्य पुजारी प्रवण भारती भी मौजूद रहे। मंच संचालन अनिल अनुरागी चंडीगढ ने किया। इस मौके पर अरविन्द दृष्टा, विवेक प्रेमी, यशपाल पंवार, राजकुमार वर्मा, गौरव वर्मा, देवानंद गौड, आकाश वर्मा, विशाल वर्मा, अमन वर्मा, शंकर शर्मा एडवोकेट, गौरव खाटियान, सचिन वर्मा, संजय वर्मा, विनीत वर्मा, वैभव शर्मा, सचिन, आकाश, देव, हर्ष, कुणाल, सचिन पांचाल, हिमांशु पांच. ाल, सन्नी सैनी, प्रथम सोनी राजपूत, सागर वर्मा आदि भी मौजूद रहे।



# फाल्गुनी अमावस्या पर विशाल भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** फाल्गुनी अमावस्या के पावन अवसर पर व्यापारी सुरक्षा फोरम एवं राधा माधव सेवा परिवार शामली के द्वारा शहर के धीमानपुरा में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। गुरूवार को फाल्गुनी अमावस्या के अवसर पर भंडारा प्रसाद वितरण का शुभारम्भ समाजसेवी एवं व्यापारी नेता सुभाष धीमान ने किया। आचार्य देवेंद्र देव आर्य द्वारा पूजन किया गया। कहा कि आज फाल्गुनी अमावस्या के अवसर पर दान का बहुत बड़ा महत्व है। संस्था के द्वारा जो पितरो की स्मृति में ऐसे भंडारों का आयोजन करने से नर सेवा नारायण सेवा का भाव पुष्ट होता है इस महान सेवा कार्य मे व्यापारी सुरक्षा फोरम, राधा माधव सेवा परिबार ही नही बल्कि समाज के प्रत्एक व्यक्ति का विशेष सहयोग रहता हैं। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के संयोजक सुभाष शर्मा, शिवकुमार मित्तल, बालेश नामदेव, संजय धीमान, विपिन मित्तल, मुकेश वर्मा, जसकरण सिंह, सुभाष चंद्र शर्मा, विवेक धीमान, कुलदीप विश्वकर्मा, राजेन्द्र स्वामी, रविन्द्र आर्य, बादल गौतम, रमेश बजाज, अजय शर्मा, शिवम् विश्वकर्मा, प्रवीण पांचाल, अनुपम लाठियान आदि उपस्थित रहे।

## पांच लाख मांगने पर जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** बृहस्पतिवार को कस्बे के मोहल्ला होसंगपुर निवासी प्रमोद देवी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने अपने पुत्र अंकित कुमार द्वारा निवासी शामली के साथ पांच लाख रूपये देकर जैविक खाद तथा पेस्टिसाइड दवाइयां में पार्टनरशिप की थी, जिसमें उन्होंने मेरे पुत्र को कारोबार में हुए लाभ में से कुछ वापस नहीं किया तथा उल्टे एक लाख रूपए मेरे पुत्र के ऊपर निकाल दिए। जब मेरे पुत्र ने पैसे मांगे तो उल्टे शामली निवासी ने मेरे घर पर आकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। महिला ने आरोप लगाया कि पुलिस से साथ सांठगांठ कर उल्टे केस में तेरे पुत्र को फसवा देंगे। पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है।

# किसानों की उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगा किसान केंद्र: कर्मण्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव मलकपुर में हार्वेस्टिंग फार्मर नेटवर्क (एचएफएन) के किसान केंद्र की स्थापना की गई है। किसान केंद्र खुलने से क्षेत्र में सब्जी व फलों की खेती करने वाले कृषकों की आमदनी में वृद्धि होने के प्रबल आसार है। केंद्र के स्थापित किए जाने में कर्मण्य सर्वहित संस्थान एवं उसकी सहयोगी संस्थाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। हार्वेस्टिंग फार्मर नेटवर्क (एचएफएन) द्वारा पश्चिमी उत्तर-प्रदेश में किसान केंद्रों की स्थापना की जा रही है, जिसका उद्देश्य किसानों की राह आसान करना है। इसी क्रम में गुरुवार को क्षेत्र के गांव मलकपुर में भी एचएफएन के किसान केंद्र की शुरुआत की गई। किसान केंद्र की स्थापना क्षेत्र के किसानों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। किसान केंद्र को शुरू किए जाने में कर्मण्य सर्वहित संस्थान एवं उसके सहयोगी संगठनों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

कर्मण्य सर्वहित संस्थान के महासचिव कृष्ण मित्तल ने बताया कि यह किसान केंद्र क्षेत्र के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे किसानों को न केवल उनकी फसलों का उचित मूल्य मिलेगा, बल्कि वे आधुनिक कृषि तकनीकों और बाजार की नई संभावनाओं से भी अवगत हो सकेंगे। कर्मण्य संस्थान किसानों के सशक्तिकरण और कृषि विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेगा और भविष्य में भी एचएफएन के किसान केंद्रों की स्थापना में सहयोग करता रहेगा। उन्होंने बताया कि किसान केंद्र की स्थापना का उद्देश्य किसानों को उनकी फसलों का बेहतर लाभ दिलाना और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना है। किसान केंद्र की योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु कर्मण्य सर्वहित संस्थान एवं अन्य सहयोगी संस्थाए मिलकर कार्य करेंगी। संस्था इसे लेकर व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान भी चलाएगी। इस प्रयास का मुख्य उद्देश्य किसानों की भागीदारी को सार्थक बनाना और उन्हें कृषि से संबंधित नवीनतम जानकारी एवं संसाधनों से जोड़ना है। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट मंजर अब्बास ने किया। उन्होंने किसानों को किसान केंद्र के उद्देश्य और लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। केंद्र का औपचारिक उद्घाटन आगामी 3 मार्च को किया जाएगा।



**किसानों को एचएफएन की जानकारी देते संस्थान महासचिव कृष्ण मित्तल।**

# मंडावर फायरिंग प्रकरण का वांछित आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**गांव मलकपुर के जंगल में एसओजी व कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में दबोचा गया 25 हजार रूपए का ईनामी बिल्लू उर्फ बिलाल, आरोपी के कब्जे से अवैध हथियार, कारतूस व बाइक बरामद**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** एसओजी व कोतवाली पुलिस की टीम ने मण्डावर फायरिंग प्रकरण में वांछित चल रहे 25 हजार रूपए के ईनामी बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी मुठभेड़ के दौरान पैर में पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से पुलिस ने अवैध हथियार, कारतूस व एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

विगत 11 जनवरी को क्षेत्र के गांव मण्डावर में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया था, जिसमें दोनों पक्षों के चार-पांच लोग घायल हुए थे। घटना में अवैध हथियारों से जमकर फायरिंग की गई थी। मामले के सम्बंध में गांव मण्डावर निवासी इमरान व तासमीन ने एक दूसरे के 43 नामजद व 18-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ गाली-गलौच, मारपीट व जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने के आरोप में कोतवाली कैराना पर मुकदमा दर्ज कराया था। एसपी शामली रामसेवक गौतम ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को घटना में शामिल लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेजने के निर्देश दिए थे। पुलिस घटना में शामिल वर्तमान ग्राम प्रधान व भाजपा नेता समेत 29 आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। गुरुवार को एसओजी व कोतवाली पुलिस टीम की मण्डावर फायरिंग प्रकरण में वांछित चल रहे आरोपी बिल्लू उर्फ बिलाल निवासी ग्राम मंसूरा थाना झिंझाना के साथ में मलकपुर के जंगल में मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान आरोपी बिल्लू उर्फ बिलाल पैर में पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने तमंचा, कारतूस व एक बाइक बरामद हुई। घायल बदमाश को उपचार के लिए कस्बे के साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। मुठभेड़ की सूचना मिलने पर एएसपी संतोष कुमार सिंह व सीओ कैराना श्याम सिंह भी मौके पर पहुंचे तथा घटनाक्रम की जानकारी हासिल की। वहीं, फॉरेंसिक टीम प्रभारी प्रमोद बैंसला भी अपनी टीम के साथ में घटनास्थल पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने मुठभेड़ से सम्बंधित साक्ष्य एकत्र किए। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत, एसआ. ेजी प्रभारी कुलदीप सिंह, एसआई राहुल सिसोदिया, एसएसआई यशपाल सोम, एसआई सुभाष चंद, हेड कांस्टेबल नितिन, हरवेंद्र, ललित शर्मा व प्रदीप तथा कांस्टेबल राममूर्ति तेजा, रोहित व निखिल भाटी शामिल रहे। उधर, एएसपी ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान पकड़ा गया आरोपी बिल्लू उर्फ बिलाल जनपद सहारनपुर के गंगोह थाने से भी फायरिंग के मामले में वांछित चल रहा था। आरोपी पर पुलिस की ओर से 25 हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया था।

# भाकियू का पटनी प्रतापपुर टोल पर हंगामा



**भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष साहब सिंह के साथ टोल कर्मियों ने की थी अभद्रता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष के साथ टोल प्लाजा के लोगों ने अभद्रता की, जिस पर भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष कालेंदर मालिक अपनी टीम के साथ टोल प्लाजा पर पहुंचे पदाधिकारी के साथ अभद्रता करने वालों के खिलाफ हंगामा कर दिया। बाद में टोल कर्मियों द्वारा गलती मानने के बाद मामला शांत हुआ। बृहस्पतिवार को भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष कालेंदर मलिक अपनी टीम के साथियों के साथ पटनी प्रतापपुर स्थित टोल प्लाजा पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि गत दिवस हमारे तहसील अध्यक्ष सरदार साहब सिंह के साथ टोल कर्मियों द्वारा बदतमीजी की गई थी, इसी को लेकर किसान यूनियन के लोगों ने टोल पर हंगामा कर दिया। कालेंदर मलिक ने कहा कि टोल की 5 किलोमीटर की परिधि में किसी भी किसान से टोल नहीं लिया जाएगा, वहीं जो कमर्शियल वाहन हैं वह उनसे टोल टैक्स वसूल करे हमे कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन अगर किसी किसान से जबरदस्ती टोल वसूल किया या अभद्रता की तो हम चुप नहीं बैठेंगे। हंगामा कर रहे हैं किसानों के बीच पहुंचे टोल मैनेजर अमित बालियान ने टोल कर्मियों द्वारा की गई अभद्रता के लिए गलती मानी तब जाकर किसान शांत हुए। इस मौके पर गठवाला खाप के बाबा श्याम सिंह, अरविंद खोड़समम, साहब सिंह, आकाश तोमर, बिल्लू राणा, जयवीर मुखिया, मांगेराम पटनी, उपेंद्र मलिक सहित कई दर्जन कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारीध्बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कांधला पुलिस द्वारा 1 मादक पदार्थ तस्कर को अवैध 100 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त गुलाब पुत्र इलियास निवासी ग्राम असरफाबादथल थाना रमाला जनपद बागपत है।

### दस वर्ष का कारावास सजा

**शामली।** वर्ष 2016 में अभियुक्त दीपक उर्फ काला पुत्र सुधीर निवासी मौहल्ला गुगाल रोड़ धीर वाली गली निकट भैंरो मन्दिर ज्वालापुर हरिद्वार उत्तराखण्ड द्वारा थाना आदर्शमण्डी क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग से दुष्कर्म की घटना कारित की गई थी। घटना के संबंध में पीडिता के परिजन द्वारा थाना आदर्शमण्डी पर तहरीर दाखिल की गई। दाखिला तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था । इस मामले में शामली पुलिस द्वारा तत्परता से साक्ष्य संकलन करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा सुसंगत ठोस साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध माननीय न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया । पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा उक्त मामले में शामली पुलिस को नियमित रूप से प्रभावी पैरवी हेतु निर्देश दिए गए । जिसके क्रम में आज दिनांक 27.2.2025 को माननीय न्यायालय स्पेशल पोक्सो-II कोर्ट मुजफ्फरनगर द्वारा अभियुक्त दीपक उर्फ काला उपरोक्त को दोषी पाते हुए धारा 376 भादवि व 3/4 पोक्सो अधिनियम में 10 वर्ष के कारावास की सजा व 10,000/-रुपए अर्थदंड से दण्डित किया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर 2 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। अभियुक्त दीपक उर्फ काला पुत्र सुधीर निवासी मौहल्ला गुगाल रोड़ धीर वाली गली निकट भैंरो मन्दिर ज्वालापुर हरिद्वार उत्तराखण्ड है।

### पांच-पांच वर्ष के कारावास की सजा

**शामली।** वर्ष 2020 में अभियुक्तगण 1. गुरुजेन्ट उर्फ जिन्टा पुत्र कुलवन्त सिंह निवासी ग्राम धलावली थाना गंगोह जनपद सहारनपुर 2. अमरीत सिंह उर्फ अमृत पुत्र पाला सिंह निवासी विकास नगर थाना सदर करनाल जनपद हरियाणा 3. कर्मवीर उर्फ कर्मा पुत्र अजीत सिंह निवासी ग्राम अजीजपुर थाना झिंझाना जनपद शामली के विरुद्ध थाना झिंझाना पर मुकदमा अभियोग पंजीकृत किया गया था। इस मामले में शामली पुलिस द्वारा तत्परता से साक्ष्य संकलन करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा सुसंगत ठोस साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध माननीय न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा उक्त मामले में शामली पुलिस को नियमित रूप से प्रभावी पैरवी हेतु निर्देश दिए गए थे । जिसके क्रम में आज दिनांक 27.2.2025 को माननीय न्यायालय ADJ/FTC कैराना, शामली द्वारा गैंगस्टर के मामले में अभियुक्तगण उपरोक्त को दोषी पाते हुए धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में 5-5 वर्ष का कारावास व 5,000-5,000/ रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 1-1 माह अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया गया है। अभियुक्त गुरुजेन्ट उर्फ जिन्टा पुत्र कुलवन्त सिंह निवासी ग्राम धलावली थाना गंगोह जनपद सहारनपुर, अमरीत सिंह उर्फ अमृत पुत्र पाला सिंह निवासी विकास नगर थाना सदर करनाल जनपद हरियाणा , कर्मवीर उर्फ कर्मा पुत्र अजीत सिंह निवासी ग्राम अजीजपुर थाना झिंझाना जनपद शामली है।

### डीएम को शिकायती पत्र भेजा

**शामली।** गुरूवार को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष जाहिद यामीन ने डीएम को शिकायती पत्र देकर विभिन्न समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। कहा कि विद्युत विभाग कांधला द्वारा गरीब उपभोक्ताओ को तंग व परेशान किया जा रहा है। उपभोक्ताओं से अवैध वसूली की नियत से उनको प्रताडित किया जा रहा है। कर्मचारियों की शिकायत करने पर विद्युत विभाग के कर्मचारी जाहिद यामीन से रजिंश रखते है। जिस कारण भाई का बकाया बिल जाहिद यामीन को जमा करने का दबाव बनाकर जाहिद यामीन के नाम कनेक्शन स्वीकृत नहीं किया गया और शिकायत करने पर झूठे केस में फंसाने व शिकायत का मजा चखाने की धमकी दी गई। उन्होने मामले में जांच कराकर कार्यवाही की मांग की।

### कचरा प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन



**शामली।** गुरूवार को नगर पालिका परिषद सभागार में सामुदायिक नेतृत्व में विकेंद्रीकृत ठोस कचरा प्रबंधन एवं स्वच्छ सर्वेक्षण की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आईटीसी मिशन सुनहरा कल के सहयोग से स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत मास्टर ट्रेनर्स क्षमता वर्धन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें आईटीसी के कुशल ट्रेनर्स द्वारा समस्त सफाई नायकों को कचरा क्या है। कचरे के प्रकार, कचरा प्रबंधन मोहल्ला समिति की भूमिका, कंपोस्टिंग, कम्युनिटी कंपोस्टिंग, एमआरएफ सेंटर के विषय में जानकारी दी गई। इस कार्यशाला के दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आदेश कुमार सैनी, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर वीणा अग्रवाल एवं शिवगंज मंडी मोहल्ला समिति की अध्यक्ष एवं रेखा जैन, पूनम संगल, रीना जैन, शिप्रा आदि मौजूद रहे।

# नगर पंचायत सुस्त, ठेकेदार मस्त, क्षेत्रवासी बदहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यो में बड़ी लापरवाही के लिए अव्वल नजर आ रही है जबकि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं करने की बात की जाती हें, लेकिन नगर पंचायत द्वारा सरकार के आदेशों का पालन न करते हुए जनता की समस्या को दर्रा. कनार किया जा रहा है।

वार्ड 10 में नाला निर्माण कार्य होना है जिसमें नगर पंचायत द्वारा एक ठेकेदार को नाला निर्माण का कार्य दिया गया है आरोप हें कि ठेकेदार द्वारा नाला निर्माण में कोताही बरती जा रही है नाला निर्माण के लिए एक महा से खोद रखा हें लेकिन धरातल पर निर्माण कार्य शुरू करने के बाद रोक दिया गया है जिससे क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पढ़ रहा है क्षेत्र वासियों ने समस्या को



लेकर अधिकारियों से शिकायत करते हुए पुलिस प्रशासन से भी सहायता मांगी है जानकारी के अनुसार सहारनपुर की छुटमलपुर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 10 में नगर पंचायत द्वारा एक ठेकेदार को नाला निर्माण के कार्य के लिए नियुक्त किया गया है जनता का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा रात्रि में ही नाले कि खुदाई करते हुए मिट्टी की बंदरबांट की है और सरिया सहित अन्य निर्माण कार्य में अन्य लापरवाही बरती जा रही है ठेकेदार की कार्यप्रणाली को लेकर क्षेत्र वासियों को आभास होते ही नगर पंचायत से काफी बार शिकघयत भी की है, लेकिन नगर पंचायत द्वारा क्षेत्र वासियों की समस्या को लेकर किसी भी तरह से मामले में संज्ञान नहीं लिया गया है वार्ड सभासद विकास तोमर द्वारा भी पुलिस को एक प्रार्थना पत्र दिया है लेकिन बड़ा सवाल यह है कि सभासद को बिना सूचित किए निर्माण कार्य किया जाना और रात्रि में ही ठेकेदार द्वारा नाली खुदाई करते हुए मिट्टी की बंदरबाट सहित अन्य लाप. रवाही के मामले में सभासद ने भी क्षेत्र वासियों के शिकायत के बाद ही क्यों संज्ञान लिया है जबकि नाला निर्माण कार्य को 25 दिन हो चुके हैं जिसकी वजह से अधूरा निर्माण क्षेत्रवासियों के लिए जी का जंजाल बना हुआ है क्षेत्र वासियों कहना है कि अगर जल्दी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्र के लोग उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित जिले के आला अधिकारियों से शिकायत करेंगे।

❑**सहारनपुर।** संयुक्त व्यापार संघ दालमंडी पुल मिश्रान चौक के तत्वावधान में शिवरात्रि महापर्व पर प्रसाद वितरण का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष सूरज प्रकाश ठक्कर, महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा ने संयुक्त रूप से कहा कि महा शवरात्रि का त्योहार भारत के आध्यात्मिक उत्सवों की श्रेणी में सबसे महत्वपूर्ण है।

# शिविर में 35 यूनिट रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर में फैज फार्मा क्लीनिक एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वाधान में किरण ब्लड सेंटर सहारनपुर द्वारा रक्तदान शि. विर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से आये 65 रक्तवीरों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

बृहस्पतिवार को आयोजित शिविर में किरण ब्लड सेंटर से आये डॉ दिनेश शर्मा व डायरेक्टर डॉ सानू ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नही है। हमारे एक प्रयास से किसी की जिंदगी बच सकती है। हमारे द्वारा दान किया गया रक्त किसी न किसी जरूरतमंद के काम आता है।




व्यापार मंडल अध्यक्ष युसुफ कुरैशी, नगर महामंत्री आशु सैनी, उपाध्यक्ष डॉ रिजवान अहमद व कार्यक्रम संयोजक डॉ फरमान ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर का आयोजन कराया जाता रहेगा। आयोजको द्वारा रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डॉ नासिर, डॉ परवेज, सूफी सगीर अहमद, नगर पंचायत सभासद तौकीर अहमद, सोमपाल सैनी, सचिन कुमार, रोहन, राव अब्दुल जब्बार, राकेश ऐरन, आफताब गाडा, मो.अहमद आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की मासिक बैठक में किसानों की विभिन्न समस्यायों पर चर्चा की गई। इस दौरान किसानों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन एसडीएम को दिया।




गुरुवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक में संगठन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी शेखर चौधरी ने कहा कि बाजारों में नकली कीटनाशक बिक्री होने से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किये जाने की मांग की।

किसानों ने क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन पर रोक लगाए जाने, छुट्टा पशुओ की समस्या का समाधान करने व गन्ना क्रय केंद्रों पर हो रही घटतौली पर रोक लगाए जाने तथा ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम समाज की भूमि का उपयोग विकास कार्यो में किये जाने की प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक मांगपत्र एसडीएम संगीता राघव को दिया। बैठक में नवीन त्यागी, सुखबीर चौधरी, मांगेराम प्रधान, अरुण चौधरी, नरेंद्र चौहान आदि रहे।

## शपथ दिलाई

**सहारनपुर।** जिला पंचायत के वार्ड 25 से नवनिर्वाचित सदस्य धर्मेंद्र कुमार को आज धर्मेंद्र कुमार को पद व गोपनील शपथ दिलाई गई।

जिला पंचायत के सभागार में आयोजित समारोह के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम ने नवनिर्वाचित सदस्य धर्मेंद्र कुमार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम ने कहा कि नवनिर्वाचित सदस्य धर्मेंद्र कुमार कर्तव्य निष्ठा के साथ कार्य कर अपने क्षेत्र का विकास करेंगे। नवनिर्वाचित सदस्य धर्मेंद्र कुमार ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि वह क्षेत्र की जनता के विकास कार्यो को प्राथमिकता से करने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर विजेंद्र कुमार चौधरी, नितिन चौधरी, सुभाष, पुष्पेंद्र चौधरी, मनोज राणा मंडल अध्यक्ष, पपिन चौधरी, सुनील चौधरी, इशांत चौधरी उपस्थित रहे।

# शहर को बेहतर बनाने में जुटे मेयर व विधायक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मेयर डा.अजय कुमार सिंह व नगर विधायक राजीव गुंबर ने नगर में अलग अलग सडकों के उदघाटन कर शहर को ओर अधिक बेहतर बनाने के लिये हर संभव प्रयास के संकल्प को दोहराया।

नुमाईश कैंप में डूडा कार्यालय के सामने वाली सडक का आज मेयर डा.अजय कुमार सिंह व शहर विधायक राजीव गुंबर ने फीता काटकर उदघाटन किया। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को इसकी शुभकामनाएं दी और कहा कि वह हमेशा ही शहर के विकास की दिशा में बढचढकर कार्य कर रहे है।



वहीं महापौर डॉ. अजय कुमार व नगर विधायक राजीव गुंबर ने आज वार्ड 23 में बाबा मोती दास के आश्रम से नाला पटरी तक नगर निगम द्वारा बनायी जाने वाली सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस कार्य पर लगभग 15 लाख रुपये की लागत आयेगी।

महापौर डॉ. अजय कुमार एवं नगर विधायक राजीव गुंबर ने नारियल फोड़कर व सघ्ड़क पर गेंती मारकर सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य की शुरुआत की। महापौर डॉ. अजय कुमार ने इस अवसर पर कहा कि यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में सहारनपुर निरंतर विकास के पायदान चढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि उक्त सड़क व नाली निर्माण से क्षेत्र का न केवल विकास होगा अपितु लोगों को भी आवागमन में सुविधा मिलेगी।

नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि शहर विकास के रथ पर सवार है। पिछले कुछ सालों में सहारनपुर का अतुलनीय विकास हुआ है।

# बिना दहेज लाया दुल्हन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महानगर के न्यू गणेश नगर निवासी डाक विभाग के अधिकारी पद सेवानिवृत्त मोतीराम के पुत्र शुभम नौटियाल ने हरिद्वार निवासी रमेश चन्द्र की पुत्री पल्लवी से बिना दहेज की शादी करके मिसाल पेश की है। बिना दहेज की इस शादी की क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं आसपास के लोगों ने भी दूल्हे और दूल्हे पक्ष के लोगों के इस कार्य के लिए भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

दहेज प्रथा एक सामाजिक बुराई है जो कई सदियों से भारतीय समाज को प्रभावित करती आ रही है। सरकार के प्रयासों के बावजूद, यह प्रथा अभी भी समाज में प्रचलित है। हालांकि सरकार ने दहेज को दंडनीय अपराध बनाया है पर इससे संबंधित कानून को सख्ती से लागू नहीं किया गया है। महंगाई के इस दौर में लडकी वाले जहां लडकी की शादी को सम्पन्न कराने के लिए अपने रिश्तेदारों और मित्रों से पैसे उधार लेते हैं जबकि अन्य इन मांगों को पूरा करने के लिए बैंक से ऋण तक लेते हैं। इसी क्रम कुछ युवा अपनी नई सोच से समाज मिसाल पेश कर रहे हैं। बुधवार को जनपद हरिद्वार की हनुमंतपुरी कालोनी निवासी रमेश चंद्र के यहां बारात पहुंची। दुल्हन पक्ष के लोगों ने बारात का जोरदार स्वागत किया और पूरे विधि-विधान से सभी रस्मे अदा की गयी। दुल्हन पक्ष द्वारा दी जाने वाली रकम व अन्य तोहफो को दुल्हे ने हाथ जोड करके लेने से साफ इन्कार कर दिया और दहेज लेने का विरोध किया। दूल्हे के इस निर्णय से जहां लोगों में कौतुहल बना रहा और शादी में मौजूद दूसरे युवाओं व रिश्तेदारो ने भी दूल्हे के इस निर्णय की भूरि-भूरि प्रशंसा की। दूल्हे शुभम नौटियाल ने बताया कि उनके लिए दुल्हन ही दहेज है और दुल्हन ही बडा धन है।

# सीखने की नहीं होती कोई उम्र: डा.आदित्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** एशिया सेंटर ऑफ एक्सलैन्स के प्रोफेसर डॉ आदित्य कुमार ने कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती।जब भी जहाँ भी ज्ञान मिले हासिल कर लेना चाहिए।

विजीसीएफ की इकाई रामरति एजुकेशन कॉम्प्लेक्स में एशिया सेंटर ऑफ एक्सिलेंस,आचार्य यूनिवर्सिटी बैंगलौर से आए प्रोफेसर डॉ आदित्य कुमार का भव्य स्वागत किया गया।आरएसी की प्रेजिडेंट श्रीमती राजकमल सक्सेना ने अथिति का परिचय कराते हुए बताया कि डॉ आदित्य कुमार 10 भाषाओं के एक्सपर्ट हैं।संस्थान के छात्र छात्राओं को अध्ययन के साथ साथ अन्य क्षेत्रों में भी ज्ञानवर्धक जानकारी देते हैं।संस्था के पूर्व चेयरमैन बीके गोस्वामी ने भी समय समय पर देश विदेश से महान हस्तियों को लेकर छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन कराया है।



प्रोफेसर डॉ आदित्य कुमार ने कहा कि सीखने के लिए उम्र की कोई सीमा नहीं होती।जब भी जहाँ भी ज्ञान मिले हासिल कर लेना चाहिए।उन्होंने कहा कि वे इस समय 7 देशों से जुड़े हुए हैं।उन्होंने छात्र छात्राओं को जापानी भाषा के बारे में विस्तार से बताया और जापानी भाषा के कुछ शब्द भी सिखाए।डॉ आदित्य कुमार ने कहा कि बच्चों को विदेशी भाषाओं पर भी ध्यान देना चाहिए ताकि विदेश में अवसर मिलने पर सफलता पूर्वक कार्य किया जा सके। इस दौरान सनीश वीएम,वीनू शर्मा, सुधा पँवार,परिणीता अग्रवाल सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# हत्या का खुलासा, एक दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने हत्या की घटना का खुलासा करते हुए एक हत्यारोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से रक्तरंजित कपड़े व जूते बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

एसपी देहात सागर जैन ने पुलिस लाईन सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 22 फरवरी को थाना सदर बाजार क्षेत्रांतर्गत शाकम्भरी विहार में खाली प्लाट में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराई तो शव सुभाष पुत्र जम्मा निवासी साबतवाली झबरेड़ा हरिद्वार उत्तराखंड के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के पुत्र रवि की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। एसपी देहात श्री जैन ने बताया कि आज थाना सदर बाजार पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सूबेसिंह, निरीक्षक संजीव कुमार, उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर एक हत्यारोपी रवि पुत्र रंजीत निवासी श्याम गढ़ी थाना कांधला जिला शामली को फुलवारी गार्डन दिल्ली रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया।

**सम्बन्ध-विच्छेद सूचना**

मैंने अपने पुत्रों **नीरज, सन्जू, अर्जुन** को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके कार्यों का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **मुख्तयार सिंह पुत्र श्री सौदागर सिंह,** निवासी- हिम्मत नगर पेपर मिल रोड निकट उपाध्याय स्कूल, सहारनपुर।

# शाकम्भरी शुगर मिल परिसर में गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** शाकुम्बरी शुगर मिल परिसर में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए मिल के प्रेजीडेंट अजय कुमार खंडेलवाल ने कहा कि गन्ने की प्रजाति सीओ 0238 लाल सड़न बिमारी के चलते रिकवरी प्रभावित कर रही है बिमारी से ग्रसित प्रजाति के गन्ने से किसान एवं चीनी मिल दोनों को नुकसान होता है। गन्ने की नई प्रजाति सीओ 0118, सीओ 15023, सीओएस 13235, सीओएलके 14201, को. 98014 व 16202 की बुआई कर बेहत्तर पैदावार प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि गन्ने की फसल के बीच में किसान पोपलर के पेड़ बिल्कुल न लगाये यदि जरूरी हो तो खेत के किनारे पर पेड़ लगा सकते है। गन्ने में पोपलर के पेड़ लगाने से उसमें चीनी की मात्रा प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि मार्च व अप्रैल माह में गन्ने की फसल में चीनी की रिकवरी बढ़ती है लेकिन दुर्भाग्य से गन्ने की कमी के चलते चीनी



मिल फरवरी माह में ही बंद करनी पड़ रही है। गोष्ठी को संबोधित करते हुए चीनी मिल के वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक ओपी वर्मा ने कहा कि किसान सरसों एवं गेहूं कटाई के बाद गन्ने की बढचढ कर बुआई कर चीनी मिल के क्षेत्र को मजबूत करने का कार्य करे। गन्ने की पैदावार बढ़ने से ही चीनी मिल व क्षेत्र का विकास संभव होगा। उन्होंने कहा कि चीनी मिल दो वर्षो से लगातार घाटे में चल रही है यदि यही स्थिति रही तो मिल पुन: बंदी का रुख कर सकती है।गोष्ठी को संबोधित करते हुए गन्ना समिति के चेयरमैन मुल्की राज सैनी, किसान दिलशाद पोसवाल, ने कहा कि चीनी मिल गन्ना विकास योजनाएं संचालित कर बीज, खाद, कीटनाशक दवाएं विशेष अनुदान पर उपलब्ध करा गन्ने की बुआई का रकबा बढ़ा सकती है। किसानों ने कहा कि उन्हें जिस फसल की बुआई में लाभ होगा उसी की बुआई बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि चीनी मिल प्रबंधन धैर्य रख मिल का संचालन करे इस वर्ष गत वर्ष की अपेक्षा गन्ना पेराई बढी है आगामी पेराई सत्र में इसमें और वृद्धि होगी। पोपलर की अधिकता के चलते उसके दाम कम होने पर किसान पुन: गन्ने की खेती की ओर अग्रसर होगा। इस अवसर पर यूनिट हैड अश्वनी कुमार मित्तल, गन्ना प्रबंधक अनिल सैनी, सुधीर मलिक, चौधरी भोपाल सिंह, नारायण सिंह, नरेन्द्र काम्बोज, सतीश शर्मा, ओमी पंवार, कटार सिंह, प्रधान मुरसलीन, चौधरी हाशिम चौधरी मुकामयोगेश शर्मा, बीएन श्रीवास्तव, चौधरी ताहिर, आदि मौजूद रहे।

# सांड की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड।** बीती रात आवारा सांड ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस व एंबुलेंस को सूचना देकर इलाज के लिए भेजा।

बीती रात अपने गांव लौट रहे दो बाइक सवार युवकों को गंगोह सहारनपुर मार्ग पर आवारा सांड ने टक्कर मारकर घायलकर दिया। जिससे विकास पुत्र जयकुमार व गुरदयाल पुत्र कीरत सिंह निवासी गांव रणडेढ़ी घायल हो गए। बताया जाता है कि दोनों युवक यमुनानगर से अपना कार्य कर गांव जा रहे थे। बीती रात को हुई घटना के बाद शोर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए।



तथा घायल युवकों को अस्पताल पहुंचाया। गनीमत रही कि उस समय सड़क पर कोई वाहन नही था। अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था। मौहल्ले वासियों ने बताया कि उक्त सांड द्वारा आए दिन घटनाएं हो रही हैं। जबकि प्रशासन खामोश बना हुआ है।

# महिला आयोग सदस्या ने सुनी फरियादियों की शिकायतें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सपना कश्यप ने महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने, महिला उत्पीडन की रोकथाम व महिलाओं को व्वरित न्याय दिलाये जाने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सपना कश्यप आज यहां सर्किट हाउस में आवे. दक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से समीक्षा बैठक ध्महिला जनसुनवाई कर रही थी। जनसुनवाई कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रीमती सपना कश्यप, नगर मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार, सुश्री रूचि गुप्ता क्षेत्राधिकारी, गंगोह, अभिषेक कुमार पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी, सहारनपुर, श्रीमती रेखा जिला विद्यालय निरीक्षक, सुश्री अर्चना, समाज कल्याण अधिकारी, श्रीमती दीपिका परिहार, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी,सुश्री कोमल, बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा श्रीमती रीता सैनी, बाल विकास परियोजना अधिकारी आदि उपस्थित रहे। सदस्या द्वारा महिला उत्पीडन की रोकथाम एवं पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने हेतु जनसुनवाई की गयी जिसमें महिलाओं व बालि. काओं के अधिकारों की जानकारी देते हुए उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारित किया गया जिसमें उनके द्वारा 13 प्रकरणों को सुना गया जिसमें से 09 प्रकरण घरेलू हिंसा तथा 02 प्रकरण पुलिस विभाग व 01 प्रकरण महिला कल्याण विभाग से तथा 01 प्रकरण खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से सम्बन्धित प्राप्त हुए हैं। सभी प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये गये तथा प्रकरण में फालोअप लेते हुए निस्तारण आख्या से उन्हें अवगत कराने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिये गये।

# अधिवक्ताओं ने जताया आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** उपनिबंधन कार्यालय को तहसील परिसर से बाहर ले जाने के सवाल पर वकीलों में गहरा रोष है। तहसील बार एसोसिएशन की आपात बैठक में प्रशासन के निर्णय को अव्यवहारिक और जनविरोधी बताते हुए कड़ा एतराज जताया गया है। उन्होंने उपनिबंधन कार्यालय तहसील से बाहर ले जाने के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है।

तहसील बार संघ की बैठक में वकीलों ने कहा कि प्रस्तावित जगह असामाजिक तत्वों का केंद्र है। यदि उपनिबंधन कार्यालय वहां जाता है, तो कार्यालय में आने वाले विक्रेता और क्रेता किसी भी आपराधिक घटना का शिकार हो सकते हैं। इसके अलावा, प्रस्तावित स्थल तहसील मुख्यालय से डेढ़ किमी दूर है, जहां वकीलों और डीडी राइटर्स के लिए जगह उपलब्ध नहीं है। तहसील मुख्यालय से प्रस्तावित स्थल पर काम करना भी संभव नहीं है। बैठक में वकीलों का तर्क था कि यदि उपनिबंधन कार्यालय अलग से बनाना ही है, तो तहसील परिसर में जर्जर हाल चकबंदी कार्यालय के स्थान पर नया भवन बनाया जा सकता है। इसके अलावा, बाइक स्टैंड के ऊपर भी प्रस्तावित भवन बनाया जा सकता है। प्रशासन यदि चाहे, तो वर्तमान उपनि. बंधन कार्यालय के ऊपर भी पर्याप्त जगह है, जहां नया उपनिबंधन कार्यालय बन सकता है। उन्होंने चेता. वनी दी कि यदि उपनिबंधन कार्यालय तहसील से बाहर ले जाया गया, तो वकील जन सहयोग से बड़ा आंदोलन करेंगे। बैठक में तय किया गया कि उपनिबंधन कार्यालय को दूसरी जगह शिफ्ट करने का कड़ा विरोध किया जाएगा। उच्चाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से मिलकर भी उपनि. बंधन कार्यालय को तहसील परिसर से बाहर ले जाने की किसी भी योजना को निरस्त कराने का प्रयास होगा। इस मौके पर बार संघ अध्यक्ष यशपाल सिंह, महासचिव मुर्सलीन राणा, कोषाध्यक्ष सुधीर मित्तल, उधम सिंह, रामकिशन गुप्ता, मोहरचंद, संजय शर्मा, इंद्रेश त्यागी, महेंद्रपाल, अशोक शर्मा, महावीर सिंह, कुंवर सिंह, सुशील कुमार, देवेंद्र कुमार आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

❑**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश आर्म रेसलिंग रेफरी सेमिनार मे जनपद की टीम में शामिल खिलाड़ियो ने अभिषेक चौधरी के नेतृत्व मे प्रतिभाग कर रेफरी बनकर जनपद का नाम रोशन कर दिया। साथ ही कोच लाइसेंस कोर्स मे भी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी खेल उपलब्धियों मे इजाफा किया।

# स्वतंत्रता सेनानी की जयंती मनाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय किसान पथिक और अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा ने मनाई देश के महान स्वतंत्रता सेनानी वीर विजय सिंह पथिक की 144वीं जयंती मनाई गई।

दिल्ली रोड स्थित गुज्जर भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाकियू पथिक राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज चौधरी ने कहा की विजय सिंह पथिक का असली नाम भूप सिंह गुर्जर था लेकिन 1915 मे लाहौर मे नाम बदल कर विजय सिंह पथिक कर लिया था विजय सिंह पथिक का जन्म उत्तार प्रदेश बुलंदशहर के गांव गुठावली मे 27 फरवरी 1882 मे हुआ था विजय सिंह पथिक ने 1920 मे बिजौलिया किसान आन्दोलन की शुरुआत की थी। राजस्थान में किसान आनदोलन की लहर से ब्रिटिश सरकार डर गई थी।

उन्होंने किसानों के 84 मे से 35 लागते माफ कर दी थी। भारत सरकार ने विजय सिंह पथिक की स्मृति में डाक टिकट भी जारी किया था पथिक के नेतृत्व में चलाये अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष राहुल गुर्जर ने कहा हिं बिजौलिया किसान आन्दोलन को इतिहासकार देश का पहला सत्याग्रह मानते हैं। इन्होंने साहित्य पर किताबें लिखी पथिक जी से प्रेरणा लेकर युवाओं को उनके पद चिन्हों पर चलना चाहिए।

भाकियू पथिक सरकार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नाम मंडल आयुक्त को ज्ञापन सौपा जिसमे वीर विजय सिंह पथिक जी की जंयती 27 फरवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाये, वीर विजय सिंह पथिक की फोटो सरकारी कार्यालयों में लगाई जाये, वीर विजय सिंह पथिक के नाम स्कूल, कालेज, स्मारक, सडकों चौराहे के नाम घोषित किया जाये। ज्ञापन देने वालो मे राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज चौधरी, राहुल गुर्जर प्रदेश अध्यक्ष, बिटटू चौधरी, संजय खटाना, शेर सिंह गुर्जर, राकेश, मोनित,,प्रताप एडवोकेट, भारत, प्रिश चौधरी सुरेन्द्र, रविन्द्र, विकास, सुभाष, मांगेराम शर्मा, सोमवीर राणा संजय खटाना, सुशील, मामचनद, निखिल, कुलदीप, रविन्द्र, देवेन्द्र, निशानत, भूपेन्द्र चौधरी, कुलदीप आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी गोली लगने से घायल

**आरोपी ने अपने दो साथियों के मिलकर 19 फरवरी को कस्बे में फायरिंग कर दहशत फैलाई थी**


झिंझाना। मुठभेड़ में बरामद बाइक।


झिंझाना। मौके पर जमा पुलिस अधिकारी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** ऊन रोड पर गुड़ फैक्ट्री के पास बृहस्पतिवार की देर शाम पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से 25 हजार का इनामी बदमाश सिकंदरपुर का निखिल उर्फ पहाड़ी घायल हो गया। पुलिस ने घायल को ऊन सीएससी में भर्ती कराया।

एसपी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस और एसओजी को मुखबिर से सूचना मिली कि 25 हजार रूपए का इनामी निखिल किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में ऊन रोड पर खड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बाइक को रुकवाने का प्रयास किया तो बाइक सवार ने पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। पुलिस कर्मियों ने किसी तरह भाग कर जान बचाई जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने के कारण बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि बदमाश बीती 19 फरवरी को झिंझाना में पीएनबी के पीछे किसान अक्षित को अपने दो अन्य साथियों के साथ मारने के लिए पहुंचा था। उस दिन बदमाशों ने हवाई फायरिंग कर कस्बे में दहशत फैला दी थी। मोहल्ले के लोगों को अपनी ओर आता देख बदमाश मौके से भाग खड़े हुए थे। फायरिंग के मामले में पुलिस एक आरोपी को पहले ही जेल भेज चुकी है। पुलिस ने आरोपी के पास से तमंचा और कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि 25 हजार के इनामी बदमाश थाने का हिस्ट्रीशीट है तथा इसके खिलाफ थाने में चोरी, लूट समेत विभिन्न 11 मामले दर्ज है। घटना की सूचना पर सी ओ श्याम सिंह व फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची फॉरेंसिंग टीम ने मौके से साक्ष्य इकट्ठे किए।

# पीएनबी पर चेकिंग अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार शर्मा ने बस स्टैंड स्थित पीएनबी पर चैकिंग अभियान चलाया, जिसमें बैंक के बाहर खड़ी बाई को हैंडल लॉक तथा अन्य वाहनों की चैकिंग की। बृहस्पतिवार को थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार शर्मा ने बाईकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर मुख्य बस स्टैंड, बिडौली बस स्टैंड तथा पीएनबी के बाहर खड़ी बाइकों को चेक किया, जिसमें उन्होंने खड़ी बाइकों के स्टेरिंग लोग चेक किए, वहीं जिन बाईकों में स्टेरिंग लॉक नहीं थे उनके मालिकों



को बुलाकर चेतावनी दी तथा स्टेरिंग लोक लगाकर बैंक के अंदर जाने की हिदायत दी, वही वाहन चौकिंग के दौरान बाइक चालकों में हड़कंप मचा रहा। इस दौरान ट्रिपल राइडिंग करने वाले नवयुवकों को चेतावनी देकर छोड़ दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने कार चालकों से सीट बेल्ट तथा बाइक चलाने वालों को हेलमेट लगाने की सख्त हिदायत दी। दूसरी ओर पुलिस चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार त्यागी द्वारा पटाखा छोड़ने पर बुलेट बाइक सीज करते हुए कुल छह चालान कर 16 हजार का जुर्माना किया। ग्राम बरनावी निवासी जो मेरठ करनाल हाईवे पर बुलेट के साइलेंसर से पटाखे छोड़ रहा था।

## चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर गोमाता को खिलाई घास

**शामली।** गुरूवार को कस्बा बनत स्थित वृहद गौशाला में रतन एकता ट्रस्ट द्वारा स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगठन के पदाधिकारियों द्वारा गौमाता को हरी घास खिलाई गई और उनकी सेवा की गई। कार्यक्रम को संबोधित दीपेन्द्र कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद ने देश को आजाद कराने में अपने प्राणों का हस्ते हस्ते बलिदान दिया। आज



की युवा पीढी को उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। इस अवसर पर अध्यक्ष दिनेश, दीपेंद्र कुमार, मिंटू, रूबी, पप्पन, श्यामलाल, पूनम, निवास, सोमपाल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** एक व्यक्ति ने महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत को शिकायती पत्र देकर कैराना पुलिस पर नाबालिक पुत्री से दुष्कर्म के आरो. पियों के खिलाफ कार्यवाही न किए जाने का आरोप लगाया है। पीडित ने आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।



गुरूवार को कैराना क्षेत्र के गांव पंजीठ निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री के साथ राज्य महिला आयोग की सदस्य को शिकायती पत्र सोंपा। जिसमें उन्होने बताया कि गांव के ही जुनैद ने घर में घुसकर नाबालिक युवती के साथ दुष्कम किया और स्कूल से अपने घर वापिस आते समय रास्ते में जुनेद व आमिर ने अपहरण कर स्थान पर ले गए। यही नही भाई को फोन कर धमकी दी गई। जिस पर पीडितों ने कैराना पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन अभी भी उक्त लोग कोर्ट में ब्यान देने पर जान से मारने की धमकी दे रहे है। पीडितों ने मामले में जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### शामली महोत्सव की तैयारी हुई तेज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह व मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यालय में शामली महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में अपर जिलाधिकारी व सीडीओ द्वारा शामली महोत्सव को लेकर आयोजन समिति हेतु नामित किए गए अधिकारियों को जिनके जो दायित्व है उनको उसके अनुसार तैयारी के निर्देश दिए। जनपद में पहली बार शामली महोत्सव का आयोजन होगा। जिसको लेकर दिनांक 07 से 10 मार्च 2025 तिथि निर्धारित की गई और शामली महोत्सव को लेकर जनपद में स्थल चयन वी।वी। डिग्री कॉलेज शामली को रखा गया है। बैठक में अपर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा शामली महोत्सव में होने वाले कार्यक्रमों यथा सांस्कृतिक कार्यक्रम, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं साफ सफाई आदि व्यवस्था को लेकर सभी संबंधित को निर्देशित किया गया।शामली महोत्सव में स्थानीय कलाक. ारों के साथ-साथ बॉलीवुड के कलाकार की भी धूम रहेगी। शामली महोत्सव में विभागों की प्रदर्शनी साथ महोत्सव में उच्च स्तरीय फूड स्टॉल भी रहेंगे। बैठक में सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### बकायादारों के खिलाफ चलाया अभियान, 15 कनेक्शन काटे दो लाख वसूले



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कस्बे मे विद्युत विभाग के एसडीओं व जेई व उनकी टीम ने कस्बे मे छापेमारी करते हुए बकाएंदारो के कनेक्शन काटे और करीब दो लाख का राजस्व वूसला। विद्युत विभाग की टीम से कस्बे मे हडकम्प की स्थिति बनी रही। इस दौरान 40 उपभोक्ताओं के कनेक्शनों की जांच हुई।

चौसाना बिजली उपकेन्द्र पर एसडीओं अनिल कुमार व तैनात जेई मोबीन खान ने अपनी टीम के साथ गुरूवार को छापेमारी की कार्यवाही करते हुए दो लाख का राजस्व वसूला। टीम ने 40 उपभोक्ताओं के घरो पर अचानक से कार्यवाही करते हुए बिलो की जांच की और बकाया होने पर बिजली कनेक्शनों को काट दिया। इसके बाद उन्हे हिदायत की कि अगर कनेक्शन को विभाग के नियमों के जोडा गया तो चोरी मे कार्यवाही होगी। वही इस दौरान टीम ने 15 लोगो के कनेक्शन को काटे। विद्युत विभाग की कार्यवाही से कस्बे मे हडकम्प की स्थिति बनी रही।

..............................................................................

बकाएदारों की संख्या अधिक होने के कारण फिल्ड मे जाना पडता है। शासन की मंशा है कि शत प्रतिशत भुगतान है। बहुत उपभोक्ताओं ने कहने पर बिलों को जमा कराया और जिन उपभोक्ताओं पर अधिक समय से बकाया था उनके कनेक्शन काटे गए।

**अनिल कुमार ,एसडीओ शामली**

# सेंट आरसी में ऋषि बोध उत्सव मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ऋषि बोध उत्सव पर आर्य समाज द्वारा आयोजित यज्ञ के पांचवे दिन यज्ञ शहर के सेंट आरसी कॉन्वेंट स्कूल प्रांगण में किया गया। जिसमें मुख्य यजमान मीनू संगल एवं अरविंद संगल रहे। अरविंद संगल ने कहा कि यज्ञ संसार का सर्वश्रेष्ठ कर्म है। यज्ञ के तीन प्रमुख उद्देश्य हैं। देव पूजा, संगतिकरण एवं दान, तथा यज्ञ का वैज्ञानिक प्रभाव भी है। यज्ञ से जहां मन मस्तिष्क शुद्ध होता है वहीं पर्यावरण का शुद्धिकरण भी होता है। भजनोपदेशक पंडित सौमित्र अंगिरस ने सत्संग एवं संगतिमय उपदेश करते हुए कहा कि समाज में योग्यतानुसार सबको साथ लेकर चलना ही उन्नति का मूल मंत्र है। सत्संग का मूल अर्थ सत्य को ग्रहण करना एवं असत्य को छोड़ना है। इस अवसर पर प्रसिद्ध विद्वान शैलेश मुनि सत्यार्थी ने भी या परिवारों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में सबसे पहले सुबह 5 बजे प्रभातफेरी निकाल कर आर्य समाज के पदाधिकारियों द्वारा सुबह 6 बजे यज्ञ स्थल पर जाकर यजमान परिवार को धर्म ध्वज प्रदान किया गया।


जिसे यजमान परिवार ने यज्ञ स्थल के मुख्य द्वार पर फहराया तत्पश्चात सुबह 8 बजे आर्य यज्ञ आरम्भ हुआ। यज्ञ समाप्ति के पश्चात सत्संग शुरू किया गया। इस अवसर पर मीरा वर्मा, ज्ञानेन्द्र मलिक, प्रधान राजपाल सिंह, नितिन वर्मा, सत्यप्रकाश आर्य, नरेंद्र अग्रवाल, मुकेश चौधरी, भारत संगल, कौशल्या आर्या, मिथलेश आर्या, अमिता आर्या, सुनीता पाल, रविन्द्र पाल सिंह मलिक, सत्यपाल सिंह, विजयपाल सिंह आर्य, योगाचार्य नरेंद्र सिंह आर्य आदि उपस्थित रहे।

# साइबर ठगों ने व्यक्ति के खाते से उड़ाए लाखों रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** साइबर ठगों ने पीएनबी दिल्ली हेड ऑफिस के नाम से फोन कर रिटायर्ड मास्टर के खाते से लाखो रूपए उड़ाए। पीड़ित ने शामली साइबर क्राइम थाने में आरो. पियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। साइबर क्राइम की टीम मामले की जांच कर रही है। जहां एक और जिला तथा प्रदेश पुलिस साइबर क्राइम की रोकथाम व उनसे बचने के लिए पुलिस प्रशासनिक अधिकारी लगातार मीटिंग कर लोगों को सजग करते आ रहे हैं, वहीं ठगी करने वाले भी नए-नए तरीके ईजाद कर साइबर क्राइम कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला कस्बे के एक रिटायर्ड मास्टर के साथ हुआ है। जिससे फोन से जानकारी लेकर एक ऐप डाउनलोड करने के बहने उनसे खाते की सारी डिटेल लेकर करीब साढ़े आठ लाख रूपये ठगो ने आठ बार में निकल लिए।

कस्बे के मेरठ करनाल रोड स्थित ईदगाह के निकट निवासी रिटायर्ड मास्टर ओम प्रकाश शर्मा को गत दिवस साइबर ठगों ने दिल्ली से पंजाब नेशनल बैंक के हेड ऑफिस से अधिकारी बनकर फोन आया। जिसने उनसे नेट बैंकिंग के लिए उनके खाते की डिटेल मांगी लेकिन उन्होंने डिटेल देने से मना कर दिया, लेकिन जब उन्होंने उनको डिटेल नहीं दी तो दूसरी ओर से उनको दो दिन पूर्व एक लिंक भेजा गया था। जिस पर मास्टर द्वारा क्लिक कर दिया था। उन्होंने बताया कि लिंक को डाउनलोड नहीं किया था। लिंक बंद करने के बहने सायबर ठगों ने मास्टर से उनके खाते की डिटेल तथा मोबा. इल नंबर ले लिया था। उसके बाद गत दिवस ठगों ने आठ बार करके आठ लाख 40 हजार रूपये निकाल लिए। मास्टर पर पैसे काटने के एसएमएस आते रहे लेकिन वह कुछ नहीं कर पाए। पूरी जिंदगी की गाढ़ी कमाई को अपनी आंखों किसने जाता देख मास्टर के होश उड़ गए। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को भी ठगों ने खाते में 83 सौ रूपये शेष थे उन्हें भी निकल लिया। खाते में पड़ी कुल रकम 848300 रूपये ठगो द्वारा निकाल लिए गए। खाता खाली होने की जानकारी उन्होंने स्थानीय पुलिस को दी। बड़ा मामला होनें के चलते शामली साइबर क्राइम थाने भेज दिया


पीड़ित।

गया, जहां पर उनसे डिटेल लेकर साइबर क्राइम की टीम मामले की जांच में लगी हुई है।

## अटल आवासीय विद्यालय हेतु प्रवेश परीक्षा की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अपर जिलाधिकारी वि. रा. नोडल अधिकारी, शामली संतोष कुमार सिंह ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा-6 व कक्षा-9 में प्रवेश हेतु आगामी 2.3.2025 को प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्रवेश परीक्षा सम्पादित की जानी है। उक्त परीक्षा हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक, शामली द्वारा सत्य नारायण इण्टर कालेज, शामली को परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि कक्षा-6 के लिए परीक्षा में कुल-80 प्रश्न होंगे, जो कुल-100 अंकों के होंगे तथा कक्षा-9 के लिए अंग्रेजी, हिन्दी, गणित, एवं विज्ञान के प्रश्न होंगे जो कुल-100 अंकों के होंगे। प्रश्न केवल वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे। उत्तर पुस्तिका के रूप में होगी। दिव्यांग छात्रों के लिए 40 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। परीक्षा अंग्रेजी और हिन्दी दोनों भाषाओं में आयोजित कराई जाएगी। अत: अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु सभी छात्र एवं छात्राओं तथा अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि वह परीक्षा केंद्र सत्य नारायण इण्टर कालेज, शामली में परीक्षा प्रारंभ होने से निर्धारित समय से 02 घण्टा पूर्व परीक्षा केन्द्र के मुख्य प्रवेश द्वारा पर पहुंचना अनिवार्य है।

# स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के वीवी पीजी कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2024- 25 का पुरुष एवं महिला वर्ग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर जय कुमार सरोहा एसडी कॉलेज गाजियाबाद तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डा। सुधीर कुमार साथ में महाविद्यालय के डीन डा। भूपेंद्र कुमार तथा क्रीड़ा अधिक. ारी धीरेंद्र कुमार ने मां सरस्वती के प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर आज के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि जय कुमार सरोहा ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वास्थ्य मस्तिष्क का विकास होता है। इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व के निर्माण में खेल एवं व्यायाम का स्थान महत्वपूर्ण होता है। डा। भूपेंद्र कुमार ने छात्र-छात्राओं से खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने का


शामली। कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

आहवान किया।

इस दौरान 100 मीटर में सुमित, आदित्य व अमन प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में खुशी, तनीशा, नेहा ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही। 200 मीटर दौड में शगुन, नेहा, संजना प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही। पुरूष वर्ग में सुमित, आदित्य, अमन चौधरी प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। 400 मीटर दौड में शगुन, राखी, नेहा प्रथम द्वितीय व तृतीय रही। 800 मीटर में आकाक्षा प्रथम, संध्या द्वितीय व राखी तीसरे स्थान पर रही।

## दुकानदार से मारपीट के आरोपियों को जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** किरयाना के दुकानदार को मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जबकी एक आरोपी अभी पकड़ से बाहर है।

गंगदासपुर गांव निवासी बबलू कुमार की पत्नी मीना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि पति गांव में किरयाना की दुकान चलाता है। करीब एक सप्ताह पूर्व नानौता के चार लोगों ने दुकान बंद कर घर आ रहे पति को रास्ते में रोककर गाली गलौज करते हुए मारपीट की थी। जिसमें वे घायल हो गया था। पुलिस ने मामले में चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाई शुरू की थी। आरोपी तभी से फरार चल रहे थे। बृहस्पतिवार को पुलिस ने आरोपी बबलू, बंटी और मुकुल को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी अभी फरार है।

## मास्टर ट्रेनिंग से वापस लौटने पर सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किए जाने के कार्यक्रम में भाग लेकर लौटे आपदा मित्रों को एडीएम ने प्रशंसा और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

गत 3 से 23 फरवरी तक आपदा मित्र स्कीम के अंतर्गत प्रदेश के 100 आपदा मित्रों को राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित कर जागरुक किए जाने का कार्यक्रम लखनऊ में संपन्न हुआ। शिक्षण कार्यक्रम के उपरांत अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह द्वारा उक्त आपदा मित्रों को प्रशंसा, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राप्त प्रशिक्षणकर्ता के रूप में उपस्थित आपदा मित्रों को विभिन्न आपदाओं के प्रति सदैव तैयार रहने और दूसरों की मदद करने के लिए प्रेरित किया। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में चयनित आपदा मित्रों को एडीएम ने किसी व्यक्ति के आपदा में प्रभावित होने से बचाने व अपने जीवन में सही सदुपयोग करने' हेतु प्रेरित कर आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला आपदा अधिकारी नेहा दूबे भी मौजूद रही।

# बीमारियों के कारण एवं बचाव पर किया व्याख्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मार्गदर्शन में एनएसएस स्वयंसेवियों ने जाकर रोगियों की लाइन बनवाने, बुजुर्ग और प्रसूता महिलाओं को काउंटर तक पहुंचाने, रोगियों को स्वच्छता एवं संतुलित खान पान के विषय में जागरूक किया।

विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में टीबी के विषय


समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद एनएसएस स्वयंसेवियों।

में भी रोगियों को जागरूक करने का प्रयास किया। शिविर के छठे दिन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा मीनाक्षी धीमान, ओरल एंड जनरल हेल्थ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैराना तथा डा रीनू असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी ने कार्यक्रम का शुभारंभ युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानन्द की तस्वीर पर माल्यार्पण एवम पुष्प अर्पित कर किया। तत्पश्चात महान स्वतंत्रता सेनानी विजय सिंह पथिक की तस्वीर पर उनकी जन्मजयंती के अवसर पर एवम महान क्रांतिकारी अमर शहीद चन्द्र शेखर आजाद जी पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनको नमन एवम स्मरण किया।

मीनाक्षी धीमान ने स्वयंसेवियों को बताया कि स्वच्छता एवं स्वास्थ्य मानव जीवन के अभिन्न अंग है।व्यायाम ,संतुलित खानपान व सकारात्मक सोच एक स्वस्थ जीवन का आधार है। उन्होंने स्वयंसेवियों को सर्वाइकल कैंसर के कारण, बचाव, वैक्सीन,कुष्ठ रोग के कारण,बचाव,सावधानियां आदि के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्राओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता,खानपान के विषय महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की, इसके अतिरिक्त उन्होंने टीबी एवम फाइलेरिया जैसे रोगों के फैलने के कारण एवम उनसे बचाव के विषय में भी जागरूक किया। काउंस. लिंग सत्र में डा मीनाक्षी धीमान ने उनकी जिज्ञासाओं और प्रश्नों का समाधान कर मार्गदर्शन प्रदान किया साथ ही छात्राओं को सेनीटरी पैड तथा समस्त स्टूडेंट्स को आयरन की गोलियां वितरित की गई। टीबी मुक्त भारत विषयों पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में अजरा मिर्जा ,दीपा सैनी ने प्रथम स्थान, आंचल गौतम, वैभव,मुस्कान मलिक ने द्वितीय स्थान तथा असबा, अर्शी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में टीम विजय सिंह पथिक द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह के रूप में पौधा भेंट किया।

## शुगर मिल ने किसानों के गन्ने का किया भुगतान

**देवबन्द।** गन्ना भुगतान में मंडल में अव्वल स्थान पर चल रही त्रिवेणी शुगर मिल देवबंद द्वारा 18 फरवरी तक गन्ना खरीद का भुगतान संबंधित सहकारी समितियों द्वारा किसानों के खातों में भेज दिया गया है। उक्त जानकारी देते हुए त्रिवेणी शुगर मिल के उपाध्यक्ष पुष्कर मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि 29 करोड़ 32 लाख रुपये का भुगतान किसानो को 18 फरवरी 2025 तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान मिल द्वारा करा दिया गया है। उन्होंने किसानों से साफ-ताजा एवं जड़ रहित गन्ना ही आपूर्ति करने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों से एसएमएस मिलने पर ही गन्ने की छिलाई कर मिल को सप्लाई करने की भी अपील की।

### स्वयंसेवकों ने घरेलू गैस सेफ्टी से संबंधित ली जानकारी

**देवबन्द।** गांव रणखंडी के ठाकुर कृपाल सिंह मेमोरियल डिग्री कालेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर के छठे दिन स्वयंसेवक व सेविका ने रणखंडी गांव में स्थित इंडेन गैस एजेंसी के कार्यालय पर जाकर घरेलू गैस से सम्बंधित जानकारी ली।




हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई वाली अफगानिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया

# सेमीफाइनल में पहुंचने के इरादे से उतरेगा अफगानिस्तान

## चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप मुकाबला आज, ऑस्ट्रेलिया की साख होगी दांव पर

**लाहौर, वार्ता।** इंग्लैंड पर शानदार जीत से उत्साहित अफगानिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप मुकाबले में शुक्रवार को जीत के इरादे से उतरेगा, वहीं ऑस्ट्रेलिया के लिए इस मैच पर उसकी साख दाव पर होगी। गद्दाफी स्टेडियम में कल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के 10वें मैच में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने पर अपनी लय को जारी रखना चाहेगा। यह मुकाबला रोमांच होने वाला है अगर अफगानिस्तान इस मुकाबले को जीत लेता है वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा और ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट से बाहर हो जायेगी। ग्रुप बी की मौजूदा स्थिति को देखा जाये तो दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान ने एक-एक मैच में जीत दर्ज की हैं।

वहीं अफगानिस्तान को दो मैचों में एक में हार का सामना भी करना पड़ा है। हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई वाली अफगानिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। इस मैच में उमरजई की ऑलराउंड प्रतिभा और जादरान की 146 गेंदों पर 177 रनों की पारी ने अफगानिस्तान की जीत में अहम भूमिका निभाई, जिससे टीम को इस अहम मुकाबले से पहले नया आत्मविश्वास मिला। वहीं ऑस्ट्रेलिया की टीम जोश इंग्लिस की इंग्लैंड के खिलाफ पिछले मैच में सिर्फ 86 गेंदों पर नाबाद 120 रनों की पारी से प्रेरणा लेगी। विकेटकीपर-बल्लेबाज की जवाबी पारी ने अकेले दम पर खेल का रुख बदलने की उनकी क्षमता को दर्शाया। जिसने उन्हें प्रतिभाशाली खिलाड़ी के रूप में उबरे हैं। संतुलित अफगानिस्तान एक बार फिर लाहौर की परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए राशिद खान, मोहम्मद नबी और नूर अहमद की स्पिन तिकड़ी पर निर्भर करेगा। विश्व स्तरीय लेग स्पिनर राशिद विपक्षी लाइनअप को ध्वस्त करने की अपनी





क्षमता के साथ गेम-चेंजर बने हुए हैं। इस बीच, ऑस्ट्रेलियाई खेमे के एक गतिशील ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी और ऑफ-स्पिन के साथ मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं, जिससे वह इस करो या मरो वाले मुकाबले में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बन सकते हैं। ट्रैविस हेड की आक्रामक बल्लेबाजी अफगानिस्तान के लिए एक बड़ा खतरा है। अफगानिस्तान का शीर्ष क्रम जदरान की निरंतरता पर निर्भर करेगा, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पारी की शुरुआत की, जबकि उमरजई की दोनों विभागों में योगदान देने की क्षमता से टीम को बल मिलता है। स्टीवन स्मिथ की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम पर इस मुकाबले को लेकर दबाव है।

उसे पता है कि हार से चैंपियंस ट्रॉफी में उसका अभियान समाप्त हो जाएगा। हेड और मैथ्यू शॉर्ट की मौजूदगी में शीर्ष पर, उसके बाद स्मिथ और मार्नस लैबुशेन की मौजूदगी में मध्यक्रम में स्थिरता बनी हुई है, जिससे उनकी बल्लेबाजी एक महत्वपूर्ण ताकत बनी हुई है। गेंदबाजी विभाग में, एडम जम्पा की स्पिन और नाथन एलिस की गति अफगानिस्तान की आक्रामक बल्लेबाजी इकाई का मुकाबला करने के लिए महत्वपूर्ण होगी। गद्दाफी स्टेडियम की पिच से शुरुआत में बल्लेबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है, और मैच आगे बढ़ने के साथ ही स्पिनरों की भूमिका भी बढ़ जाएगी।



## बारिश के चलते पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश का मैच रद्द

**रावलपिडी, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच गुरुवार को होने वाले मैच को रूक रूक कर हो रही बारिश के कारण रद्द कर दिया गया हैं। मैच रेफरी ने मैदान का निरीक्षण किया और बारिश को देखते हुए इस मैच को रद्द करने का फैसला लिया। दोनों टीमों को एक-एक अंक दिए गए। दोनों टीमें पहले ही चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो चुकी और यह दोनों का आखिरी ग्रुप मुकाबला था। बारिश के कारण मैच का टॉस भी नहीं हुआ और बिना एक भी गेंद फेंके मैच को रद्द कर दिया गया। बांग्लादेश तीन मैचों में दो हार और एक रद्द मैच के साथ एक अंक और माइनस 0-44 नेट रन रेट लेकर तीसरे स्थान पर रही। वहीं मेजबान पाकिस्तान माइनस 1-09 नेट रन रेट के साथ ग्रुप अंक तालिका में चौथे स्थान पर रही।



**खेल विशेष**

## गुजरात जायंट्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का किया फैसला

**बेंगलुरु, वार्ता।** गुजराज जायंट्स ने गुरुवार को वूमेंस प्रीमियर लीग के 12वें मैच में टॉस जीतकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यहां गुजरात जायंट्स की कप्तान ऐश्ली गार्डनर ने टॉस जीतकर कहा कि हम पहले गेंदबाजी करेंगे। लक्ष्य का पीछा करना आसान रहा है। उम्मीद है कि हम शुरुआती विकेट लेने में सफल रहेंगे। उन्होंने कहा कि टीम में एक बदलाव है हेमा को एकादश में शामलि किया गया हैं। वहीं रॉयल चैलेंजर्स की कप्तान स्मृति मांधना कि हम भी लक्ष्य का पीछा करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि टीम में एक बदलाव है प्रेमा को एकादश में जगह दी गया है।

## आदित्य सरवटे ने केरल की लड़खड़ी पारी को संभाला

**नागपुर, वार्ता।** आदित्य सरवटे (नाबाद 66) की जूझारू पारी ने गुरुवार को रणजी ट्रॉफी के फाइनल में मुकाबले के दूसरे दिन केरल की लड़खड़ी पारी को संभाला। इससे पहले एम डी निधीष और ईडन ऐपल टॉम (3-3 विकेट) और एनपी बासिल (दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत केरल ने मैच में वापसी करते हुए विदर्भ को पहली पारी में 379 के स्कोर पर रोक दिया था। बल्लेबाजी करने उतरी केरल की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 14 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिए।

## दीपक-रणविजय ने किया विश्वस्तरीय निशानेबाजी सुविधा का उद्घाटन

**निशानेबाजी सुविधा छात्रों को सर्वोत्तम प्रशिक्षण करने के साथ-साथ अगली पीढ़ी के चैंपियंस को प्ररित भी करेगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय शूटर दीपक कुमार और टीवी कलाकार रणविजय सिघा ने गुरुवार को वसंत कुंज के जीडी गोयनका स्कूल में एक अत्याधु. निक निशानेबाजी सुविधा का उद्घाटन किया। यह शूटिग रेंज एक प्रभावशाली, ओलंपिक आकार की 10-मीटर सुविधा है, जिसमें आधुनिक एयर राइफल और एयर पिस्टल के साथ-साथ एक उन्नत इलेक्ट्रॉनिक टारगेट स्कोरिग प्रणाली है।

इस अवसर पर रणविजय सिघा ने कहा कि मैं इस निशानेबाजी सुविधा को देखकर और यहां हुए कुछ खेलों को फिर से देखकर बहुत उत्साहित हूं। अगर युवा बच्चों को स्कूल में ऐसी सुविधा और समर्थन मिलेगा तो खिलाड़ी और एथलीट देश के लिए अनगिनत पदक जीतने से नहीं रुकेंगे। अधिकारी, एशियाई खेलों में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले भारतीय निशानेबाज दीपक कुमार ने कहा कि निशानेबाजी सुविधा का उद्घाटन एक शुभ कदम है। एक एथलीट में हमारे राष्ट्रीय ध्वज को पूरी दुनिया के सामने ऊंचा करने की क्षमता होती है।

## उत्तर प्रदेश अपर ने जीता कामाख्या क्रिकेट लीग का खिताब

**नोएडा, वार्ता।** उत्तर प्रदेश अपर ने चंडीगढ़ चैंपियन को 25 रन से हरा कर कामाख्या क्रिकेट लीग का खिताब अपने नाम कर लिया है।

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अंडमान निकोबार के तत्वाधान में चैंपियंस स्पोर्ट्स और एंटरटेनमेंट द्वारा नोएडा इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गये मैच में यूपी अपर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट खोकर 159 रन बनाए जिसमें हाफिज मोहम्मद फैज ने सर्वाधिक 72 रन का योगदान दिया।


**चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने पर पाक में हंगामा**

## पीएम शहबाज शरीफ संसद में उठाएंगे मुद्दा

**रावलपिंडी, वार्ता।** मेजबान पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी से एक भी मैच जीते बिना बाहर हो गया है। टीम के खराब प्रदर्शन से पाकिस्तान में बवाल मचा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस मामले की कैबिनेट और संसद में चर्चा करेंगे। पीएम के राजनीतिक और सार्वजनिक मामलों के सलाहकार राना सनाउल्लाह ने जियो टीवी के कार्यक्रम जियो पाकिस्तान में यह जानकारी दी। चैनल ने दावा किया है कि यह मामला संसद में उठाया जाएगा।

पाकिस्तान को 29 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी मिली। इससे पहले 1996 में भारत के साथ मिलकर पाकिस्तान ने वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी की थी। पीएम एडवाइजर राणा सनाउल्लाह ने कहा कि इस टूर्नामेंट के लिए हमने 12 से 14 अरब रुपए खर्च किए, लेकिन टीम हार गई। मुझे इस बात का बहुत अफसोस हुआ। दुनिया क्रिकेट खेलेगी और हम तमाशाई बन गए हैं। जितनी तवज्जो स्टेडियम को दी गई। उतनी ही टीम को देनी चाहिए थी। इससे पूरा पाकिस्तान मायूस है। पाक क्रिकेट बोर्ड एक स्वतंत्र ऑर्गेनाइजेशन है। इसमें बेपनाह पैसा है, यहां पर अधिकारी पैसे के लिए टिके हुए हैं। लोग डेपुटेशन पर अपनी डयूटी लगवाते हैं, जिससे एक सिस्टम बन गया है। मेरा मानना है कि च्ब्ठ को सरकार नियंत्रित करे। सिर्फ एक अंक मिला पाक की टीम इस टूर्नामेंट में एक भी जीत हासिल नहीं कर सकी है। ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल में टीम के पास महज एक अंक है। बांग्लादेश को भी एक अंक मिला है। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें 4-4 अंक लेकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। टीम लगातार तीसरे आईसीसी टूर्नामेंट के लीग राउंड से बाहर पाक की टीम लगातार तीसरे आईसीसी टूर्नामेंट के लीग राउंड से बाहर हो गई है। इससे पहले टी-20 वर्ल्ड कप और 2023 वनडे वर्ल्ड कप में भी पाक टीम टॉप-4 में नहीं पहुंच सकी थी। टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद भी पाक क्रिकेट बोर्ड के चीफ मोहसिन नकबी को फटकारा गया था। वहीं, वनडे वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद कप्तान, कोच और पीसीबी चीफ को हटाया गया था। टी-20 वर्ल्ड कप रू 4 में से 2 मैच जीत सकी टीम पाक की टीम वेस्टइंडीज और अमे. रिका में आयोजित टी-20 टूर्नामेंट के लीग राउंड से बाहर हो गई थी। टीम ने 4 में से 2 मैच ही जीत सकी। टीम सुपर-8 राउंड में भी जगह नहीं बना सकी थी। तब बाबर ने कप्तानी छोड़ दी थी। कोच गैरी कर्स्टन और जेसन को हटाया गया था। वनडे वर्ल्ड कप में पहले राउंड से बाहर भारत की मेजबानी में आयोजित 2023 वनडे वर्ल्ड कप में पाक पहले राउंड से बाहर हो गई थी।

## पैट कमिंस डब्ल्यूटीसी के लिए तैयार



**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिस को उम्मीद है कि आगामी आईपीएल सीज़न और जून में दक्षिण अफीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए वह तैयार हो सकेंगे। भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान टखने की चोट के कारण कमिस चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से चूक गए थे। हालांकि अगले कुछ महीनों के दौरान व्यस्त सीज़न में वह अपनी फिटनेस को लेकर आशावादी हैं। कमिस ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो को बताया कि टखना पूरी तरह से मजबूत हो रहा है, इसे अच्छा आराम दे पा रहा हूं और फिर धीरे-धीरे मजबूत हो रहा हूं, जो आपको बहुत अधिक क्रिकेट खेलने पर नहीं मिलता है। यह कुछ समय के लिए उतना ही मजबूत महसूस हो रहा है। आईपीएल के लिए ठीक होना चाहिए, यही योजना है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने बताया कि उनके टखने को समय के साथ सावधानीपूर्वक प्रबंधन की आवश्यकता थी और मेलबर्न में बॉक्सिग डे टेस्ट के दौरान यह एक बड़ा मुद्दा बन गया। कमिस ने कहा कि यह कुछ ऐसा है जिस पर हमने कभी भी सर्जरी नहीं करने का विकल्प चुना है, बस पुनर्वास के लिए बहुत कुछ करना होगा। इस ब्रेक का मतलब है कि मैं कुछ कॉर्टिसोन प्राप्त कर सकता हूं और वास्तव में पिछले कुछ हफ्तों में इसका अच्छी तरह से पुनर्वास कर सकता हूं। भविष्य को देखते हुए, कमिस को उम्मीद है कि डब्ल्यूटीसी फाइनल के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में पूर्ण भूमिका निभाने से पहले आईपीएल के दौरान उनका कार्यभार लगातार बढ़ेगा। उन्होंने व्यस्त कार्यक्रम में रणनीतिक आराम के महत्व को स्वीकार किया। उन्होने कहा कि कभी-कभी अजीब दौरे को मिस करने से आप वास्तव में पूरे साल अधिक क्रिकेट खेलते हैं।

**टखना पूरी तरह से मजबूत हो रहा है, इसे उच्छा आराम दे पा रहा हूं और फिर से मजबूत हो रहा हूं**

**आईपीएल-2025**

## पीटरसन को डीसी ने बनाया मेंटॉर



**2009 से 2014 तक बतौर खिलाड़ी आईपीएल का हिस्सा रहे फ्रेंचाइजी की कप्तानी भी कर चुके**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स ने पूर्व इंग्लिश कप्तान केविन पीटरसन को आईपीएल 2025 के लिए अपना मेंटॉर बनाया है। वे पहली बार कोचिंग रोल में होंगे। 44 साल के पीटरसन का यह कोचिंग रोल में पहला कार्यकाल है। वे 2009 से 2014 तक बतौर खिलाड़ी भारतीय लीग का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने 17 आईपीएल मैचों में कप्तानी भी की है। दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को इस पोस्ट के जरिए पीटरसन को मेंटॉर बनाने का ऐलान किया। फ्रेंचाइजी ने 3 महीने पहले कोचिं. चंग स्टाफ में बदलाव किया फ्रेंचाइजी ने 3 महीने पहले अपने कोचिंग स्टाफ में बदलाव किया था। तब हेड कोच रिकी पोंटिंग पंजाब किंग्स के साथ जुड़ गए थे। पूर्व तेज गेंदबाज मुनाफ पटेल को गेंदबाजी कोच बनाया गया, जबकि हेमंग बदानी टीम के हेड कोच और वेणुगा. `पाल राव क्रिकेट के डायरेक्टर बने। 2021 के बाद से प्लेऑफ में नहीं पहुंची दिल्ली दिल्ली कैपिटल्स की टीम 2021 के बाद से आईपीएल के प्लेऑफ में नहीं पहुंच सकी है। तब टीम ऋषभ पंत की कप्तानी में कोल. काता से क्वालिफायर-2 हारकर बाहर हो गई थी।

## एमडी निधीष और ईडन ऐपल टॉम ने विदर्भ को रोका

**नागपुर, वार्ता।** एम डी निधीष और ईडन ऐपल टॉम (तीन-तीन विकेट) और एनपी बासिल (दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत केरल ने रणजी ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले के दूसरे दिन गुरुवार को एक बार फिर से मैच में वापसी करते हुए विदर्भ को पहली पारी में 379 के स्कोर पर रोक दिया। विदर्भ ने कल के चार विकेट पर 254 रन से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में 290 के स्कोर पर एनपी बासिल ने कल के शतकवीर दानिश मालेवार को बोल्ड कर केरल को बड़ी सफलता दिलाई। दानिश मालेवार ने 285 गेंदों में 15 चौके और तीन छक्के लगाते हुए (158) रनों की पारी खेली। विदर्भ के स्कोर में पांच और रन जुड़ने के बाद ही बासिल ने यश ठाकुर (25) को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। बल्लेबाजी करने आये कप्तान अक्षय वड़कर भी पिच पर अधिक देर तक नहीं टिक सके। ईडन ऐपल टॉम ने पहले यश राठौड़ (तीन) को आउट किया। अक्षय कारनेवार (12) और नचिकेत भूटे (32) रन बनाकर आउट हुए। अक्षय वड़कर (23) ईडन ऐपल टॉम ने आउट किया। केरल के गेंदबाजी आक्रमण के आगे विदर्भ की टीम ने आज 125 रन और जोड़कर अपने छह विकेट गवां दिए। विदर्भ ने 123-1 ओवर में 379 का स्कोर बनाया। केरल की ओर से एम डी निधीष और ईडन ऐपल टॉम ने तीन-तीन और एनपी बासिल ने दो विकेट विकेट लिए।

## रामकुमार-मायनेनी ने शानदार जीत के साथ की शुरुआत

**रामकुमार और मायनेनी ने मजबूत शुरुआत की और चौथे गेम में विरोधियों की सर्विस तोड़कर 4-1 की बढ़त बना ली**

**बेंगलुरु, वार्ता।** गत चैंपियन रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी ने केएसएलटीए कोर्ट में इटली के जैकोपो बेरेटिनी और एनरिको डल्ला वैले पर सीधे सेटों में जीत के साथ अपने 2025 दाफान्यूज बेंगलुरु ओपन अभियान की शुरुआत की। टूर्नामेंट के इतिहास में तीन खिताबों के साथ सबसे सफल भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में आगे बढ़ने के लिए एक घंटे और 14 मिनट में 6-3, 7-6(4) से जीत हासिल की। कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस एसोसिएशन (केएसएलटीए) द्वारा आयोजित दो लाख अमेरिकी डॉलर इनामी राशि वाला बेंगलुरु ओपन वर्तमान में भारत का सबसे बड़ा एटीपी टूर इवेंट है, जिसमें चैंपियन 125 एटीपी रैंकिग अंक अर्जित करने के लिए तैयार है। रामकुमार और माइनेनी ने मजबूत शुरुआत की और चौथे गेम में अपने विरोधियों की सर्विस तोड़कर 4-1 की बढ़त बना ली। उन्होंने शुरुआती सेट 30 मिनट से कम समय में ख्त्म कर दिया, लेकिन दूसरे सेट में कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ा, छठे गेम में बेरेटिनी और डल्ला वैले ने वापसी की। हालाँकि, घरेलू प्रबल दावेदारों ने तुरंत वापसी की और टाईब्रेकर में 6-3, 7-6(4) से जीत हासिल कर ली। भारतीय जोड़ी का अगला मुकाबला हाइनेक बार्टन और एरिक वैनशेलबोइम से होगा, जिन्होंने अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जोहान्स इंगिल्डसन और इवान लिउटारेविच को 6-3, 1-6, 13-11 से हराया। अन्य युगल मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त अनिरुद्ध चन्द्रशेखर और रे हो ने साई कार्तिक रेढी गंता और खुमोयुन सुल्तानोव पर 6-4, 6-4 से जीत दर्ज कर क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की की। भारतीय-ताइवानी जोड़ी ने बेहतरीन तालमेल का प्रदर्शन करते हुए प्रत्येक सेट के नौवें गेम में सर्विस तोड़कर एक घंटे 13 मिनट में जीत हासिल कर ली। इस बीच, वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले आदिल कल्याणपुर और करण सिंह ने शानदार वापसी करते हुए साथी भारतीयों नितिन कुमार सिन्हा और मनीष सुरेशकुमार को रोमांचक तीन-सेटर में हरा दिया। पहला सेट 1-6 से हारने के बाद, आदिल और करण ने दूसरे सेट में 6-2 से जीत हासिल की और मैच टाईब्रेकर में 10-4 से हावी हो गए।



### डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों को प्रदान किए परिचय पत्र

# देश व समाज हित में प्रयोग हो लेखनी:डा.अजय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब के कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को परिचय पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने पत्रकारों से अपनी लेखनी का प्रयोग देश व समाज हित में किए जाने का आह्वान किया।

दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर डॉ.अजय कुमार सिंह का क्लब के चेयरमैन जावेद साबरी व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र चो. हान के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को क्लब का परिचय पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर डॉ.अजय कुमार सिंह ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है, जिसकी समाज को सही दिशा देने में अहम भूमिका है। उन्होंने पत्रकारों से अपनी लेखनी का प्रयोग देश व समाज हित में करने का आह्वान किया। क्लब के चेयरमेन जावेद साबरी ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब से जुड़े पत्रकार डीपीसी न्यूज नेटवर्क के माध्यम से हर घटना को तत्काल पहुंचाने का काम कर रहे है। उन्होंने क्लब द्वारा पत्रकारों के हित में किए जा रहे कार्यो की भी जानकारी दी। क्लब के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब प्रिंट व इलेक्ट्रोनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों का एक मजबूत संगठन है जो पूरी ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है। उन्होंने कहा कि क्लब से जुड़े पत्रकार अपनी लेखनी के माध्यम से जनता की समस्याओं को उजागर करने का काम करें। कार्यक्रम में संयोजक अबुबकर शिब्ली व संरक्षक कुमार योगेश ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम को डॉ.शाहिद जुबैरी व मनोज सिंघल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जावेद साबरी व सुरेन्द्र चौहान ने की, जबकि संचालन अरविंद टेबक व श्रवण शर्मा ने किया। इस दौरान श्रवण शर्मा, मनोज मिड्ढा, अनूप सैनी, अश्वनी रोहिला, रमेश चंद गर्ग, रमन गुप्ता, राव शमीम, सुरेन्द्र अरोड़ा, आस मौहम्मद, जिक्रिया खान, पुरूषोत्तम शर्मा, मुस्तकीम राव, शमीम मंसूरी, दिनेश पुंडीर, विमल शर्मा, गौरव बजाज, गगन गुम्बर, मोइन सिद्दकी, आबाद अली, खुर्शीद आलम, नदीम अहमद, अशोक कुमार, नवीन चौहान, शि. वनंदन शर्मा, मौ.शाहनवाज, नौशाद उस्मानी, पिंटू शर्मा, शेख मतीन खान, समीर चौधरी, मौ.सुल्तान, जाहिद खान, फिरोज खान, मौ.आसिफ, सो. हेल खान, जीशान खान, उस्मान राणा, हिमांशु रोहिला, मो.फारूख, अर्पित मिड्ढा, धर्मेन्द्र अनमोल, अब्दुल रहमान, तजमुल राव, इकबाल खान, सत्तार, सोनू कुरैश, नौशाद उस्मानी, अब्दुल रउफ आदि मौजूद रहे।




# परियोजनाएं पूरी करने को लगाएं अतिरिक्त संसाधन: संजय चौहान

**शाह टाइमस ब्यूरो**

**सहारनपुर।** स्मार्ट सिटी सीईओ व नगरायुक्त संजय चौहान ने स्मार्ट सिटी की सभी परियोजनाओं को अतिरिक्त संसाधन लगाते हुए मार्च तक पूरा करने के निर्देश अधिकारियों एंव कार्यदायी एजेंसियों को दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्यदायी एजेंसी परियोजनाओं को लटकाएं नहीं।



स्मार्ट रोड पर विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के मीटर लगाने का कार्य 10 मार्च तक पूरा करने का आश्वासन विद्युत विभाग के अधिकारियों ने दिया। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कल्पना सिनेमा से कुतुबशेर तक बिजली के पुराने खंभे तथा ट्रांस्फार्मर हटाने का कार्य 5 मार्च तक कर लिया जायेगा। महाड़ी का तालाब के सम्बंध में कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएन के प्रतिनिधि ने बताया कि एक सप्ताह में कार्य पूरा कर लिया जायेगा। वूमन हॉस्टल की धीमी प्रगति पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कंपनी बाग की परियोजना में तेजी लाने के लिए उन्होंने कार्यदायी संस्था एसडीए को पत्र लिखने को कहा। बैठक में जीएम सिविल दिनेश कुमार, कंपनी सचिव शंकर तायल, परियोजना प्रबंधक जितेंद्र सिंह सहित स्मार्ट सिटी के अनेक अधिकारी तथा कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी शामिल रहे।

# ड्रोन से वीडियोग्राफी के निर्देंश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने सीएम निर्माण कार्य की प्रत्येक सात दिन में ड्रोन से फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कार्यस्थल पर पूर्व की स्थिति और बाद की स्थिति की स्पष्ट फोटो तथा शॉर्ट क्लिप रिकॉर्ड में रखने के भी निर्देश दिए। नगरायुक्त ने सीएम ग्रिड सम्बंधी एक बैठक में कहा कि सीएम ग्रिड मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता वाली महत्वाकांक्षी योजना है, सभी अधिकारी पूरी विश्वसनीयता और समर्पण के साथ कार्य करें। निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने कार्य को मैन पावर बढ़ाकर तेजी से पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

इससे पूर्व सीएम ग्रिड परियोजना की कंसल्टेंट एजेंसी एएनबी के लखनऊ से आये प्रतिनिधियों द्वारा सीएम ग्रिड पर रोड की चौड़ाई, फुटपाथ, इलेक्ट्रिकल डग्स, डिजाइन व सोसर ड्रेन आदि के सम्बंध में पावर प्वांइट द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया। कार्य की गुणवत्ता देख रही संस्था राइट्स और यूरिडा के अधिकारी भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

यूरिडा (अर्बन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट अथॉरिटी) के उप मुख्य कार्याधिकारी ए के श्रीवास्तव ने अधिकारियों से पूर्ण प्रमाणित रुप से योजना बनाकर कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि सभी विभागों से समन्वय बनाकर ये भी सुनिश्चित कर लें कि भविष्य या निकट भविष्य में कोई कार्य तो सीएम ग्रिड रोड पर प्रस्तावित नहीं है।

बैठक में मुख्य अभियंता निर्माण बीके सिंह, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, महाप्रबंधक स्मार्ट सिटी दिनेश सिंघल, व परियोजना प्रबंधक जितेंद्र सिंह, लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता आलोक श्रीवास्तव, डीएवी कंस्ट्रक्शन के अरुण चौधरी आदि मौजूद रहे।

### पदक विजेता सम्मानित

**सहारनपुर।** जनपद के होनहार खिलाडी वंश शर्मा ने स्टेट लेवल प्रतियोगिता में अपने भार वर्ग में अन्य खिलाड़ियों को धूल चटाते हुए दो स्वर्ण पदक जीतकर जनपद व प्रदेश का नाम रोशन किया।

वंश शर्मा के नगर आगमन पर नगर विधायक राजीव गुम्बर सहित खिलाड़ियों एवं उनके शुभचिंतकों ने उनका जोरदार स्वागत किया तथा गोल्ड मैडल जीतने की बधाई दी। नगर विधायक राजीव गुम्बर ने बताया कि वंश शर्मा ने गत 23 फरवरी को दिल्ली के रोहिणी में आयोजित स्टेट लेवल की पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता ने अपने भार वर्ग में अन्य प्रतिभागियों को परास्त कर अपने नाम दो स्वर्ण पदक किये।

# डेलीगेट चुनाव में धर्मवीर गुट का कब्जा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आईटीसी डेलीगेट चुनाव में हर बार की तरह मौजूदा संगठन के कर्मठ व ईमानदार प्रत्याशी पैकिंग शिफ्ट 1, 2 व 3 में रिकॉर्ड मतों से विजय प्राप्त की। सेकेट्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि इस चुनाव ने साबित कर दिया है कि ईमानदारी हमेशा नजर आती है इसको बताना नही पड़ता। इस चुनाव ने सभी सिगरेट वर्कर्स का भविष्य तय होने में महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

अध्यक्ष ब्रिजेश कुमार ने कहा कर्मचारियों के हितों की हमेशा से रक्षा की गई। आगे भी कर्मचारी हूत सर्वोपरी रहेंगे कर्मचारियों को किसी के दबाव में काम नही करने दिया जाएगा। धर्मवीर सिंह असद काजमी, मौ शाहिद, ब्रिजेश कुमार ने लगातार दो बार जीत कर अपने विरोधी को पछाड़ते हुए जीत हासिल की



तीनों शिफ्ट में धर्मवीर सिंह के समर्थित डेलिगेट ही जीते हुए जिसमे डेलीगेट धर्मवीर सिंह मौ असद काजमी, मौ आशिफ, पैकिंग से फुरकान अहमद, अध्यक्ष ब्रिजेश कुमार, कर्म सिंह, मेघ श्याम, मौ बिलाल, सुदेश कुमार, मौ आशिफ सलीम खान जनम सिंह राणा, मोहम्मद शाहिद, चंदप्रकाश सैनी, सतीश कुमार आदि सहित 28 डेलिगेट विजयी रहे।

# दिल के मरीज रखें ब्लड प्रेशर का ध्यान: डां सडांना

### आईएमए के मासिक सेमिनार में दिल और दिमाग के मरीजो पर हुई चिकित्सकों की चर्चा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आईएमए के मासिक सेमिनार में मैक्स हॉस्पिटल देहरादून से आये ह्रदय रोग विशेषज्ञ और न्यूरो चिकित्सको ने दिल और दिमाग की बीमारियों के इलाज पर चर्चा की।

सेमीनार में आईएमए के विज्ञान सचिव डॉ रजनीश दहूजा ने डा पुनीश सडाना और डॉ समशेर द्विवेदी का परिचय सबसे करवाया। ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ पुनीश सडाना ने एचएफ आरईएफ के रोगियों के लिए 2022 की एएचए, एसीसी और एचएफएसए गाइडलाइन्स पर विस्तार से चर्चा की और सेकुबिट्रिल और वलसार्टन दवाओं को निम्न रक्तचाप के ह्रदय रोगियों के लिए उपयोगी बताया।

डॉ शमशेर द्विवेदी ने बार बार बेहोश होने वाले मरीजो के विषय मे बताते हुए कहा कि सुबह उठने के बाद, सुबह पेशाब करने के बाद या ज्यादा देर खड़े रहने से अचानक बेहा. ेशी आना शरीर का रक्तचाप कम होने की वजह से हो सकते है। इसमें उचित परामर्श लेना जरुरी है परन्तु यदि बेहा. ेशी ज्यादा देर रहती है और हाथ पैर में कंपन्न होता है तो ये दिमागी दौरे की वजह से हो सकता है इसमें जांचे और इलाज जरुरी है।

आईएमए अध्यक्ष डॉ नरेश नोसरान ने कहा कि दिल के मरीजो को ब्लड शुगर और उच्च रक्तचाप की दवाइयों का सेवन नियम से करना चाहिए और दिमागी दौरे के मरीजो को केवल विशेषज्ञ डॉक्टर से ही इलाज करवाना चाहिए।

सचिव डॉ महेश चन्द्रा, कोषाध्यक्ष डॉ विकास अग्रवाल, डॉ रवि ठक्कर, डॉ सौम्य जैन, डॉ रचना चावला, डॉ रविकान्त निरंकारी, डॉ विनीता मल्होत्रा, डॉ सुधीर अग्रवाल, डॉ स्वर्णजीत सिंह, डॉ सी एस चोपड़ा, डॉ विकास तोमर, डॉ मनदीप सिंह आदि ने सेमिनार में भाग लिया।

### तीन लोगों का शान्तिभंग में भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** दो पक्षों के बीच हुई तकरार को लेकर पुलिस द्वारा तीन लोगो को शान्तिभंग में चालान कर जेल भेज दिया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक मामला तल्हेडी बुजुर्ग क्षेत्र के गांव गंगदासपुर जट्ट का है जिसमें विगत सप्ताह दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई थी। झगड़े के चलते बबलू पुत्र पीताम्बर गम्भीर रूप से घायल हो गया था। तत्पश्चात पुलिस द्वारा झगड़े के मामले को गंभीरता से लिया गया था और पीड़ित पक्ष के द्वारा दी गई तहरीर पर दूसरे पक्ष के लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही को अंजाम दिया गया था।लेकिन गुरुवार को दोबारा दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई जिसके चलते बबलू पुत्र पीताम्बर ने चौकी में तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही करने के लिए गुहार लगाई है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस गांव में पहुंची और झगड़ा कर रहे बबलू पुत्र गंगा सिंह,नकुल पुत्र रविन्द्र और बंटी पुत्र बबलू को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है।

# चौ.नीरपाल ने सम्मानित किए अन्नदाता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यख चौ. नीरपाल सिंह ने अन्नदाताओं का शॉल ओढाकर सम्मानित किया और कहा कि अन्नदाता देश की रीढ है।



हकीकत नगर कैंप कार्यालय पर चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि किसानों का सम्मान सर्वोपरि है, किसान हमारा अन्नदाता है। किसान भगवान के समान है ओर हमारे नेता केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी किसानों के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि किसान हमारा परेशान ना रहे। किसानों को न्याय मिले यही राष्ट्रीय लोकदल की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आज किसानों को शाल पहनाकर सम्मानित करते हुए बड़ा गर्व महसूस हो रहा है।

किसान चौधरी जगपाल सिंह, लल्लन प्रसाद, चौ महक सिंह, कमल सिंह, चौ नत्थू सिंह, पप्पन कुमार, यासीन मलिक ने कहा कि जो सम्मान किसानों को राष्ट्रीय लोकदल में मिलता है और कही नहीं मिलता।

इस दौरान खेल प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक, सुधीर कुमार, आरिफ मलिक, मनोज मलिक आदि उपस्थित रहे।

# मशहूर आलिम मौलाना मुस्तफा का इंतकाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मशहूर आलिम-ए-दीन, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के संस्थापक सदस्य और ऑल इंडिया मिल्ली काउंसिल के सहायक महासचिव मौलाना सैयद मुस्तफा रिफाई जिलानी कादरी का आज इंतकाल हो गया। इस दुखद खबर से इल्मी, दीनी और मिल्ली हलकों में शोक की लहर दौड़ गई और सभी धार्मिक व सामाजिक हलकों में गम का माहौल छा गया।



मौलाना मुस्तफा ने अपनी पूरी जिंदगी दीनी और मिल्ली खिदमत के लिए वक्फ कर रखी थी। ऑल इंडिया मिल्ली काउंसिल के मंच से वह हमेशा मिल्लत के मसाइल के हल के लिए सक्रिय रहे। उनके इंतकाल को उम्मत-ए-मुस्लिम के लिए एक बड़ा नुकसान बताया जा रहा है, जिसकी भरपाई संभव नहीं लगती।

ऑल इंडिया मिल्ली काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना हकीम मुहम्मद अब्दुल्ला मुगीसी ने गहरे दुख का इजहार करते हुए अपने शोक संदेश में कहा कि मौलाना सैयद मुस्तफा रिफाई जिलानी कादरी का इंतकाल पूरी मिल्लत-ए-इस्लामिया के लिए बहुत बड़ा सदमा है। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी दीनी और मिल्ली खिदमत के लिए वक्फ कर दी थी। उनके दिल में उम्मत का गहरा दर्द था और वे हमेशा मजलूमों और बेसहारा लोगों के हक में आवाज बुलंद करते रहे। उनकी सादगी, खुदा-तरसी, तकवा और उम्मत के मसाइल पर गहरी नजर बे मिसाल थी। उनके इंतकाल से जो खफ्ला पैदा हुआ है, वह शायद ही कभी भरा जा सके।

ऑल इंडिया मिल्ली यूथ ऑर्गनाइजेशन, ऑल इंडिया मिल्ली काउंसिल के राष्ट्रीय संयोजक मौलाना डॉक्टर अब्दुल मालिक मुगीसी ने गहरे शोक का इजहार करते हुए कहा कि हमारे निहायत ही दयालु मार्गदर्शक मौलाना सैयद मुस्तफा रिफाई जिलानी कादरी के इंतकाल की खबर बहुत ही दुखद है। वे एक सच्चे खादिम-ए-मिल्लत थे, जिन्होंने हमेशा कौम की भलाई के लिए काम किया। उनकी खिदमत को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

# पूर्व एमएलसी को जेल भिजवाने वालों की विदेशों में फंडिंग

### निलंबित दरोगा व माफिया गैंग के खिलाफ निष्पक्ष एजेंसी से जांच की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पहले तो बांग्लादेशी महिलाओं के फर्जी आधार कार्ड बनवाकर दुष्कर्म व फर्जी मुकदमें दर्ज करा कर दारोगा के संरक्षण प्राप्त गिरोह ने पूर्व एमएलसी और उसके परिवार के लोगों को जेल भिजवाया। उसके बाद पूर्व एमएलसी की प्रॉपर्टी को बेचकर गैंग के साथ अरबों रुपए कमाकर विदेशों में फंडिंग कर कर डाली। इस मामले निलंबित दारोगा और गिरोह के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पत्र भेजकर निष्पक्ष एजेंसी से जांच कराकर कठोरतम कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है।

थाना मिर्जापुर क्षेत्रान्तर्गत मिर्जापुर पोल निवासी फरीदा बेगम पत्नी पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में अवगत कराया कि माफिया गैंग व स्वाट टीम में तैनात रहे निलम्बित एस. आई. ने मिलकर एक भूमाफिया गिरोह बनाया हुआ है। जिसमें इन लोगों ने उसके पति पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल व उसके देवर व बेटों पर बांग्लादेशी महिलाओं के दिल्ली व बागपत आदि से फर्जी आधार कार्ड बनवाकर उनको बलात्कार व अन्य झूठे मुकदमें फंसाया हुआ है। जिसमें उसके परिवार के लोग तीन वर्षो से जेल में निरूद्ध हैं। चौकाने बात यह है कि जिन महिलाओं शीलू, तबस्सुम, मुस्कान, जहांना के आधार बनवाये गये है, वह मुकदमा लिखने से एक सप्ताह पूर्व ही बनाये गये है, जो जांच का विषय है। इसके अलावा हुस्ना निवासी शाहपुर गाडा, जसवीर कौर नामक महिलाओं से भी झूठे मुकदमे दर्ज कराये गये है। यदि निष्पक्ष एजेंसी से जांच करायी जाये तो सभी मामले झूठे साबित हो जायेंगे।

फरीदा ने यह भी बताया कि इस भूमाफिया गैंग में निलम्बित दरोगा व गैंग सहित पुलिस के उच्चाधिकारी भी शामिल है, जो उसके बेटों व देवर की जमानत नहीं होने दे रहे हैं। ये लोग कूटरचित तरीके से उसकी सम्पत्तियां हडप रहे हैं। इसमें माफिया गैंग के हिस्से में 100 करोड़ जिसकी चार कोठिया मिर्जापुर, बादशाहीबाग, सफीपुर में बनवायी गयी है और लग्जरी गाडियां ली गयी है, 100 करोड़ निलंबित दरोगा तथा 100 करोड़ एक पुलिस के उच्चाधिकारी के हिस्से में आये हैं। इनके द्वारा बाहर विदेशों में इनवेस्टमेंट भी किया गया है,जिसकी गंभीरता से जांच होने पर इस गैंग के काले कारनामों का खुलासा हो जायेगा।

उन्होंने यह भी बताया कि इन लोगों द्वारा एसएसपी के तबादले की अफवाह भी फैलायी जा रही है, क्योंकि एसएसपी को इनके कृत्यों का संज्ञान है और इनके प्रति गंभीर है।

पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल की पत्नी फरीदा बेगम ने इसके अलावा प्रदेश के आला अफसरों सहित कमिश्नर, जिलाधिकारी, एसएसपी, ईडी को पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच की मांग की है, ताकि दोषियों पर कार्रवाई हो सके।

# प्राथमिकता से हो व्यापारी समस्याओं का निस्तारण: डा.अर्चना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर अर्चना द्विवेदी ने केहा कि व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए।

डा. अर्चना द्विवेदी आज कलक्ट्रेट सभागार में जिला व्यापार बंधु की बैठक को सम्बोधित कर रही थी। उन्होने व्यापार बंधुओं द्वारा उठायी जाने वाली समस्याओं से अवगत होने के बाद उसके गुणवत्ताप. रक निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि क्लार्क होटल चौराहे से सिविल अस्पताल की ओर जाने वाली सड़क पर लगी स्ट्रीट लाइटों को यथाशीघ्र संचालित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी जेई अपने क्षेत्र के व्यापारियों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं जिससे शटडाउन की सूचना तत्काल प्राप्त हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि जर्जर तारों को बदलने की कार्यवाही की जाए।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन डा. अर्चना द्विवेदी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण के निर्देश दिए। घटतोली संबंधी शिकायत पर अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि टीम बनाकर पेट्रोल पंपों एवं धर्म कांटों की जांच कराई जाएगी।

उन्होंने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर नगर निगम द्वारा अभी चलाकर अतिक्रमण हटवाया गया है उन स्थानों पर दोबारा अतिक्रमण न हो इसकी जिम्मेदारी सम्बंधित थाने की तय की जाए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक यातायात सिद्धार्थ वर्मा, व्यापारी हरपाल सिंह वर्मा, नुसरत साबरी, रमेश अरोड़ा सहित अन्य व्यापारी बंधु तथा संबंधित विभाग के अधिकारीगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# नुसरत साबरी ने उठाई जनपद की समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला व्यापार बन्धु की बैठक में भारतीय उद्योग किसान व्यापार मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष नुसरत साबरी ने जनपद की विभिन्न समस्याओ को उठाया।



बैठक में नुसरत साबरी ने कहा कि बागेश्वर मन्दिर के सामने नगर निगम द्वारा नाला बनाया गया था नाले को ठेकेदारों द्वारा आधा नाला नीचा तथा आधा नाला ऊँचा बना दिया गया जिसकी वजह से थोड़ी सी बारिश होने पर मौहल्ला खुमरान तथा काहरान मे पानी भर जाता है ओर क्षेत्रीय लोगो को उस गन्दे पानी से गुजर का सड़क पार करनी पड़ती है।

उन्होंने बिजली विभाग द्वारा तोता चौंक पर रखा ट्रॉस्फारमर शिफ्ट करना तथा शंकलापुरी मे ट्रास्फारमर रख कर बिजली चालू करना व ग्रीन सिटी में खम्बों पर लाईटे नही लगी है वहाँ पर लाईटे लगाकर उनको चालू करना एवं पाँवधोई नदी की सफाई जल्द कराना आदि की ओर ध्यान दिलाते हुये निराकरण की मांग की।

# शरीर सौष्ठव में शाहनवाज ने जीता गोल्ड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** शाहनवाज उर्फ शानू अंसारी ने मेरठ मे आयोजित राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डर प्रतियोगिता मे टॉप कर गोल्ड मेडल जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर पंचायत छुटमलपुर के साथ ही अंसारी समाज का नाम रौशन किया है उनकी इस उपलब्धि पर अंसारी समाज को गर्व है



आज राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वरिष्ठ हड्डी रोग चिकित्सक डॉक्टर शादाब अंसारी के नेतृत्व मे अंसारी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने नगर पंचायत छुटमलपुर स्थित सलीम अंसारी के आवास पर पहुंचकर उनके होनहार सुपुत्र शाहनवाज उर्फ शानू को उनकी इस उपलब्धि पर पगड़ी पहनाकर, बुके देकर मिठाई खिलाकर सम्मानित कर उनके सुनहरे मुस्तकबिल की मुबारकबाद दी।

डॉक्टर शादाब अंसारी के साथ जुबैर अंसारी वरिष्ठ समाजसेवी जांहगीर अंसारी सगीर अंसारी खावर अंसारी हाजी नवाब अंसारी कासिम अंसारी नवाब अंसारी सभासद नदीम अंसारी चांद टेलीकॉम एवम राव बाबर वरिष्ठ सपा नेता सहित अंसारी समाज के सैंकड़ों लोगों ने मौजूद रहकर अंसारी समाज के होनहार शाहनवाज उर्फ शानू को सम्मानित करते हुए मुबारकबाद देने के साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सम्पादकीय

शुक्रवार , 28 फरवरी 2025

## फिर नाम बदलो राजनीति

दिल्ली में भाजपा की सरकार बनते ही शहरों के नाम बदलने की राजनीति शुरू हो गई है। यानि एक बार फिर से इतिहास को बदलने की राजनीति हो रही है। बीजेपी के शासन वाले राज्यों में पहले भी कई स्थानों के नाम बदल दिए गए, अब दिल्ली के नजफगढ़ का नाम बदलने का प्रस्ताव पारित कर दिया गया है। मुगलों के दौर में दिल्ली देहात के इस इलाके को नाहरगढ़ के नाम से जाना जाता था। कई बार इसका नाम बदलने की कोशिश की गई, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया, क्योंकि दिल्ली में 10 साल से आप की सरकार थी। अब बीजेपी को मौका मिल गया और उसने एक बार फिर इतिहास को बदलने की नीति चली है। जबकि कुछ लोगों का कहना है कि नजफगढ़ का नाम बदलने से इलाके की पहचान में दिक्कत होगी,इसलिए नजफगढ़ का नाम नहीं बदला जाना चाहिए।जगहों के नाम बदलने से लोगों की समस्याएं खत्म नहीं होती। अगर सरकार कुछ करना ही चाहती है, तो वह पहले देश की जनता की समस्याओं को हल करे। क्योंकि नाम बदलने से लोगों के दिमाग में जो कुछ बीजेपी के खिलाफ है, वह नहीं बदल सकता। नजफगढ़ को यह नाम मिला मिर्जा नजफ खान से। नजफ खान मुगल बादशाह शाह आलम द्वितीय का कमांडर-इन-चीफ रहा है। नजफ खान ने 18वीं शताब्दी में सैन्य चौकी की स्थापना की, बाद यहां से ब्रिटिश, मराठा और सिखों के खिलाफ अभियान चलाए गए। दिल्ली के बॉर्डर पर मौजूद नजफगढ़ को मुगलों के केंद्र दिल्ली को सुरक्षित रखने की रणनीति को ध्यान में केंद्र बनाया गया, ताकि बाहरी दुश्मनों को यहीं पर रोका जा सके। बीजेपी की नाम बदलो राजनीति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि केंद्र की मोदी सरकार ने देशभर में एक साल में 25 शहरों-गांवों के नाम बदलने को मंजूरी दी है। ऐसे कई प्रस्ताव भी सरकार के पास लंबित हैं। इनमें पश्चिम बंगाल का नाम बदलने का प्रस्ताव भी है। पश्चिम बंगाल का नाम 'बांग्ला' करने का प्रस्ताव केंद्र के पास है। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में राजमुंदरी का नाम राजा महेंद्र वर्मन, आउटर व्हीलर आईलैंड का नाम एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप, केरल के मलाप्पुरा जिले में अरिकोड को अरीकोड, हरियाणा में जींद जिले के पिंडारी को पांडु पिंडारा, रोहतक जिले में सांपला का नाम चौधरी सर छोटूराम नगर, नगालैंड के खिफिरे जिले में सनफुर का नाम सामफुरे करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके अलावा महाराष्ट्र में सांगली जिले में लंगडेवाडी का नाम नरसिंहगांव करने के प्रस्ताव शामिल हैं। ये अलग बात है कि सरकारी कागजों में लिखे नाम से उस शहर के बाशिंदों को खास फर्क नहीं पड़ता है, लेकिन इस नाम परिवर्तन का खर्च जरूर उनकी जेब से जाता है। यह खर्च भी कम नहीं है। औसतन एक शहर का नाम बदलने में 300 करोड़ रुपये तक खर्च होते हैं, यदि शहर बड़ा हो तो ये राशि 1000 करोड़ तक भी पहुंच सकती है। आजादी के बाद से ज्यादातर नाम परिवर्तन अंग्रेजों की गलतियों की वजह से किए गए। त्रिवेंद्रम को तिरुअनंतपुरम या कोचीन को कोच्चि सिर्फ अंग्रेजों की स्पेलिंग में सुधार के लिए किए गए। आजादी के बाद से अब तक 21 राज्यों ने कुल 244 जगहों के नाम बदले हैं।

## सौ करोड़ भारतीयों की कोई अतिरिक्त आय नहीं



प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत दृष्टिकोण आम लोगों की जेबें खाली कर रहा है और चुनिंदा अरबपतियों की तिजोरियां भर रहा है, भारत एक वैश्विक कर युद्ध और व्यापार बाधाओं का सामना कर रहा है, सौ करोड़ भारतीयों के पास कोई अतिरिक्त आय नहीं है, केंद्रीय बजट में की गईं घोषणाएं निराशाजनक साबित हुई हैं, हमारे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 60 फीसदी उपभोग पर निर्भर है। लेकिन भारत के केवल 10 फीसदी लोग आर्थिक विकास और उपभोग को बढ़ावा देते हैं और 90 फीसदी लोग बुनियादी दैनिक जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ हैं, भारत की 50 फीसदी मध्य वर्गीय करदाताओं ने पिछले दशक में वेतन में वृद्धि नहीं देखी है। ग्रामीण मजदूरी नकारात्मक वृद्धि का सामना कर रहा है।

**मल्लिकार्जुन खड़गे**
**कांग्रेस अध्यक्ष**

# केजरीवाल अब राज्यसभा में दहाड़ेंगे

प्रो. श्याम सुंदर भाटिया



सियासी उड़ान में भी अनगिनत ख्वाहिशें होती हैं। एक सपना टूटा तो दूसरे ड्रीम का ताना-बाना तैयार हो जाता है। आप के राष्ट्रीय कन्वीनर अरविंद केजरीवाल दिल्ली चुनाव में परास्त होने के बाद अब पंजाब से राज्यसभा पहुंचेंगे। इसके लिए शतरंज की गोटियां बिछने लगी हैं। आप के राज्यसभा मेंबर एंव पंजाब के उद्योगपति संजीव अरोड़ा को पार्टी ने पंजाब विधानसभा की रिक्त लुधियाना वेस्ट सीट से लड़ाने का अहम फैसला लिया है। इस आशय का ऐलान भी आप की ओर से 26 फरवरी को कर दिया गया है।

हालांकि अरोड़ा का राज्यसभा में कार्यकाल 2028 तक है। स्वाभाविक है, अरोड़ा के इस्तीफे से यह सीट खाली हो जाएगी। आप की रणनीति है, वह अपने सीनियर लीडर केजरीवाल की बड़ी आसानी से राज्यसभा में ताजपोशी करा देगी। इससे साफ है, अरविंद केजरीवाल अब केंद्र की पॉलिटिक्स करेंगे। उल्लेखनीय है, विधायक गुरप्रीत सिंह गोगी के निधन के बाद लुधियाना वेस्ट सीट पर उपचुनाव होना है। गोगी का 11 जनवरी, 2025 को अपने घर पर रिवॉल्वर साफ करते हुए गोली लगने से देहावसान हो गया था। हालांकि अभी चुनाव आयोग की तरफ से उपचुनाव की तारीख का ऐलान नहीं किया गया है। कयास लगाए जा रहे हैं, बिहार विधानसभा चुनाव के साथ यहां भी वोटिंग हो सकती है। बिहार में नवम्बर में इलेक्शन डडू है। यूं तो केजरीवाल ने 2014 में भी लोकसभा में दस्तक देने का ख्वाब संजोया था। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सबसे कद्दावर नेता एवं पीएम पद के घोषित प्रत्याशी नरेंद्र मोदी के खिलाफ वाराणसी में ताल ठोकी थी। हालांकि लोकसभा के इस आम चुनाव का नतीजा अरविंद केजरीवाल समेत अमूमन सभी सियासीदां पहले से ही जानते थे।

### राजनीतिक पंडितों ने जैसा सोचा था, वाराणसी का परिणाम वैसा ही आया...

राजनीतिक पडितों ने जो सोचा था वही हुआ। केजरीवाल 3.71 लाख मतों के अंतर से हार गए, बाकी कांग्रेस और बसपा उम्मीदवारों की तो जमानत जब्त हो गई थी। केंद्र शासित दिल्ली में केजरीवाल की 10 बरस की सरकार को सत्ता का नशा, मंत्रिमंडल का कदाचार, बड़बोलापन, अपरिपक्व सियासत, सरकारी आवास को शीशमहल बनाने के संग-संग अंतत: नई शराब नीति ले डूबी।

### आप के तीन बड़े चेहरे...

अरविंद केजरीवाल के अलावा मनीष सिसोदिया और सतेंद्र जैन की नाव चुनावी सुनामी में डूबने के बाद पार्टी कोमा से बाहर निकलने को छटपटा रही है। वैसे तो पंजाब में सत्तारुढ़ होने के बाद आप को नेशनल पार्टी का दर्जा मिल गया है, लेकिन दिल्ली में सत्ता से बेदखली के बाद केवल पंजाब पर ही पार्टी की नैया पार कराने की आस टिकी है। फिलहाल दिल्ली आतिशी मार्लेना के हवाले है। वह लीडर ऑफ ऑपोजिशन हैं। पंजाब की बागडोर भगवंत मान संभाले हुए हैं।

जंगपुरा से हार के बाद सिसोदिया पर पंजाब सरकार के सुपरविजन का जिम्मा है। भविष्य में पंजाब की राजनीति भी किस करवट बैठेगी, कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। इससे पूर्व यह दायित्व राघव चड्ढा निभा रहे थे। चड्ढा के राज्यसभा में जाने के बाद पंजाब का यह उत्तरदायित्व खाली चल रहा है।




### भविष्य में पंजाब की राजनीति भी किस करवट बैठेगी

आने वाले समय में पंजाब की राजनीति किस करवट बैठेगी इस बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। फिलहाल तो पार्टी के आला लीडर्स ने यह कहकर सबके मुंह बंद कर दिए हैं, सिसोदिया और पंजाब के सीएम के बीच जबर्दस्त बॉन्डिंग है। पंजाब में बंपर जीत के बाद अप्रैल,2022 में आप के पांच उम्मीदवार राज्यसभा के लिए चुने गए थे। इनमें एलपीयू के चांसलर अशोक कुमार मित्तल, दिग्गज उद्योगपति संजीव अरोड़ा, प्रख्यात क्रिकेटर हरभजन सिंह, सीए राघव चड्ढा, देश- विदेश में शिक्षाविद रहे डॉ. संदीप पाठक शामिल हैं। इन सभी का कार्यकाल 2028 तक है। सूत्र यह बताते हैं, इनमें से पार्टी के लिए सॉफ्ट टारगेट संजीव अरोड़ा रहे हैं। पंजाब के सियासी गलियारों में यह भी चर्चा आम है, संजीव अरोड़ा बाई इलेक्शन जीतते हैं तो उन्हें बतौर उपहार कैबिनेट मंत्री का पद मिलेगा, लेकिन देश- विदेश तक फैले कारोबार में अति व्यस्त अरोड़ा को यह नज़राना सहज स्वीकार होगा, फ़ौरीतौर पर यकीन नहीं होता है। दूसरी ओर अपने पति के इंतकाल के बाद गुरप्रीत सिंह गोगी की पत्नी सुखचौन गोगी चुनाव लड़ने का स्वप्न देख रही हैं। यदि उन्होंने बागी तेवर अपनाए तो क्या होगा?

उल्लेखनीय है, संजीव अरोड़ा से पूर्व आप अपनी राज्यसभा मेंबर एवं दिल्ली महिला आयोग की चेयरपर्सन श्रीमती स्वाति मालीवाल से भी इतीफा चाहती थी, लेकिन पार्टी साम, दाम, दंड, भेद की नीति के बावजूद विफल रही थी, बल्कि केजरीवाल के पीए विभव कुमार पर दबंगई के आरोप लगे थे। आरोपी को जेल तक जाना पड़ा था। यह बात दीगर है, केजरीवाल के खासमखास समझे जाने वाले विभव कुमार अब पंजाब सरकार के लिए काम कर रहे हैं। सियासत हो या उद्योग या कोई भी दीगर फील्ड, हर सेक्टर में अंतत: चाह तो ऊंची उड़ान की ही होती है। यदि केजरीवाल खुद या उनकी पार्टी अपर हाऊस में भेजना चाहती है,तो किसी को ऐतराज नहीं होनी चाहिए। अरविंद केजरीवाल की अब दिल्ली या पंजाब से एमएलए बनने की कोई ख्वाहिश नहीं रखते हैं और न ही आप की केंद्रीय काउंसिल चाहती है। केजरीवाल की पार्टी के आला नेता भी उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में देखना चाहते हैं। दूसरी ओर विपक्ष दल मौजूदा समय में बिखरे-बिखरे से नज़र आ रहे हैं। इसी टूट का लाभ उठाकर एनडीए ने हरियाणा से लेकर दिल्ली तक अपनी सरकार बना ली हैं। यह बात दीगर है, एनडीए ने हरियाणा में तीसरी बार सत्ता में वापसी की है, तो हाल ही में दिल्ली में भाजपा ने ढाई दशक बाद अपनी सरकार बनाने में कामयाब रही है।2025 के अंत में बिहार की 243 सीटों पर चुनाव प्रस्तावित हैं, जबकि 26 के मिड में वेस्ट बंगाल, केरल, तमिलनाडु, असम में चुनाव होंगे, लेकिन इंडिया गठबंधन को एक नेशनल कन्वीनर की दरकार है। इंडी गठबंधन को आतुर बिहार के सीएम नीतीश कुमार तो चुनाव से पूर्व ही विपक्ष को झटका देकर फिर से भाजपा की शरण में चले गए थे। वेस्ट बंगाल की सीएम सुममता बनर्जी इंडी में शामिल ही नहीं हुई थीं। दिल्ली में कांग्रेस का तीसरी बार सूपड़ा साफ होने पर इंडी दलों को एनर्जेटिक नेशनल कन्वीनर की दरकार है।

**( लेखक सीनियर जर्नलिस्ट और रिसर्च स्कॉलर हैं )**

> **2025 के अंत में बिहार की 243 सीटों पर चुनाव प्रस्तावित हैं, जबकि 2026 के बीच में वेस्ट बंगाल, केरल तमिलनाडु, असम में चुनाव होंगे लेकिन इंडिया गठबंधन को एक नेशनल कन्वीनर की दरकार है, इंडिया गठबंधन को आतुर बिहार के सीएम नीतिश कुमार तो चुनाव से पूर्व ही विपक्ष को झटका देकर फिर से भाजपा की शरण में चले गए थे वेस्ट बंगाल की सीएम ममता बनर्जी गठबंधन में शामिल ही नहीं हुई थीं**

# स्किन को ग्लोइंग बनाने में मददगार है मुलेठी...

> **स्किन केयर रूटीन में मुलेठी का इस्तेमाल करना यकीनन काफी फायदेमंद साबित हो सकता है, यह एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर है, जो स्किन को ग्लोइंग बनाने के साथ-साथ दाग धब्बों को कम करने और जलन को शांत करने में मददगार है**

**हम** सभी अपनी स्किन को ग्लोइंग तो बनाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स पर निर्भर रहना बहुत अच्छा नहीं माना जाता है। केमिकल्स आपका कुछ देर के लिए भले ही अच्छा दिखाने में मदद करें, लेकिन लंबे समय में ये आपकी स्किन को नुकसान ही पहुंचाते हैं। ऐसे में कुछ नेचुरल चीजों का इस्तेमाल किया जा सकता है। इन्हीं में से एक है मुलेठी। स्किन केयर रूटीन में मुलेठी का इस्तेमाल करना यकीनन काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। यह एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर है, जो स्किन को ग्लोइंग बनाने के साथ-साथ दाग-धब्बों को कम करने और जलन को शांत करने में मददगार है। अगर आप मुलेठी के स्किन बेनिफिट्स का लाभ उठाना चाहते हैं तो ऐसे में इसे कई अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल करें। आप मुलेठी से फेस मास्क से लेकर टोनर तक बना सकती हैं। तो चलिए जानते हैं कि ग्लोइंग स्किन के लिए मुलेठी का इस्तेमाल किन तरीकों से किया जाए।

### मुलेठी से बनाएं फेस पैक...

मुलेठी की मदद से स्किन ब्राइटनिंग फेस पैक बनाया जा सकता है। इसे बनाने के लिए आपको मुलेठी पाउडर के अलावा कच्चे दूध व शहद की जरूरत होगी।

### आवश्यक सामग्री...

- एक बड़ा चम्मच मुलेठी पाउडर
- एक बड़ा चम्मच दही या कच्चा दूध
- आधा छोटा चम्मच शहद

### फेस पैक बनाने का तरीका

- फेस पैक बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में सारी सामग्री डाल दें
- अब इसे अच्छी तरह मिक्स करके चिकना पेस्ट बना लें
- स्किन साफ करें और इसे अपने चेहरे पर समान रूप से लगाएं
- इसे 15-20 मिनट तक लगा रहने दें और फिर गुनगुने पानी से धो लें

**रोजाना इस्तेमाल के लिए मुलेठी टोनर**

एक ब्राइटनिंग और रिफ्रेशिंग स्किन पाने के लिए मुलेठी की मदद से टोनर भी बनाया जा सकता है। आप इसे हर दिन इस्तेमाल कर सकती हैं।

### आवश्यक सामग्री...

- एक बड़ा चम्मच मुलेठी पाउडर
- एक कप पानी
- टोनर बनाने का तरीका
- मुलेठी पाउडर को पानी में उबालें और इसे ठंडा होने दें
- अब इसे छानकर एक स्प्रे बोतल में भरकर रख लें
- अपना चेहरा साफ करने के बाद हर दिन टोनर की तरह इस्तेमाल करें

### मुलेठी से बनाएं स्क्रब

यह स्क्रब डेड स्किन सेल्स को हटाता है जिससे स्किन में तुरंत चमक आती है यह स्क्रब ब्राइटनिंग स्किन के लिए काफी अच्छा माना जाता है

### आवश्यक सामग्री...

- एक बड़ा चम्मच मुलेठी पाउडर
- एक बड़ा चम्मच बेसन
- थोड़ा दही या गुलाब जल

### स्क्रब बनाने का तरीका...

- स्क्रब बनाने के लिए मुलेठी पाउडर, बेसन व गुलाब जल डालकर मिक्स करें
- अब इसे अपने चेहरे पर लगाएं और
- सर्कुलर मोशन में हल्के हाथों से मसाज करें इसे धोने से पहले इसे 20 मिनट के लिए छोड़ दें



# महाकुंभ-एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ...

**( प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ब्लॉग से )**

महाकुंभ संपन्न हुआ,एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वो सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा। 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैंने देवभक्ति से देशभक्ति की बात कही थी। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे, और हमने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया।

### ये महाकुंभ एकता का महाकुंभ था...

यह महाकुंभ एकता का महाकुंभ था जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी। तीर्थराज प्रयाग के इसी क्षेत्र में एकता, समरसता और प्रेम का पवित्र क्षेत्र श्रृंगवेरपुर भी है, जहां प्रभु श्रीराम और निषादराज का मिलन हुआ था। उनके मिलन का वो प्रसंग भी हमारे इतिहास में भक्ति और सद्भाव के संगम की तरह ही है। प्रयागराज का ये तीर्थ आज भी हमें एकता और समरसता की वो प्रेरणा देता है। बीते 45 दिन, प्रतिदिन, मैंने देखा, कैसे देश के कोने-कोने से लाखों-लाख लोग संगम तट की ओर बढ़े जा रहे हैं।

### संगम पर स्नान की भावनाओं का जवार लगातार बढ़ता रहा...

हर श्रद्धालु बस एक ही धुन में था-संगम में स्नान। मां गंगा, यमुना, सरस्वती की त्रिवेणी हर श्रद्धालु को उमंग, ऊर्जा और विश्वास के भाव से भर रही थी। प्रयागराज में हुआ महाकुंभ का ये आयोजन, आधुनिक युग के मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए, प्लानिंग और पालिसी एक्सपर्ट्स के लिए, नए सिरे से अध्ययन का विषय बना है। आज पूरे विश्व में इस तरह के विराट आयोजन की कोई दूसरी तुलना नहीं है, ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है। पूरी दुनिया हैरान है कि कैसे एक नदी तट पर, त्रिवेणी संगम पर इतनी बड़ी संख्या में करोड़ों की संख्या में लोग जुटे। इन करोड़ों लोगों को ना औपचारिक निमंत्रण था, ना ही किस समय पहुंचना है, उसकी कोई पूर्व सूचना थी। बस, लोग महाकुंभ चल पड़े...और पवित्र संगम में डुबकी लगाकर धन्य हो गए।

### मैं वो तस्वीरें भूल नहीं सकता...

स्नान के बाद असीम आनंद और संतोष से भरे वो चेहरे नहीं भूल सकता। महिलाएं हों, बुजुर्ग हों, हमारे दिव्यांग जन हों, जिससे जो बन पड़ा, वो साधन करके संगम तक पहुंचा। और मेरे लिए ये देखना बहुत ही सुखद रहा कि बहुत बड़ी संख्या में भारत की आज की युवा पीढ़ी प्रयागराज पहुंची। भारत के युवाओं का इस तरह महाकुंभ में हिस्सा लेने के लिए आगे आना, एक बहुत बड़ा संदेश है। इससे ये विश्वास दृढ़ होता है कि भारत की युवा पीढ़ी हमारे संस्कार और संस्कृति की वाहक है और इसे आगे ले जाने का दायित्व समझती है और इसे लेकर संकल्पित भी है, समर्पित भी है। इस महाकुंभ में प्रयागराज पहुंचने वालों की संख्या ने निश्चित तौर पर एक नया रिकार्ड बनाया है। लेकिन इस महाकुंभ में हमने ये भी देखा कि जो प्रयाग नहीं पहुंच पाए, वो भी इस आयोजन से भाव-विभोर होकर जुड़े। कुंभ से लौटते हुए जो लोग त्रिवेणी तीर्थ अपने साथ लेकर गए, उस जल की कुछ बूंदों ने भी करोड़ों भक्तों को कुंभ स्नान जैसा ही पुण्य दिया। कितने ही लोगों का कुंभ से वापसी के बाद गांव-गांव में जो सत्कार हुआ, जिस तरह पूरे समाज ने उनके प्रति श्रद्धा से सिर झुकाया, वो अविस्मरणीय है। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो बीते कुछ दशकों में पहले कभी नहीं हुआ। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो आने वाली कई-कई शताब्दियों की एक नींव रख गया है। प्रयागराज में जितनी कल्पना की गई थी, उससे कहीं अधिक संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंचे। इसकी एक वजह ये भी थी कि प्रशासन ने भी पुराने कुंभ के अनुभवों को देखते हुए ही अंदाजा लगाया था। लेकिन अमेरिका की आबादी के करीब दोगुने लोगों ने एकता के महाकुंभ में हिस्सा लिया, डुबकी लगाई। आध्यात्मिक क्षेत्र में रिसर्च करने वाले लोग करोड़ों भारतवासियों के इस उत्साह पर अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि अपनी विरासत पर गौरव करने वाला भारत अब एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। मैं मानता हूं, ये युग परिवर्तन की वो आहट है, जो भारत का नया भविष्य लिखने जा रही है। महाकुंभ की इस परंपरा से, हजारों वर्षों से भारत की राष्ट्रीय चेतना को बल मिलता रहा है। हर पूर्णकुंभ में समाज की उस समय की परिस्थितियों पर ऋषियों-मुनियों, विद्वत् जनों द्वारा 45 दिनों तक मंथन होता था। इस मंथन में देश को, समाज को नए दिशा-निर्देश मिलते थे। इसके बाद हर 6 वर्ष में अर्धकुंभ में परिस्थितियों और दिशा-निर्देशों की समीक्षा होती थी। 12 पूर्णकुंभ होते-होते, यानि 144 साल के अंतराल पर जो दिशा-निर्देश, जो परंपराएं पुरानी पड़ चुकी होती थीं, उन्हें त्याग दिया जाता था, आधुनिकता को स्वीकार किया जाता था और युगानुकूल परिवर्तन करके नए सिरे से नई परंपराओं को गढ़ा जाता था। 144 वर्षों के बाद होने वाले महाकुंभ में ऋषियों-मुनियों द्वारा, उस समय-काल और परिस्थितियों को देखते हुए नए संदेश भी दिए जाते थे। अब इस बार 144 वर्षों के बाद पड़े इस तरह के पूर्ण महाकुंभ ने भी हमें भारत की विकासयात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया है। ये संदेश है-विकसित भारत का। जिस तरह एकता के महाकुंभ में हर श्रद्धालु, चाहे वो गरीब हों या संपन्न हों, बाल हो या वृद्ध हो, देश से आया हो या विदेश से आया हो, गांव का हो या शहर का हो, पूर्व से हो या पश्चिम से हो, उत्तर से हो दक्षिण से हो, किसी भी जाति का हो, किसी भी विचारधारा का हो, सब एक महायज्ञ के लिए एकता के महाकुंभ में एक हो गए। एक भारत-श्रेष्ठ भारत का ये चिर स्मरणीय दृश्य, करोड़ों देशवासियों में आत्मविश्वास के साक्षात्कार का महापर्व बन गया। अब इसी तरह हमें एक होकर विकसित भारत के महायज्ञ के लिए जुट जाना है। आज मुझे वो प्रसंग भी याद आ रहा है जब बालक रूप में श्रीकृष्ण ने माता यशोदा को अपने मुख में ब्रह्मांड के दर्शन कराए थे। वैसे ही इस महाकुंभ में भारतवासियों ने और विश्व ने भारत के सामर्थ्य के विराट स्वरूप के दर्शन किए हैं।



# इम्यूनिटी को करना है बूस्ट तो खाली पेट पीएं ये ड्रिंक्स

हम सभी बीमारियों से कोसों दूर रहना चाहते हैं लेकिन आज के समय में हर किसी का लाइफस्टाइल कुछ ऐसा हो गया है कि हर व्यक्ति किसी ना किसी बीमारी की जद में रहता ही है। सीजनल एलर्जी से लेकर कब्ज व पेट दर्द तक, कई समस्याएं व्यक्ति को हमेशा घेरे रहती हैं। ऐसे में अक्सर व्यक्ति दवाइयों पर ही निर्भर रहता है। जबकि अगर आप चाहें तो नेचुरल तरीके से भी अपनी सेहत का ख्याल रख सकती हैं। जी हां, ऐसी कई मॉर्निंग ड्रिंक्स होती हैं, जो इम्यूनिटी को बूस्ट करने में मददगार साबित हो सकती हैं। जिसकी वजह से आपकी सेहत पर पॉजिटिव असर पड़ता है और इम्यूनिटी बूस्टअप होने से आप बार-बार बीमार नहीं पड़ते हैं।

### अदरक-तुलसी की चाय ...

अदरक में एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं जो संक्रमण से लड़ते हैं। वहीं, तुलसी अपने औषधीय गुणों के लिए जानी जाती है। अदरक-तुलसी की चाय बनाने के लिए सबसे पहले एक कप पानी उबालें। अब इसमें कद्दूकस किया हुआ अदरक और 5-6 तुलसी के पत्ते डालें। अब इसे 5 मिनट तक उबलने दें। छानें और गर्म पिएं।

### नींबू-दालचीनी का पानी

इम्यूनिटी बूस्टिंग के लिए आप मॉर्निंग ड्रिंक के रूप में नींबू दालचीनी का पानी पीएं। नींबू में विटामिन सी की मात्र अधिक होती है। यह शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। वहीं दूसरी ओर, दालचीनी में एंटी-बैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं, जो संक्रमण से बचाते हैं। नींबू दालचीनी पानी बनाने के लिए सबसे पहले पानी को गर्म करें। अब उसमें एक नींबू का रस और 1/4 चम्मच दालचीनी पाउडर डालें।

### जीरा पानी...

जीरा एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है जो ना केवल पाचन में सुधार करता है, बल्कि इससे इम्यून सिस्टम भी मजबूत होता है। जीरा पानी बनाने के लिए सबसे पहले 1 चम्मच जीरा को 1 गिलास पानी में रात भर भिगो दें। सुबह पानी को उबालकर छान लें और गर्मागर्म पिएं।

### चुकंदर-गाजर का जूस

चुकंदर और गाजर दोनों ही विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट और बीटा-कैरोटीन से भरपूर होते हैं, जो इम्यून सिस्टम को बूस्टअप करने में मददगार है। अगर आप इस जूस का सेवन करते हैं तो लिवर को डिटॉक्स करने से लेकर रेड ब्लड सेल्स को बूस्ट करने और स्किन हेल्थ को बेहतर बनाने में मददगार है। इस जूस को बनाने के लिए 1 चुकंदर, 1 गाजर, आधा इंच अदरक और आधा नींबू का ररस पानी के साथ डालकर ब्लेंड करें।

# यूएई: रमज़ान में अब सिर्फ तीन घंटे काम



## आठ घंटे की शिफ्ट सिर्फ पांच से तीन घंटे ही चलेगी

**नई दिल्ली।** रमजान का पवित्रा महीने 1 मार्च से शुरू होने जा रहा है। पूरी दुनिया में इसको लेकर तैयारियां जारी हैं। इस पूरे महीने के दौरान मुसलमान रोजा रखते हैं, जिसमें वह करीब 13 से 14 घंटे बिना कुछ खाए-पिए रहते हैं। यूएई की सरकार ने इस मौके पर नौकरीपेशा लोगों के लिए खास कदम उठाया है। पोस्ट किए गए एक बयान में मंत्रालय ने कहा कि अपने काम की जरूरतों और प्रकृति के मुताबिक कंपनियां रमजान के दौरान काम के घंटों को कम कर सकती हैं। यूएई सरकार के बयान के मुताबिक यूएई में रमजान के दौरान 8 घंटे की शिफ्ट न होकर सिर्फ 5 से 3 घंटे की ही रहेगी। रमजान में शुक्रवार के दिन शिफ्ट 9 बजे से 12 बजे तक होगी और बाकी दिन 9 बजे से 2:30 पीएम तक काम किया जाएगा।



यूएई सरकार ने कंपनियों को अपने 70 फीसद स्टाफ को वर्क फ्रॉम होम देने की भी इजाजत दी है। ये सभी रियायतें देने के पीछे सरकार का मकसद रमजान के दौरान कर्मचारियों की प्रोडक्टिविटी और हेल्थ का ध्यान रखना है।

यूएई के अलावा सऊदी, कतर आदि ने भी ऐसे ही कदम उठाए हैं। सऊदी अरब में 10 बजे से 3 बजे तक ही दफ्तरों में काम होगा, वहीं भारत में भी कुछ राज्य सरकारों ने मुस्लिम कर्मचारियों के लिए काम के घंटों में कटौती की है। यूएई में इस साल लगभग 13 से 14 घंटों का रोजा होगा। जिसमें रोजेदार मुसलमान सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक बिना कुछ खाए और पिए रहते हैं। रमजान के दौरान मुसलमान नमाज, तरावीह और कुरआन भी पाबंदी से पड़ते हैं और गलत काम से परहेज करते हैं।



# AI ट्रम्प ने दिखाया भविष्य का गाजा

- एआई जनरेटेड वीडियो में मस्क-नेतन्याहू के साथ मस्ती करते नजर आए, ट्रम्प गाजा नाम दिया
- गाजा शहर में ऊंची-ऊंची इमारतें नजर आ रही हैं, केसीनों और बीच पर लोग डांस कर रहे
- हमास ने ट्रम्प द्वारा जारी वीडियो की निंदा की



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा का एक एआई जनरेटेड वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में गाजा में ऊंची-ऊंची इमारतें नजर आ रही हैं। केसीनों और बीच पर लोग डांस कर रहे हैं। ट्रम्प इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू और इलॉन मस्क के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं। दरअसल ट्रम्प कई बार कह चुके हैं कि वो गाजा को अमेरिकी कब्जे में लेकर वहां रिसार्ट सिटी बनाना चाहते हैं। ट्रम्प का कहना है कि यह पश्चिमी एशिया के लिए रोजगार और टूरिज्म का सेंटर बनेगा। उनका कहना है कि गाजा बारूदी सुरंगों और आतंकी गुफाओं से पटा पड़ा है। पूरे गाजा को समतल करके वहां इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप किया जाएगा। इजरायली पीएम ने ट्रम्प के इस प्लान का सपोर्ट किया है, जबकि मिडिल ईस्ट के कई देश इसका विरोध जता चुके हैं। वहीं चीन और ताइवान आमने-सामने हैं। हाल में अमेरिका ने ताइवान को शह दी है। दिसम्बर 2024 में ताइवान को अमेरिका ने अमेरिका ने हाल ही में ताइवान को 57.13 करोड़ डालर की सहायता दी है। अमेरिका ने 29 करोड़ डालर का हथियार भी ताइवान को बेचने की बात कही है। इसके बाद से ही ताइवान चीन के खिलाफ मुखर है। हाल ही में चीनी सैनिक समुंदर के भीतर ताइवान के केबल काट रहे थे, जिसे ताइवान ने पकड़ लिया। दोनों की सीमा पर अभी तनाव के माहौल है। अगर चीन ताइवान से उलझता है तो काफी पीछे चला जाएगा। ऐसा पहली बार नहीं है जब अमेरिका अपने दुश्मन को किसी ओर से जंग में उलझाकर अपने हित साध रहा हो। 2022 में बाइडेन ने इसी तरह यूक्रेन को शह देकर रूस से लड़वा दिया था। जिसके बाद रूस आर्थिक मोर्चे पर पिछड़ता गया और अमेरिका को खूब फायदा मिला है। अब ट्रम्प चीन के साथ कुछ ऐसा ही कर रहे हैं। पहले अमेरिका और रूस के बीच सैन्य ताकत के साथ-साथ आर्थिक ताकत की भी जंग चल रही थी। फिर रूस ने यूक्रेन पर हमला किया और अमे. रिका ने यूक्रेन की मदद कर उसके एक लंबे युद्ध में डाल दिया और तमाम तरह के आर्थिक प्रतिबंध भी लगाए। अब अमेरिका चीन के साथ भी कुछ ऐसा ही कर रहा है। चीन का ताइवान के साथ तनाव चरम पर है और अमेरिका ने ताइवान को हथियार और सुरक्षा गारंटी दी है, अगर चीन ताइवान पर हमला करता है, तो ताइवान अमेरिकी मदद से चीन के साथ लंबी लड़ाई लड़ेगा। दूसरी और ट्रम्प ने चीन पर 10 फीसद टैरिफ और लगा दिया है। ऐसे में चीन जंग और आर्थिक मोर्चे पर अमेरिका का मुकाबला नहीं कर पाएगा। ट्रम्प को भरोसे वाला दोस्त नहीं माना जाता है, उन्होंने यूक्रेन युद्ध में भी जेलेंस्की को अकेला छोड़ दिया है और अब रूस से वार्ता शुरू कर दी है।

## हमास ने ट्रम्प द्वारा साझा किए वीडियो की निंदा की

**गाजा।** हमास ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा साझा किए गए उस वीडियो की निंदा की है, जिसमें गाजा को समुद्र तटीय रिसोर्ट में बदलने के उनके दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया गया है। हमास ने उन पर फिलिस्तीनी अधिकारों और सांस्कृतिक पहचान की अनदेखी करने का आरोप लगाया। नैम ने एक बयान में कहा कि दुर्भाग्य से, ट्रम्प ऐसे विचारों को फिर से पेश कर रहे हैं जो फिलिस्तीनी लोगों की संस्कृति और हितों को ध्यान में नहीं रखते हैं। उन्होंने कहा कि गाजा का पुनर्निर्माण तब तक निरर्थक होगा, जब तक कि इजरायल द्वारा लगाए गए खुले जेल को समाप्त नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य जेल की स्थितियों में सुधार करना नहीं है। बल्कि कब्जे को समाप्त करना और इससे मुक्त होना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी वास्तविक प्रगति एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना से जुड़ी है।

# सैलरी न मिलने पर ओमान से नाव लेकर भागे भारतीय




जीपीएस की मदद से 3000 किमी का समुद्री सफर तय किया

कुल मिलाकर 6 दिन का सफर किया तय

बाद में कर्नाटक के उडुपी तट के पास पकड़े गए

**मस्कट।** ओमान में काम कर रहे तीन भारतीय सैलरी न मिलने से परेशान होकर भारत के लिए भाग निकले। देश वापस लौटने के लिए उन्होंने समुद्र का रास्ता चुना और एक नाव चुरा ली। उन्होंने नाव के जरिए 3000 किमी का सफर भी तय कर लिया था, लेकिन 6 दिन बाद भारतीय कोस्टगार्ड ने उन्हें कर्नाटक के उडुपी तट के पास पकड़ लिया गया। तीनों को सोमवार को उडुपी की अदालत में पेश किया गया था और जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस घटना की जानकारी अब सामने आई है। जेम्स फ्रैंकलिन मोसेस (50), राबिनस्टन (50) और डेरोज अल्फांसो (38) तमिलनाडु के रहने वाले हैं। तीनों ओमान में एक मछली पकड़ने वाली कंपनी में काम कर रहे थे। यहां उन्हें समय पर सैलरी नहीं मिल रही थी और उन्हें परेशान किया जा रहा था। ऐसे में तीनों ने घर वापस लौटने का मन बनाया, लेकिन ओमान की कंपनी ने इन लोगों का पासपोर्ट जब्त कर लिया था, इसलिए इनके पास घर लौटने के लिए समुद्र के रास्ते आने के अलावा कोई जरिया नहीं था। तीनों एक मछली पकड़ने वाली नाव लेकर भाग निकले। तीनों 17 फरवरी को दोपहर 3 बजे ओमान के पूर्वी हिस्से में दुकम बंदरगाह से निकले। 6 दिन का सफर तय कर 23 फरवरी को उडुपी के सेंट मैरी आईलैंड के पास नाव से भारतीय जलक्षेत्र में दाखिल हुए। ओमान की नाव देखकर एक लोकल मछुआरे ने इस बारे में तटीय सुरक्षा पुलिस को जानकारी दी। तीनों भारतीय इसी नाव की मदद से 3 हजार किमी का सफर करके भारतीय सीमा में पहुंचे थे। जानकारी मिलते ही भारतीय तटरक्षक और तटीय सुरक्षा पुलिस ने शाम करीब 4:30 बजे सेंट मैरी आईलैंड के पास से तीनों को पकड़ लिया। सभी पर पासपोर्ट एक्ट 1920 की धारा 3 और भारतीय समुद्री क्षेत्र एक्ट 1981 की धारा 10, 11 और 12 के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में सामने आया कि ये लोग सिर्फ एक जीपीएस डिवाइस की मदद से लगभग 3000 किलोमीटर का समुद्री सफर तय करके करवार तट के रास्ते सेंट मैरी द्वीप पहुंचे थे। तटीय सुरक्षा पुलिस के SP मिथुन HN ने इस मामले में किसी भी आतंकी एंगल से इन्कार किया है।

# एआई अपनाने में तेजी ला रहीं कंपनियां

**ऐसे में कंपनियों के लिए कुशल एआई प्रतिभाएं खोज पाना काफी टेढ़ी खीर साबित होगा। 98 प्रतिशत कारोबारियों का कहना है कि 2025 में एआई अपनाना उनकी प्राथमिकता है।**



**नई दिल्ली।** देश की अधिकांश कंपनियां आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) को अपनाने में तेजी ला रही है लेकिन कुशल प्रतिभाओं को पाना बहुत मुश्किल होता जा रहा है। दो साल बाद, जनरेटिव एआई एक चर्चा का विषय से एक व्यावसायिक अनिवार्यता में बदल गया है और भारतीय उद्योग इसकी क्षमता को अपना रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े पेशेवर नेटवर्क लिक्डइन के नए शोध के अनुसार भारत में 98 प्रतिशत कारोबारियों का कहना है कि 2025 में अपने संगठनों को एआई अपनाने में तेज़ी लाने में मदद करना उनकी रणनीतिक प्राथमिकता है। हालांकि, सही कौशल वाले प्रतिभाओं को ढूंढना एक चुनौती बनी हुई है।भारत में लगभग 5 में से 3 भर्तीकर्ताओं के लिए एआई और मानव कौशल का सही मिश्रण ढूंढना एक चुनौती है।

लिक्डइन शोध के अनुसार भारत में 54 प्रतिशत एचआर पेशेवरों ने बताया कि उन्हें मिलने वाले नौकरी के आवेदनों में से केवल आधे या उससे भी कम आवेदन सभी आवश्यक और पसंदीदा योग्यताओं को पूरा करते हैं। सही तकनीकी (61 प्रतिशत) और सॉफ्ट स्किल (57 प्रतिशत) वाले उम्मीदवारों को ढूंढना उनकी सबसे बड़ी भर्ती चुनौती बनी हुई है।

भारत में सबसे मुश्किल से मिलने वाले कौशल में तकनीकी/आईटी कौशल जैसे कि सॉफ्टवेयर विकास, इंजीनियरिंग (44 प्रतिशत), एआई कौशल (34 प्रतिशत) और संचार और समस्या-समाधान (33 प्रतिशत) जैसे सॉफ्ट स्किल शामिल हैं। कंपनियां 2025 में चुनिंदा भर्ती कर रही हैं। भारत में एचआर पेशेवरों ने यह भी कहा कि उन्हें ऐसे उम्मीदवारों से बहुत अधिक आवेदन (47 प्रतिशत) मिलते हैं जो उस भूमिका के लिए उपयुक्त नही हैं (41 प्रतिशत) और 2025 में वे अधिक चुनिंदा भर्ती कर रहे हैं। भारत में आधे से अधिक एचआर पेशेवरों का कहना है कि वे केवल उन उम्मीदवारों तक पहुंचने (55 प्रतिशत) और भर्ती (54 प्रतिशत) पर विचार करेंगे जो 80 प्रतिशत या उससे अधिक नौकरी योग्यताएं पूरी करते हैं। भारत में 10 में से 8 से अधिक (84 प्रतिशत) एचआर पेशेवर 2025 के लिए कर्मचारियों को नए कौशल विकसित करने में मदद करने को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हैं, जिसमें एआई (84 प्रतिशत) में कौशल विकास और संचार और सहयोग (82 प्रतिशत) जैसे आवश्यक सॉफ्ट स्किल पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह भावना भारत में सर्वेक्षण किए गए सभी (100 प्रतिशत) एल एंड डी पेशेवरों द्वारा दोहराई गई है, जो इस बात से सहमत हैं कि सॉफ्ट स्किल (जैसे रचनात्मकता, जिज्ञासा और संचार) तकनीकी विशेषज्ञता के समान ही महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं। लगभग आधे (48 प्रतिशत) भारतीय उद्योग का यह भी कहना है कि एआई प्रशिक्षण के लिए सीखने और विकास में निवेश करना अपनाने में तेज़ी लाने की कुंजी होगी।

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108